राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 19
लखनऊ, रविवार 27 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मूसलाधार बारिश के बीच भी नहीं थमी अफसरों की सुनवाई 10

अखिलेश यादव ने रामगोविंद चौधरी को दी अंतिम विदाई 03

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,830/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,100/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,660/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



# प्रदेश में जानलेवा हुई तूफानी बारिश, 42 की मौत

**आफत**

- एक दिन में सामान्य से 25 गुना ज्यादा बारिश
- लगातार बरसात में पांच मकान भी ढहे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरे दिन आंधी-बारिश का दौर जारी है। करीब 56 घंटे से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। तेज हवा, गरज-चमक और भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अलग-अलग हादसों में 42 लोगों की मौत और कई मकान गिरने की सूचना है। 20 जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को मौसम की हर चेतावनी पर तत्काल कार्रवाई और राहत-बचाव व्यवस्था सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं।

अलग-अलग जिलों में पेड़, कच्ची दीवार और मकान गिरने से अब तक 42 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। अवध क्षेत्र की 23 लोगों की जान गई है। वहीं बुंदेलखंड और मध्य यूपी में आठ लोगों मरने की खबर है। ब्रज में एक, वाराणसी में दो और गोरखपुर-बस्ती मंडल में आठ लोगों की मौतें हुई हैं।

बंगाल की खाड़ी में बने मौसम तंत्र और पश्चिमी विक्षोभ के बीच बने चक्रवाती प्रभाव से बारिश के तेवर और तीखे हुए हैं। मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के 60 जिलों में गरज-चमक, वज्रपात, तेज हवा और बारिश का अलर्ट जारी किया है। तराई के आठ जिलों–श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर में अतिवृष्टि का रेड अलर्ट है। बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और बदायूं में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इसके अलावा 39 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश का असर अभी बना रहेगा। 26 सितंबर को प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। बारिश का दौर 28 सितंबर तक जारी रह सकता है। इसके बाद मौसम में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका है। इससे पेड़, बिजली के खंभे और कच्चे मकानों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। कई इलाकों में जलभराव और स्थानीय बाढ़ जैसी स्थिति भी बनी है। राज्य के 32 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा जताया गया है।

बारिश की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ इलाकों में एक ही दिन में सामान्य से कई गुना अधिक वर्षा दर्ज हुई। मौसम विभाग के आंकड़े के मुताबिक कुछ स्थानों पर यह सामान्य से 25 गुना तक रही।



लखनऊ में लगातार हो रही बारिश के बाद जलमग्न सड़कों पर चलते वाहन चालक।

**चारधाम यात्रा रोकी**

भारी बारिश और खराब मौसम के चलते उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर असर पड़ा है। कई यात्रा मार्गों पर यातायात बाधित होने और भूस्खलन के खतरे को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। मौसम साफ होने और मार्ग सुरक्षित होने के बाद यात्रा व्यवस्था सामान्य किए जाने की उम्मीद है।

**अन्य 14 राज्यों में अलर्ट**

उत्तर भारत से मध्य भारत तक मौसम सक्रिय है। राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश, आंधी और गरज-चमक का अलर्ट जारी है। मध्य प्रदेश में 25-26 सितंबर को भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। राजस्थान में 27 सितंबर को कई जिलों में बारिश की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### चार अक्टूबर को ठाकरे बंधुओं का जनमोर्चा

**मुंबई।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चार अक्तूबर को मुंबई में संयुक्त जनमोर्चा निकालने का एलान किया है। दोनों नेताओं ने महाराष्ट्र के सभी राजनीतिक दलों और आम लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है। आयोजकों के मुताबिक मार्च का स्थान और समय बाद में घोषित किया जाएगा।

### टीबी की दवा अब नाक के रास्ते

**नई दिल्ली।** टीबी के इलाज के लिए सीएसआईआर-सीडीआरआई ने रिफाब्यूटिन और आइसोनियाजिड को मिलाकर नई दवा विकसित की है। इसे सांस के रास्ते सीधे फेफड़ों तक पहुंचाने की तैयारी है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विशेषज्ञ समिति ने मानव परीक्षण से पहले जानवरों पर सुरक्षा से जुड़े अतिरिक्त आंकड़े मांगे हैं। स्वस्थ लोगों पर पहले चरण का परीक्षण और अलग निगरानी बोर्ड बनाने की भी सिफारिश की गई है। इसके साथ एएलएस की दवा उसनॉफ्लास्ट के तीसरे चरण और पीसीओएस की यूट्रेग्लूटाइड के दूसरे चरण के मानव परीक्षण को आगे बढ़ाने की सिफारिश की गई है।

### छात्रों की सुरक्षा को 24 घंटे हेल्पलाइन की मांग

**नई दिल्ली।** सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना के बाद पीजी, किराये के फ्लैट और निजी छात्रावासों में रहने वाले छात्रों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में 24 घंटे हेल्पलाइन और नियमित सुरक्षा जांच की व्यवस्था की मांग की गई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज के छात्र शिवांश कालिया ने अधिवक्ता आशु बिधूड़ी के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसमें कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और बड़े छात्र एवं कोचिंग केंद्रों में 'स्टूडेंट अकोमोडेशन एडवाइजरी एंड मॉनिटरिंग कमेटी' बनाने का सुझाव भी दिया गया है।

### शादी से नाबालिग की उम्र 18 साल नहीं हो जाती

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि शादी होने से नाबालिग की उम्र नहीं बढ़ जाती। अदालत ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत शादी वैध होने का दावा भी 18 वर्ष से कम उम्र की पत्नी के साथ यौन संबंध को पॉक्सो और भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई से छूट नहीं देता। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक व्यक्ति की एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि 16 साल की लड़की शादी के बाद भी 16 साल की ही रहती है और उसकी सहमति पॉक्सो अपराध को खत्म नहीं करती।

### डॉक्टरों को दो साल सेवा देनी होगी

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सरकारी मेडिकल संस्थानों में रियायती दर पर पोस्टग्रेजुएट चिकित्सा शिक्षा लेने वाले डॉक्टरों को दो साल की अनिवार्य सरकारी सेवा के बॉन्ड से राहत देने से इनकार किया है। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की पीठ ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर पोस्टिंग में देरी होने से डॉक्टर की सेवा की जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। अदालत ने कहा कि बॉन्ड का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

### स्पेशल 32 संभालेंगे क्राइम सीन

**लखनऊ।** अपराध जांच को वैज्ञानिक और साक्ष्य आधारित बनाने के लिए यूपी पुलिस के 32 चुनिंदा अधिकारियों को फोरेंसिक साइंस और क्राइम सीन मैनेजमेंट की विशेष मास्टर ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे पहले छह चरणों में 600 पुलिस अधिकारियों को 40-40 दिन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# एशियाड में भारत को एक दिन में दो गोल्ड

**कबड्डी में भारत का डबल धमाका महिला व पुरुष टीमों ने जीता सोना**

**हमारे खाते में 4 स्वर्ण, 11 रजत और 13 कांस्य समेत 28 पदक**



एशियन गेम्स में शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने के बाद राष्ट्रीयध्वज के साथ खुशियां मनाती भारतीय महिला कबड्डी टीम।

**एजेंसियां, नागोया।**

एशियन गेम्स में शनिवार भारत के लिए स्वर्णिम दिन रहा। कबड्डी में भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने ईरान को हराकर एक ही दिन में दो स्वर्ण पदक जीत लिए। महिला टीम ने ईरान को 37-34 से और पुरुष टीम ने 40-34 से हराकर खिताब अपने नाम किया। भारत ने इससे पहले महिला टी-20 क्रिकेट और निशानेबाजी की मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीता था। कबड्डी के दो स्वर्ण पदकों के साथ भारत की पदक संख्या 28 पहुंच गई है। भारत के खाते में अब चार स्वर्ण, 11 रजत और 13 कांस्य पदक हैं।

महिला कबड्डी फाइनल में भारत और ईरान के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। भारतीय टीम ने पहले हाफ में 22-16 की बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में ईरान ने जोरदार वापसी करते हुए अंतर कम किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम क्षणों में संयम बनाए रखा। भारत ने 37-34 से जीत दर्ज कर स्वर्ण अपने नाम किया। यह एशियन गेम्स में महिला कबड्डी में भारत का चौथा स्वर्ण है।

इसके बाद पुरुष कबड्डी फाइनल में भी भारत और ईरान आमने-सामने थे। मुकाबले की शुरुआत में ईरान ने भारतीय टीम को कड़ी चुनौती दी। पहले हाफ में ईरान 18-17 से आगे था। दूसरे हाफ में भारत ने खेल की दिशा बदल दी और 30-24 की बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार अंक जुटाते हुए मुकाबला 40-34 से अपने नाम कर लिया। पुरुष कबड्डी में यह भारत का नौवां एशियन गेम्स स्वर्ण है।

**अन्य स्पर्धाओं में भी मिले पदक**

शनिवार को अन्य स्पर्धाओं में भी पदक हासिल किए। पुरुष मैराथन में सावन बरवाल ने रजत पदक जीता। यह एशियन गेम्स मैराथन में भारत का लंबे अंतराल के बाद पदक रहा। महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में आशी चौकसे, तिलोत्तमा सेन और विदर्सा विनोद ने रजत पदक अपने नाम किया। मिश्रित युगल स्क्वैश में जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार ने कांस्य पदक जीता।

### शहबाज की धमकी-सिंधु का पानी रोका तो जंग जैसा मानेंगे



**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र में भारत को सिंधु नदी के पानी को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने, बाधित करने या मोड़ने की किसी भी कोशिश को 'युद्ध की कार्रवाई' माना जाएगा। उन्होंने भारत से कहा कि वह इसे लेकर कोई गलती न करे। शहबाज ने सिंधु नदी प्रणाली को पाकिस्तान और पूरे क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी बताया। उन्होंने भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित रखने के फैसले को कानूनी आधार से रहित बताया। भारत ने अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि को स्थगित रखने की घोषणा की थी। नई दिल्ली का कहना है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को रोकने के सत्यापन योग्य कदम उठाए जाने तक यह स्थिति बनी रहेगी।

# मोदी से मिले योगी, नबीन संग भी मंथन

**राजकाज**

- पीएम से भेंट: विकास परियोजनाओं व आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा
- भाजपा अध्यक्ष से राज्यसभा-एमएलसी चुनाव पर विचार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ/नई दिल्ली।**



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिह्न देते सीएम योगी आदित्यनाथ।

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे ने प्रदेश की सियासत में हलचल बढ़ा दी है।

शनिवार को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर करीब एक घंटे मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी भेंट की। प्रधानमंत्री से मुलाकात में प्रदेश की विकास परियोजनाओं और आने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई, जबकि भाजपा अध्यक्ष से भेंट को संगठन और निकट भविष्य में होने वाले राज्यसभा व विधान परिषद चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री अपने साथ उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित उन परियोजनाओं की सूची भी लेकर पहुंचे, जिनका आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पण या शिलान्यास प्रस्तावित है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री के उत्तर प्रदेश दौरे से जुड़े कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट की।

मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने इंटरनेट मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन नए उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए उन्हें नई ऊर्जा देता है। मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा ऐसे समय हुआ है जब प्रदेश में राज्यसभा और विधान परिषद के चुनाव का कार्यक्रम घोषित हो चुका है।

# चुनाव आयोग की बैठक में कई फैसले

- एसआईआर में नाम कटा तो घर जाकर नाम जुड़वाएंगे अफसर
- कैबिनेट सचिव को भेजा गया पत्र नीति या आईटी से जुड़ा नहीं

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**





नई दिल्ली में शनिवार को दोनों चुनाव आयुक्तों के साथ बैठक करते ज्ञानेश कुमार।

चुनाव आयोग को लेकर चल रहे विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ दोनों चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की बैठक हुई। चुनाव आयोग ने कई मुद्दों पर अपना पक्ष साफ किया और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कई फैसले भी लिये। आयोग ने कहा कि कैबिनेट सचिव को भेजा गया पत्र आयोग की किसी नीति या आईटी विभाग से जुड़ा नहीं था, बल्कि आयोग की प्रतिनियुक्ति पर आये एक अधिकारी के कामकाज से संबंधित था।

चुनाव आयोग ने एसआईआर पर मतदाताओं को राहत देने वाला अहम कदम उठाया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची से छूट गया है तो वह फार्म-6 के जरिए नाम शामिल कराने का दावा कर सकता है। जरूरत पड़ने पर निर्वाचन अधिकारी संबंधित मतदाता के घर जाकर दस्तावेज भी एकत्र करेंगे और उन्हें आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। दावे पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी तय प्रक्रिया के तहत निर्णय करेंगे।

निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर के तीन चरणों में अब तक 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से 13.37 करोड़ नाम हटे हैं।

यह संख्या एसआईआर से पहले के मतदाता आधार की करीब 14.1 प्रतिशत है। आयोग ने अलग-अलग राज्यों में मृत, स्थानांतरित, दोहरे या अन्य कारणों से अपात्र पाए गए नामों की जांच के बाद प्रारूप सूची तैयार की है। प्रारूप सूची में नाम हटना अंतिम रूप से मताधिकार समाप्त होना नहीं है; पात्र मतदाता निर्धारित अवधि में दावा कर सकता है।

### वृद्धाश्रम में हैं विनोद कांबली, वीडियो शेयर कर बताई हालत



**एजेंसी, मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली इन दिनों एक केयर सेंटर में रह रहे हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसे वृद्धाश्रम का बताया जा रहा है। वीडियो में कांबली खुद सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए वहां मिल रही सुविधाओं और साफ-सफाई की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो में उनकी आवाज और बोलने का अंदाज लड़खड़ाता हुआ दिखाई दे रहा है। इसे देखकर उनके प्रशंसक उनकी सेहत को लेकर चिंतित हो गए और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वीडियो में कांबली कहते हैं, मैं हूं विनोद कांबली... और मैं कहां हूं? किधर हूं? निदान में हूं। इसके बाद वह कहते हैं कि उन्हें यहां बहुत अच्छी सुविधाएं मिली हैं। सेंटर की स्वच्छता की तारीफ करते हुए उन्होंने इसे बेहतर बताया। कांबली ने आगे कहा कि उन्हें यहां कभी ऐसा महसूस नहीं होता कि वह अपने घर पर नहीं हैं।

# 2027 का वर्ल्ड कप मेरा आखिरी होगा: विराट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि 2027 का वनडे विश्व कप उनके लिए आखिरी विश्व कप होगा। कोहली ने कहा कि उनका लक्ष्य विश्व कप जीतना है और इसके लिए वह मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने के साथ सबकुछ दांव पर लगाने के लिए तैयार हैं।

37 वर्षीय कोहली ने कहा, ÷मैं मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देना चाहता हूं। लक्ष्य बिल्कुल साफ है- वर्ल्ड कप जीतना।÷ उन्होंने यह भी संकेत दिया कि 2027 में होने वाला विश्व कप उनके अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। कोहली अब केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने 2024 में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। इसके बाद 2025 में टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया। ऐसे में वनडे ही उनका एकमात्र अंतरराष्ट्रीय प्रारूप है। विराट कोहली अब तक चार वनडे विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

**विश्व पर्यटन दिवस** | **अयोध्या-काशी से प्रयागराज-मथुरा तक उमड़ा सैलाब**

# देसी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बना उत्तर प्रदेश

- 2024 में 64.91 करोड़ पर्यटक आगमन
- घरेलू पर्यटकों के मामले में देश में यूपी नंबर एक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



आस्था, संस्कृति, इतिहास और विरासत ने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में नई पहचान दी है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी के घाट और मंदिर, मथुरा-वृंदावन की कृष्णभक्ति, प्रयागराज का महाकुंभ और आगरा का ताजमहल देश-दुनिया के पर्यटकों को लगातार खींच रहे हैं। पर्यटन मंत्रालय के 2024 के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में 64.68 करोड़ घरेलू पर्यटक आगमन दर्ज हुआ। यह देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। घरेलू पर्यटक आगमन में यूपी की हिस्सेदारी करीब 21.94 प्रतिशत रही। विदेशी पर्यटक आगमन भी 22.69 लाख रहा। कुल मिलाकर प्रदेश में करीब 64.91 करोड़ पर्यटक आगमन दर्ज हुआ।

पर्यटन की यह तस्वीर केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। ताजमहल और आगरा की मुगलकालीन विरासत, लखनऊ की नवाबी संस्कृति, कुशीनगर और श्रावस्ती का बौद्ध महत्व, गंगा के घाट और ब्रज की सांस्कृतिक विरासत भी उत्तर प्रदेश के पर्यटन को व्यापक आधार दे रहे हैं।

वाराणसी 2024 में करीब 11.01 करोड़ पर्यटक आगमन के साथ प्रदेश के सबसे बड़े पर्यटन केंद्रों में शामिल रही। उत्तर प्रदेश पर्यटन के आंकड़ों के अनुसार 2014 से जुलाई 2026 तक काशी में 52.71 करोड़ पर्यटक आगमन दर्ज हुआ है। इसमें 52.40 करोड़ भारतीय और करीब 30.95 लाख विदेशी पर्यटक शामिल हैं।

2024 में मथुरा में करीब 9.01 करोड़ और प्रयागराज में 5.13 करोड़ पर्यटक आगमन दर्ज हुआ। 2025 के महाकुंभ ने प्रयागराज को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत किया। राज्य सरकार के अनुसार महाकुंभ में करीब 66.30 करोड़ आगमन दर्ज हुआ। इसे आयोजन की कुल आवाजाही के रूप में देखा जाना चाहिए, इसे अलग-अलग व्यक्तियों की संख्या नहीं माना जा सकता।

**अयोध्या बनी सबसे बड़ी नई तस्वीर**

राममंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी। 2024 में अयोध्या में करीब 16.44 करोड़ पर्यटक आगमन दर्ज हुआ, जबकि 2023 में यह संख्या करीब 5.76 करोड़ थी। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, पटना और दरभंगा समेत कई शहरों से हवाई संपर्क बढ़ने से अयोध्या की पहुंच भी आसान हुई है।

# मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही, किसान बर्बाद

समृद्धि न्यूज
सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।



तहसील क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही अनवरत मूसलाधार बारिश और तेज आंधी ने भारी तबाही मचाई है। जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ ही किसानों की पकी-पकाई धान,गन्ना और केला की फसलें बर्बाद हो गई हैं।

वहीं कस्बा बदोसराय समेत दर्जनों जगह विशाल पेड़ और विद्युत पोल गिरने से यातायात ठप और बिजली गुल हो गई है।किसान संगठनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया है।तेज हवा के झोंकों से अगेती धान की पकी बालियां जमीन पर गिरकर चटाई की तरह बिछ गई हैं। किसान राहुल कुमार,ललित कुमार यादव, गोले, राजित राम,परशुराम, श्रवण कुमार, धर्मेंद्र वर्मा, पूर्णमासी वर्मा, महेश वर्मा, सर्वेश वर्मा, कोटवाधाम के गबिने गौतम, अरियामऊ के बब्लू सिंह, सहजनी के स्वतंत्र सिंह, रानीपुरवा के राजपाल यादव, मुड़िया डीह प्रधान दिग्विजय सिंह, सनांवा के सुधीर सिंह आदि ने बताया कि यह बारिश कमर तोड़ने वाली है।भारतीय अवस्थी किसान संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी और बहुजन किसान मजदूर संगठन ने मुख्यमंत्री से सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

- एसडीएम ने गिरे पेड़ हटवाकर खुलवाए बंद रास्ते

कस्बा बदोसराय में विशालकाय नीम का पेड़ आबादी में गिर गया लोग बाल-बाल बचे।पेड़ की चपेट में विद्युत पोल टूट गया, लाइन क्षतिग्रस्त होने से सप्लाई बंद करनी पड़ी। पुरानी बाजार बदोसराय में बेंचू के घर के पास पेड़ गिरने से खंभा ध्वस्त हो गया। बदोसराय-सिरौलीगौसपुर मार्ग पर अमरुदही बाग के पास, बदोसराय-कुन्तेश्वरधाम-अमरा कटेहरा मार्ग पर मुर्गी फार्म के पास और सफदरगंज-बदोसराय मार्ग पर भी यूकेलिप्टस के पेड़ गिरने से आवागमन ठप हो गया। सूचना पर एसडीएम सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी के साथ मौके पर पहुंचे, वन क्षेत्राधिकारी रामनगर को सूचित किया। वन उप क्षेत्राधिकारी दीपक गौड़ के नेतृत्व में टीम ने पेड़ कटवाकर सड़क साफ कराई और बाधित आवागमन चालू कराया।करोरा गांव में गिरा पेड़ भी हटवाया गया। पूरे क्षेत्र में दर्जनों पोल टूटने से बिजली विभाग बहाली में जुटा है।

### बारिश से धान की फसल चौपट, बिजली आपूर्ति ठप



मसौली। तेज हवाओं के साथ पिछले 36 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में तैयार धान की फसल गिर गई है, जिससे कटाई प्रभावित होने के साथ उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका है। कई खेतों में पानी भरने से धान के फसल में ही अंकुरित होने का खतरा बढ़ गया है। तेज हवाओं के कारण क्षेत्र में पेड़ और बिजली के खंभे टूटने से करीब दो सैकड़ा गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और घरेलू कामकाज में परेशानी हो रही है। हाईवे व संपर्क मार्गों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित है। वहीं तालाबों और जलभराव के चलते कई गांवों में घरों में पानी घुस गया है। बारिश जारी रहने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

# जिले में खराब मौसम को लेकर डीएम अलर्ट

- आपदा की सूचना तुरंत दें- कंट्रोल रूम
- 05252-230132, टोल फ्री 1077 जारी
- वर्षाजनित घटनाओं पर कड़ी निगरानी

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

खराब मौसम और लगातार हो रही भारी वर्षा को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने कहा कि बारिश, आंधी-तूफान या आकाशीय बिजली के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि, पशुहानि, मकान या फसल क्षति, जलभराव, बाढ़ अथवा अन्य घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि घटना की सूचना तत्काल व्हाट्सऐप ग्रुप पर उपलब्ध कराने के साथ ही जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कंट्रोल रूम नंबर 05252-230132 और टोल फ्री नंबर 1077 पर भी अवगत कराया जाए।

डीएम ने भारी बारिश और आंधी-तूफान से सड़कों पर गिरने वाले पेड़ों को तत्काल हटवाकर आवागमन सुचारु कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तहसील प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर क्षतिग्रस्त मकानों, फसलों, पशुओं और जनहानि का सर्वे कर मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करने को कहा है, ताकि प्रभावित लोगों को जल्द राहत उपलब्ध कराई जा सके। वहीं विद्युत विभाग को खराब मौसम से क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करने और प्रतिकूल मौसम में पूरी सतर्कता बरतने को कहा है।

### तेज हवा-बारिश से नेपालगंज-गोंडा रेल यातायात ठप

तेज हवा और बारिश के चलते नेपालगंज–गोंडा रेल सेक्शन में कई जगह पेड़ गिरने से रेल यातायात बाधित हो गया।
रिसिया–बहराइच और रिसिया–मटेरा के बीच रेलवे ट्रैक तथा बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से गाड़ी संख्या 14214 नेपालगंज–वाराणसी ट्रेन रिसिया स्टेशन पर कई घंटे से खड़ी है।
इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम बलभद्रपुर के चमारनपुरवा के पास यूकेलिप्टस का पेड़ बिजली के तार पर गिर गया, जबकि उचवापुरैनी के पास रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने की सूचना है। स्टेशन मास्टर अमरेश सिंह ने बताया कि कई स्थानों पर ट्रैक और विद्युत लाइन प्रभावित हुई हैं। रेलवे कर्मचारी पेट्रोलिंग कर पेड़ हटाने और यातायात बहाल करने में जुटे हैं।

## खबरें एक नजर में

### बारिश में इमली का पेड़ गिरा, बुजुर्ग की मौत



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** शुक्रवार रात तेज बारिश के दौरान मऊ गांव में छप्पर पर इमली का पेड़ गिरने से उसके नीचे सो रहे तीन लोग दब गए। हादसे में 82 वर्षीय लाल बहादुर वर्मा की मौत हो गई, जबकि उनके भतीजे शिवप्रसाद वर्मा (57) और परमानंद वर्मा (52) घायल हो गए। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से तीनों को बाहर निकाला। अस्पताल ले जाते समय लाल बहादुर ने दम तोड़ दिया। दोनों घायलों का उपचार चल रहा है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम संस्कार में पहुंचे। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि राजस्व टीम से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवार को नियमानुसार सहायता दी जाएगी।

### बारिश में आम का पेड़ गिरने से दूध कारोबारी की मौत



**बेलहरा, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के झबरापुर गांव के पास शनिवार को बारिश और तेज हवा के दौरान आम का पेड़ बाइक सवार दूध कारोबारी संजय कुमार वर्मा (35) पर गिर गया। पेड़ के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। संजय सीतापुर के महमूदाबाद क्षेत्र के मानापुर निवासी थे और गांवों से दूध खरीदकर बेचते थे। हादसे की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दैवीय आपदा के तहत आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। मृतक के परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। वहीं बेलहरा कस्बे में चिलवल का विशाल पेड़ सड़क पर गिरने से आवागमन बाधित रहा। अन्य स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली लाइनें भी क्षतिग्रस्त हुईं और देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

### दीवार गिरने से महिला की दबकर मौत

**कैसरगंज-बहराइच।** खराब मौसम के बीच थाना कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलखा में शनिवार सुबह करीब 8 बजे तेज हवाओं और बारिश के कारण दीवार गिरने से एक महिला की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ननकई पुत्री बोधे, उम्र करीब 50 वर्ष, पत्नी कुंतीलाल अपने पुत्र आलोक के साथ घर में रह रही थीं। इसी दौरान पास स्थित मकान की दीवार अचानक गिर गई, जिसके नीचे दबकर ननकई गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल और कैसरगंज पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

### विशेश्वरगंज में 72 घंटे से बिजली गुल

**बहराइच।** विशेश्वरगंज क्षेत्र में लगातार बारिश और तेज तूफान से जनजीवन बेहाल है। कई गांवों में करीब 72 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। बालापुर के कम्युनिस्ट नगर में विशाल पेड़ गिरने से ट्रांसफार्मर और विद्युत पोल टूट गए, जिससे राम प्रकाश की ढाबली क्षतिग्रस्त हो गई। पूरेशिवसहाय के मजरा मरवटिया में 16 और 25 केवी के दो ट्रांसफार्मर पोल समेत टूटकर गिर गए, जिससे करीब 80 घरों की बिजली गुल है। वहीं कुरसहा के अमृती में गूलर का पेड़ राम पाल गौतम के पक्के मकान पर गिर गया। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। विशेश्वरगंज-इकौना मार्ग पर पेड़ और विद्युत पोल गिरने से घंटों आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों ने पेड़ हटाकर मार्ग साफ कराया। उधर, लगातार बारिश और तेज हवा से खेतों में खड़ी धान की फसल जमीन पर बिछ रही है। किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है। किसानों ने फसल क्षति का सर्वे कराकर राहत दिलाने की मांग की है।

### नहीं भुलाना चाहिए बुजुर्गों का योगदान : डॉ दिनेश सिंह



**बाराबंकी।** श्री अनिल कुमार ओझा मेमोरियल एजूकेशनल ट्रस्ट गोरखपुर एवं वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय भयारा रोड मसौली एवं परिजनों द्वारा अलग अलग स्मृति शेष अम्मा वीणा ओझा की पुण्यतिथि पर डॉ दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये गए तथा वृद्धाश्रम में यूटीएल कम्पनी का इन्वर्टर बैटरा दान किया गया। जिससे सभी बहुत प्रसन्न हुए। प्रातः वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय मसौली में स्मृति शेष अम्मा वीणा ओझा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। दोपहर में भुहेरा सफेदाबाद स्थित वृद्धाश्रम में श्री अनिल कुमार ओझा मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा सभी को भोजन कराया गया। परिजनों ने उपहार वितरित किये गए। इस अवसर पर मयंक ओझा तथा नीलम ओझा ने प्रेषित संदेश में कहा कि बच्चों को वृद्धाश्रम जरूर दिखाना चाहिए ताकि बुजुर्गों के महत्व को बचपन से ही समझ सकें। भोजन कराने के बाद डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि वृद्धजनों के योगदान को कभी भुलाना नहीं चाहिए। श्री सिंह ने कविवर प्रदीप सारंग की पंक्ति पढ़ते हुए उपस्थित सभी वृद्ध माता पिताओं को नमन किया कि- हमारे जीवन को बुजुर्गों ने मिलकर सँवारा है। जिस धरती पर हम आज खड़े हैं हम, कल इन्होंने ही कई बार बुहारा है। वृद्धाश्रम प्रबन्धक कमलेश रावत ने अपने को बहुत सौभाग्यशाली कहा जो ऐसे सेवाभावी कार्य का दायित्व मिला है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लेखाकार सत्येंद्र कुमार मौर्य, भंडार प्रभारी शैलेन्द्री तिवारी, केयर टेकर राजलक्ष्मी वर्मा, भावना शुक्ला, ममता अवस्थी, उत्कर्ष राजवंशी, तथा सुशीला देवी, शीला देवी, शिवशंकर, सुशील कुमार, रोशनी सिंह, संजय, राजरानी, सुषमा, सहजादा बानो उपस्थित रहे।

# करंट हादसे में पिता-बेटियों की मदद के लिए पहुंची वानर सेना

- संरक्षक अजीत ने लगाई मदद की गुहार
- 6.30 लाख जुटाए वानर सेना ने भी दिए पचास हजार

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

महसी विधानसभा क्षेत्र के गदामार गांव में हुए दर्दनाक करंट हादसे में किसान राजबहादुर सिंह और उनकी दो मासूम बेटियां पारुल व प्राची जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही हैं। गंभीर रूप से झुलसे तीनों को लखनऊ के शारदा नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका आईसीयू में उपचार चल रहा है।

परिजनों के अनुसार, तीनों की हालत गंभीर है और चिकित्सकों ने जटिल ऑपरेशन एवं इलाज के लिए करीब 50 लाख रुपये खर्च का अनुमान बताया है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के सामने इलाज का खर्च जुटाना बड़ी चुनौती बन गया है। संकट की इस घड़ी में देवदूत वानर सेना परिवार की मदद के लिए आगे आई है। संस्था के संरक्षक अजीत सिंह की पहल पर अब तक करीब 6.30 लाख रुपये की सहायता राशि जुटाई जा चुकी है। वहीं वानर सेना ने अपने कोष से तत्काल 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की है। अजीत सिंह ने जनमानस से परिवार की मदद की अपील करते हुए कहा कि अस्पताल में एक परिवार की सांसें इलाज के लिए आर्थिक सहायता का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि बहराइच का प्रत्येक नागरिक अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करे तो परिवार को इलाज के लिए आवश्यक सहायता मिल सकती है। सहयोग जुटाने में आयुष्मान सिंह, आयुष सिंह जनवार (अधिवक्ता), उत्कर्ष सिंह (समाजसेवी, मिहींपुरवा) और अमन की विशेष भूमिका रही।

# 47 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों ने डीएम से की भेंट

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



डॉ. राम मनोहर लोहिया उ.प्र. प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी लखनऊ द्वारा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा के 188 परिवीक्षाधीन अधिकारियों का 91वां आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत उ.प्र. राज्य के सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक अवस्थापना सम्बन्धी शैक्षणिक एवं औद्योगिक परिदृश्य से परिचित कराने के आशय से उ.प्र. अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के तहत 47 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के दल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट की गई। प्रशिक्षु अधिकारियों में खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ), सहायक कर अधिकारी (एटीओ), जीएसटी तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सहित विभिन्न पदों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी शामिल रहे।

शिष्टाचार भेंट के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत किया तथा परिचय प्राप्त करते हुए आकांक्षात्मक जनपद बहराइच की भौगोलिक परिस्थिति, दर्शनीय एवं पर्यटन स्थलों तथा नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों में अर्जित की गई उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहाकि जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। डीएम ने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में अधिकारी का दायित्व केवल कार्यालय तक सीमित नहीं होता, बल्कि क्षेत्र में जाकर आमजन की समस्याओं को समझना और उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। डीएम ने प्रशिक्षु अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसुनवाई की व्यवस्था के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को करीब से समझने तथा क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया जाना चाहिए।इस दौरान प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों ने जिलाधिकारी से प्रशासनिक अनुभव, कार्यशैली एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से संबंधित जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभवों को भविष्य में अपने दायित्वों के निर्वहन में उपयोगी बनाने की बात कही। जिलाधिकारी ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बरियावन प्रकरण: 10 आरोपी गिरफ्तार

- कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : एसपी
- इंस्पेक्टर, उपनिरीक्षक सहित दो सिपाही निलंबित

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

बरियावन बाजार में 20 सितंबर की रात जेसीबी से गरीब परिवारों के आशियाने गिराए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सख्त कार्रवाई की है। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, पुलिस की भूमिका की जांच के बाद एक इंस्पेक्टर, दो उपनिरीक्षक और दो सिपाहियों को निलंबित किया गया है।

पुलिस के अनुसार, कुछ लोगों की खतौनी की जमीन के सामने गरीब परिवार वर्षों से रह रहे थे। आरोप है कि सड़क से जमीन का सीधा संपर्क बनाने के उद्देश्य से जेसीबी लगाकर उनके मकान गिराए गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी स्वयं मौके पर पहुंचीं और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक स्कॉर्पियो और तीन जेसीबी मशीनें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल चौधरी, इंद्रजीत वर्मा, विशाल वर्मा, मो. साजिद, बृजेश कुमार उर्फ बंटी वर्मा, कृपा राम वर्मा, संजय वर्मा, दिलीप कुमार उर्फ गोलू, सिकंदर यादव और राजीव वर्मा उर्फ छठीराम शामिल हैं। एसपी ने कहा कि कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और भूमिका की जांच जारी है। पुलिस फरार आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी भी कर रही है।

# सरकारी आवास योजनाओं के बीच कच्ची छत में कमला देवी

- खाना बनाते समय भरभराकर गिरी छत
- मलबे में दबी 65 वर्षीय महिला
- गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट।



सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाएं चला रही है, लेकिन भवनियापुर खेवली गांव की 65 वर्षीय कमला देवी की जिंदगी अब भी कच्ची छत के भरोसे थी। शनिवार दोपहर खाना बनाते समय अचानक यही छत भरभराकर उनके ऊपर गिर पड़ी।

महिला मलबे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गईं। सवाल यह है कि क्या यह परिवार सरकारी आवास के लिए पात्र नहीं था या फिर पात्र होने के बावजूद पक्के घर की सूची तक नहीं पहुंच सका?

### एक हादसा, कई सवाल

कमला देवी के ऊपर गिरी छत सिर्फ मिट्टी और खपरैल का मलबा नहीं थी, बल्कि यह उन परिवारों की मजबूरी भी सामने लाती है जो आज भी पक्के मकान के इंतजार में कच्चे घरों में रह रहे हैं। सवाल यह भी है कि गांवों में आवास योजना के सर्वे और पात्रता जांच के बावजूद ऐसे परिवारों की पहचान कैसे नहीं हो पाती? क्या कमला देवी का परिवार आवास योजना का पात्र है? अगर पात्र है तो अब तक पक्का मकान क्यों नहीं मिला? और अगर पात्र नहीं है तो इसकी वजह क्या है? बारिश और कमजोर होती कच्ची छतों के बीच ऐसे हादसों का खतरा बना रहता है। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन सिर्फ हादसे के बाद राहत तक सीमित न रहे, बल्कि गांव में जर्जर और कच्चे मकानों की स्थिति का भी सर्वे कर जरूरतमंद परिवारों तक आवास योजना का लाभ पहुंचाए। अब देखना यह है कि कमला देवी के घायल होने के बाद प्रशासन इस परिवार की सुध लेता है या फिर पक्का मकान पाने का इंतजार यूं ही चलता रहेगा।

पिपरिहा मजरे भवनियापुर खेवली गांव निवासी कमला देवी पत्नी स्वर्गीय नागेश्वर शनिवार दोपहर करीब 12 बजे घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान कच्ची छत अचानक ढह गई। छत का मलबा महिला के ऊपर आ गिरा और वह उसमें दब गईं। हादसे के बाद घर में चीख-पुकार मच गई।

आवाज सुनकर बेटा और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मलबा भारी होने के कारण महिला को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

ग्रामीणों ने किसी तरह मलबा हटाकर कमला देवी को बाहर निकाला और गंभीर हालत में सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एमडी परीक्षा में डॉक्टर रियाज को प्रदेश में मिला पहला स्थान

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

जिले के डा. रियाज ने तीन साल पढ़ाई कर एमडी (डाक्टर आफ मेडिसिन) की पढ़ाई कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिस पर लखनऊ में उन्हें उप मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। फखरपुर के टेड़वा महंत के सेमरी निवासी डा. रियाज अहमद एमबीबीएस चिकित्सक हैं। उन्होंने तीन वर्ष एमडी की पढ़ाई की। परीक्षा परिणाम आने पर उन्हें पूरे प्रदेश में पहला स्थान मिला है। जिस पर 23 सितंबर को उन्हें लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्मानित किया। इसको लेकर परिवारजन के साथ चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों में हर्ष है। मालूम हो कि चिकित्सक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से प्राप्त की। इसके बाद चौधरी सियाराम इंटर कालेज फखरपुर से शिक्षा ग्रहण कर किसान पीजी कालेज से स्नातक की। आगे की पढ़ाई उन्होंने गुरु गोरखनाथ आयुष महाविद्यालय से संबद्ध राजकीय तकमील उत्तिम यूनानी मेडिकल कालेज से एमडी

# टूटा घर, बिखरा परिवार, सरकार से मकान की आस

- बुलडोजर से मकान ढहे हो चुके दस माह
- चार बच्चों की जिम्मेदारी अकेले उठा रहा पिता

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।



बरियावन में हाल में हुई बुलडोजर कार्रवाई के बाद पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर हुई कार्रवाई ने अरिया बाजार निवासी महेंद्र सिंह के परिवार की करीब दस माह पुरानी पीड़ा को फिर सामने ला दिया है। परिवार का आरोप है कि 13 दिसंबर 2025 को पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में दबंगों ने बुलडोजर से उनका मकान ढहा दिया था। घटना के बाद से परिवार न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। मौजूदा समय में महेंद्र सिंह अपने चार बच्चों के साथ जर्जर मकान में रहने को मजबूर हैं। बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है और मकान की हालत ऐसी है कि परिवार को हर समय उसके गिरने का डर बना रहता है।

परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मकान की मरम्मत कराना भी संभव नहीं हो पा रहा है। खराब मौसम में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ जाती है। कई बार बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए रिश्तेदारों और ननिहाल भेजना पड़ा। महेंद्र सिंह के सामने एक ओर बच्चों की पढ़ाई जारी रखने की चुनौती है तो दूसरी ओर परिवार के लिए सुरक्षित छत की जरूरत। दोनों जिम्मेदारियां आर्थिक तंगी के कारण मुश्किल होती जा रही हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ता मनोज कुमार सिंह के मुताबिक, महेंद्र सिंह की पत्नी सुनीता सिंह का 22 जुलाई 2026 को निधन हो गया। पत्नी के निधन के बाद चार बच्चों की पूरी जिम्मेदारी अब महेंद्र सिंह के कंधों पर है।

जर्जर मकान में बच्चों की सुरक्षा, उनके भोजन, पढ़ाई और भविष्य की चिंता ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। परिवार के बच्चों की स्थिति भी आर्थिक संकट को बयां करती है। गौरव सिंह (24) ने हाईस्कूल तक पढ़ाई की है। राज सिंह (20) सातवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़कर दिल्ली में नौकरी करने लगे हैं। कु. अर्पिता सिंह (22) आर्थिक तंगी के बावजूद पढ़ाई जारी रखने का प्रयास कर रही हैं, जबकि कु. अंकित सिंह (17) कक्षा 11 में पढ़ रही हैं। परिवार का कहना है कि आर्थिक मजबूरी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और भविष्य को लेकर चिंता बनी हुई है।

### टूटी छत के नीचे बच्चों के भविष्य की चिंता

महेंद्र सिंह के लिए यह केवल मकान का विवाद नहीं है। पत्नी के निधन के बाद वह चार बच्चों के अकेले अभिभावक हैं। जर्जर छत के नीचे बारिश और खराब मौसम में बच्चों को सुरक्षित रखना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। मकान की हालत को देखते हुए परिवार को हर समय किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। परिवार का कहना है कि यदि जल्द सुरक्षित आवास की व्यवस्था नहीं हुई तो बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो सकती हैं। आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि नया मकान बनवाया या मौजूदा भवन की पर्याप्त मरम्मत कराई जा सके।

### सरकार से न्याय की आस

करीब दस माह से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे महेंद्र सिंह के सामने आज भी सबसे बड़ा सवाल सुरक्षित छत का है। पत्नी के निधन के बाद बच्चों की जिम्मेदारी अकेले उठा रहे महेंद्र सिंह चाहते हैं कि उनके मामले की निष्पक्ष जांच हो और परिवार को न्याय मिले। एक बच्चा पढ़ाई छोड़कर दिल्ली में नौकरी कर रहा है, बेटी आर्थिक तंगी के बीच पढ़ाई जारी रखने का प्रयास कर रही है और छोटी बेटी कक्षा 11 में पढ़ रही है। ऐसे में परिवार की निगाहें अब सरकार और जिला प्रशासन पर टिकी हैं। महेंद्र सिंह को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी करीब दस माह पुरानी पीड़ा को सुनेगा और उनके बच्चों को सुरक्षित छत, शिक्षा तथा भविष्य के लिए जरूरी सहायता उपलब्ध कराएगा।

### बुजुर्ग पर लाठी-डंडों से हमला, सिर में आई गंभीर चोट

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** दुलहदेपुर मजरे मुन्नुकपुरवा गांव में जमीन के विवाद को लेकर तीन लोगों ने बुजुर्ग रामशंकर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि घर पहुंचने के बाद भी आरोपी पीछा करते हुए अंदर घुस आए और मारपीट की। हमले में रामशंकर के सिर में गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे संदीप और अशोक से भी मारपीट की गई। पुलिस ने रामदेव, गंगादीन और रेखा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ सौरभ श्रीवास्तव ने कार्रवाई की पुष्टि की।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ बेटी को भी पीटा, न्याय की आस

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।

सुमेरगंज कस्बे में घर में घुसकर महिला से अभद्रता और मारपीट के आरोप में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

महिला का आरोप है कि 10 जून की रात मुकेश वर्मा दो साथियों के साथ घर में घुसा और पति के बारे में पूछताछ करने के बाद गाली-गलौज व अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और कपड़े भी फट गए।

मां को बचाने पहुंची बेटी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। सीओ सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त हाउस अरेस्ट

- अम्बेडकरनगर में सपा विधायक के घर पुलिस का पहरा

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।



प्रतापगढ़ में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के मामले ने अब अम्बेडकरनगर में भी सियासी हलचल बढ़ा दी है। प्रतापगढ़ पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त को अकबरपुर पुलिस ने उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया।

विधायक के घर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाने से राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गईं। सपा का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को प्रतापगढ़ के मोलनापुर पहुंचकर मृतक के परिवार से मुलाकात करने वाला था। पार्टी ने घटना की जानकारी लेकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपने की बात कही है। त्रिभुवन दत्त के हाउस अरेस्ट की कार्रवाई को लेकर सियासी सवाल भी उठने लगे हैं। विपक्षी दल के प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार तक पहुंचने से रोकने की कार्रवाई ने मामले को महज पुलिस जांच तक सीमित न रखकर राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया है। प्रतापगढ़ के पट्टी क्षेत्र में युवक शैलेश गौतम उर्फ अर्जुन की पुलिस हिरासत में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। घटना के बाद परिवार और स्थानीय लोगों में आक्रोश सामने आया। मामले में पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है।

अब अम्बेडकरनगर में विधायक के घर पुलिस की मौजूदगी ने सवाल खड़ा कर दिया है कि प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार से मिलने से रोकने की जरूरत क्यों पड़ी? सपा इसे राजनीतिक मुद्दा बनाती है या मामला प्रशासनिक स्तर पर ही सीमित रहता है, इस पर निगाहें टिकी हैं।

# ई-केवाईसी के लिए आधार केंद्र के नहीं लगाने होंगे चक्कर

**सहूलियत**
- राशन दुकान पर ही पूरी होगी प्रक्रिया
- आधार में बदलाव होने पर ही केंद्र जाने की जरूरत

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



राशन कार्ड की ई-केवाईसी कराने के लिए आधार केंद्रों पर उमड़ रही भीड़ के बीच विभाग ने लाभार्थियों को राहत दी है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक राशन कार्ड धारक को ई-केवाईसी के लिए आधार केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। जिन लाभार्थियों का आधार के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रमाणीकरण हो रहा है, वे अपनी ई-केवाईसी संबंधित राशन दुकान अथवा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पूरी करा सकते हैं। विभाग के अनुसार आधार प्रमाणीकरण सफल होने पर अलग से आधार केंद्र जाकर आधार अपडेट कराने की आवश्यकता नहीं है। केवल उन्हीं लाभार्थियों को आधार केंद्र जाना होगा, जिनके आधार में नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन अथवा अपडेट की जरूरत है। इससे बिना जरूरत आधार केंद्रों पर पहुंचने वाले लोगों की भीड़ कम होगी और लाभार्थियों का समय भी बचेगा।

### एलपीजी उपभोक्ताओं को 30 तक करानी होगी केवाईसी

दूसरी ओर, एलपीजी सिलिंडर पर सब्सिडी का लाभ लेने वाले प्रदेश के 50 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी जरूरी है। इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के अनुसार बड़ी संख्या में पात्र उपभोक्ताओं ने अभी तक केवाईसी पूरी नहीं कराई है। कंपनियों ने इसके लिए 30 सितंबर तक समयसीमा तय की है।

**एक अक्टूबर से असर:** समयसीमा तक केवाईसी नहीं कराने वाले पात्र उपभोक्ताओं की सब्सिडी प्रभावित हो सकती है। अब तक प्रदेश में एक करोड़ 20 लाख 35 हजार उपभोक्ता ई-केवाईसी करा चुके हैं। कंपनियों की ओर से लगातार उपभोक्ताओं को प्रक्रिया पूरी कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। एलपीजी उपभोक्ता अपनी संबंधित गैस कंपनी के मोबाइल एप के माध्यम से केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने की जानकारी ले सकते हैं। अधिकृत गैस एजेंसी से भी केवाईसी कराई जा सकती है। प्रक्रिया में किसी तरह की समस्या होने पर उपभोक्ता अपनी गैस एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं। कंपनियों ने उपभोक्ताओं से अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करने और समय रहते केवाईसी पूरी कराने की अपील की है।

### दो जरूरी बातें

राशन कार्ड: आधार प्रमाणीकरण सफल है तो राशन दुकान से ही ई-केवाईसी कराएं। आधार में संशोधन की जरूरत होने पर ही आधार केंद्र जाएं।
एलपीजी: सब्सिडी का लाभ लेने वाले उपभोक्ता 30 सितंबर तक केवाईसी पूरी कर लें। एक अक्टूबर से केवाईसी नहीं कराने वालों की सब्सिडी प्रभावित हो सकती है।

# अखिलेश यादव ने रामगोविंद चौधरी को दी अंतिम विदाई



- बोले- समाजवादी आंदोलन को बड़ी क्षति
- दयाशंकर समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी को शनिवार को अंतिम विदाई दी गई। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अखिलेश यादव भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि रामगोविंद चौधरी का निधन समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति है। उनके जाने से पार्टी ने एक अनुभवी और संघर्षशील नेता खो दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि रामगोविंद चौधरी ने समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए लंबे समय तक काम किया। वह सदन में गरीबों, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों की आवाज मजबूती से उठाते रहे। उनके निधन से समाजवादी आंदोलन को हुई क्षति की भरपाई आसान नहीं होगी।

रामगोविंद चौधरी के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। सभी ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिवार के प्रति संवेदना जताई।

प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी रामगोविंद चौधरी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी का राजनीतिक जीवन लंबे सार्वजनिक संघर्ष और जनसेवा से जुड़ा रहा। विभिन्न दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भी उनके निधन पर दुख जताया।

रामगोविंद चौधरी लंबे समय तक समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे। वह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली। सदन में उनके भाषण और जनहित के मुद्दों पर मुखर रुख के कारण उनकी अलग पहचान थी।

शनिवार को अंतिम विदाई के दौरान समर्थकों ने उन्हें नम आंखों से याद किया। नेताओं ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान और समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### लगातार बारिश से जल निकासी ठप, घरों में भरा पानी

**लखनऊ।** शुक्रवार से जारी बारिश के बीच शनिवार को कई इलाकों में पानी भर गया। रहीमाबाद स्थित चांदपुर गांव में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जल निकासी की सही व्यवस्था न होने से बरसात का पानी दर्जनों घरों में घुस गया है। प्यारेलाल, अमृतलाल, टुनटुन, संदीप, प्रदीप, गोविंद, पुष्पा, मुंशीलाल और अनीता सहित कई लोगों के घरों में पानी भर गया है। इससे गांव वाले काफी परेशान हैं और ठंड का एहसास भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के नाले साफ नहीं हैं और उन पर अतिक्रमण भी हो गया है। इस वजह से पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है। घरों में दूषित पानी जमा होने से मकानों के अचानक गिरने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या को दूर करने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### चम्पत राय की भूमिका की विवेचना की मांग

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि धनराशि प्रकरण की पुलिस चार्जशीट के पृष्ठ 47 में अंकित तथ्यों के आधार पर यूपी के डीजीपी को पत्र भेजकर इस मामले में चम्पत राय की भूमिका की गहन विवेचना की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पृष्ठ 47 पर दर्ज चम्पत राय के बयान के अनुसार, उन्हें 04 जून 2026 की रात लगभग 10 बजे व्हाट्सऐप पर कथित चोरी से संबंधित वीडियो और संदेश प्राप्त हुआ तथा 05 जून 2026 को लगभग 12 बजे उन्हें एक अन्य वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें गणना कक्ष में धनराशि निकालने की घटना दिखाई गई थी। अमिताभ ठाकुर ने विशेष रूप से यह जांच किए जाने की मांग की है कि चम्पत राय ने संबंधित पुलिस अथवा सक्षम अधिकारियों को कब और किस प्रकार सूचना दी तथा प्राथमिकी में विलंब क्यों हुआ। उन्होंने विवेचना में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर चम्पत राय का विधिक उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधि के अनुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### भगत सिंह जयंती पर होगा विशेष कार्यक्रम

**लखनऊ।** भारतीय सिख संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह विर्क द्वारा आज यूपी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल आयोजित होने वाला विशेष कार्यक्रम इस बार राजधानी लखनऊ में 30 सितंबर 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में आयोजित किया जाएगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह विर्क ने बताया कि इस संगठन को अपने लोगों की हर तरीके से मदद करने के उद्देश्य से बनाया गया है। 30 सितंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश भर सिख समाज से जुड़ी कई बड़ी हस्तिया शामिल होगी। कार्यक्रम में सिक्ख समाज से जुड़ी विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज के कमजोर वर्ग की आवाज को सरकार तक पहुंचाना ही इस संगठन का मुख्य लक्ष्य है।प्रेस वार्ता में सरदार जसबीर सिंह विर्क प्रेसिडेंट भारतीय सिख संगठन सरदार मानसिंह कोषाध्यक्ष सरदार पाल सिंह लखीमपुर प्रेसिडेंट सरदार गुरपाल सिंह सीतापुर प्रेसिडेंट सरदार करनैल सिंह, लखविंदर सिंह, तरसीम सिंह, ज्ञानी दलजीत सिंह, जरनैल सिंह पलविन्दा सिंह,जगरूप सिंह, भूपिंदर सिंह, हरमीत सिंह पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** राजधानी में ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक साल पहले उसकी शादी हुई थी। ससुरालवालों से विवाद के बाद युवक ने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मड़ियांव में सेमरागौढी निवासी अभिषेक गोस्वामी (22) ई-रिक्शा चलाता था। भाई हिमांशु ने बताया कि शुक्रवार रात काम से लौटा। घर में खाना पीना खाकर अपने कमरे में चला गया। काफी देर बाहर नहीं आया तो परिवार देखने गया। जहां कमरे में फंदे के सहारे लटका मिला। फंदे से लटका देख आनन फानन में उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अभिषेक की एक साल पहले कम्मो से शादी हुई थी। शादी के बाद थोड़ा बहुत झगड़ा होता था। शुक्रवार को किसी बात को लेकर साले आर्यन से विवाद हुआ था। इसके बाद आत्महत्या कर ली। वहीं मामले में पुलिस का कहना है शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। शिकायत और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### कच्चा मकान गिरने से पिता व बेटा-बेटी मलबे में दबे

**लखनऊ।** राजधानी में बारिश के चलते एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। हादसे के दौरान घर के अंदर परिवार के साथ मौजूद पिता मलबे में दब गया। पिता, बेटा और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला और मलिहाबाद सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के चौना गांव में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे किसान सुरेश (50) अपने बेटे रजनेश और बेटी सलोनी (18) के साथ कच्चे मकान में बैठे थे। इसी दौरान अचानक मकान भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए मलबा हटाने का काम शुरू किया और तीनों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी पुलिस और प्रशासन को भी दी गई। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को पुलिस की गाड़ी से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तीनों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

# मतदाता सूची को पारदर्शी व कानून के अनुरूप होनी चाहिए : अभय

- कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल
- मतदाता सूची फैसलों में पारदर्शिता की मांग

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




उत्तर प्रदेश में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' और राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने संयुक्त प्रेस वार्ता में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर कई सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र में नागरिक के मताधिकार का आधार है, इसलिए इसमें बदलाव की प्रक्रिया पारदर्शी और कानून के अनुरूप होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने मार्च 2023 में उच्चतम न्यायालय के अनूप बरनवाल मामले में दिए फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान पीठ ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और मुख्य न्यायाधीश की समिति की व्यवस्था की थी। हालांकि, दिसंबर 2023 में बने कानून में मुख्य न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय मंत्री को चयन समिति में शामिल किया गया।

कांग्रेस के अनुसार, फरवरी 2025 में ज्ञानेश कुमार की मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असहमति नोट दर्ज किया था। प्रेस वार्ता में आयोग के भीतर कथित मतभेदों का भी मुद्दा उठाया गया।

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि पिछले दस महीनों में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने विभिन्न निर्णयों पर कम से कम 14 लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। इनमें नए मतदाताओं को जोड़ने, मतदाता सूची से नाम हटाने और सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था से जुड़े मुद्दे शामिल बताए गए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने दावा किया कि तीन चरणों में 13.98 करोड़ नाम हटाए गए और 5.43 करोड़ मतदाताओं को अतिरिक्त दस्तावेजों के नोटिस दिए गए। फार्म-6 में किए गए बदलाव की वैधानिकता पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया कि चुनाव नियमों में संशोधन के बिना नई अनिवार्य शर्तें जोड़ना गंभीर विषय है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत शक्तियां प्राप्त हैं, लेकिन इनका प्रयोग संसद द्वारा बनाए कानूनों और नियमों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने मतदाता सूची से जुड़े निर्णयों में पारदर्शिता और संस्थागत सहमति सुनिश्चित करने की मांग की।

# अब मां के दूध में भी पाए गए खतरनाक रसायन

- केजीएमयू में किए गए अध्ययन के जरिए हुआ खुलासा
- कीटनाशकों के इस्तेमाल का बिगड़ता स्वास्थ्य

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



अब मां का दूध भी नवजात के लिए खतरनाक हो सकते हैं। ताजा अध्ययन में मां के दूध में भी खतरनाक केमिकल पाए गए हैं। अभी तक सबसे सुरक्षित और पौष्टिक आहार माना जाता है। हालांकि, अब इसमें भी जहरीले रसायनों की मौजूदगी सामने आई है।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में हुए अध्ययन में स्तनपान करा रहीं महिलाओं के नमूनों में अफ्लाटॉक्सिन एम1 और ओक्राटॉक्सिन जैसे रसायनों के साथ हानिकारक धातुएं भी मिली हैं। यह अध्ययन जर्नल ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी में सितंबर में प्रकाशित हुआ है।

अध्ययन में स्तनपान करा रहीं 100 महिलाओं के दूध के नमूनों की विष विज्ञान संस्थान में जांच कराई गई। इनमें से 96 फीसदी नमूनों में ओक्राटॉक्सिन और 73 प्रतिशत में अफ्लाटॉक्सिन एम1 रसायन मिला। अफ्लाटॉक्सिन एम1 दुधारु पशुओं में दूषित चारा खाने और ओक्राटॉक्सिन फफूंद से पैदा होने वाला जहरीला रसायन है। फफूंद से पैदा होने वाले अन्य रसायनों जियरालेनोन, अल्फा-जियरालेनोल और बीटा-जियरालेनोल की मौजूदगी भी महिलाओं के दूध में मिली है।

ये सभी हानिकारक रसायन भोजन और अन्य स्रोतों से शरीर में पहुंच रहे हैं और दूध के माध्यम से नवजात तक भी पहुंचने की आशंका है। इन रसायनों से नवजात की किडनी, लिवर समेत अन्य अंगों पर असर पड़ने का खतरा है।

यह अध्ययन डॉ. पायल मंडल, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. इशरत जहां सैफी, डॉ. राज बाजपेयी, डॉ. मारिया नसीम, डॉ. सुमिता दीक्षित, डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अखिलेश के यादव, डॉ. संजीव वर्मा और डॉ. कौसर महमूद अंसारी ने किया है।

# आलमबाग पेट्रोल पंप पर लगी आग, कर्मचारी के हाथ झुलसे

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

आलमबाग के कोहली पेट्रोल पंप पर शनिवार दोपहर आग लग गई। कर्मचारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने में सहयोग किया। हादसे में पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी के दोनों हाथ झुलस गए। उधर, चौक इलाके में एक बंद दुकान में आग लग गई, जिसे चौक की दमकल टीम ने शटर तोड़कर कुछ देरी में बुझा लिया।

आलमबाग चंदर नगर के एसबीआई मोड़ के पास कोहली पेट्रोल पंप पर शनिवार दोपहर डेढ़ बजे डीजल टैंक के बगल में बने छोटे टैंक में बारिश का पानी भर गया था। पानी को पेट्रोल पंप का कर्मचारी बाल्टी से बाहर निकाल रहा था।

इसी दौरान इसी टैंक में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे वहां लगी लोहे की रॉड में चिंगारी निकली। तुरंत ही आग की लपटें उठने लगी। कर्मचारियों ने वहां लगे अग्निशमन उपकरणों से आग बुझानी शुरू की। साथ ही यूपी 112 और फायर पुलिस को सूचना दी। मौके पर आलमबाग थाने की चंदर नगर भिलावां पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी और आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची।

जब तक दमकल पहुंची। उतनी देर में सूझबूझ दिखाते हुए पेट्रोप पंप के कर्मचारियों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया था।

आग बुझाने के दौरान आग की लपटों की चपेट में आकर पेट्रोल पंप कर्मचारी सूरज (26) के दोनों हाथ झुलस गए। साथ ही पेट्रोल पंप पर लगी होर्डिंग भी जल गई। आलमबाग फायर स्टेशन से पहुंचे दमकलकर्मियों ने पूरी तरह से आग बुझाई। पुलिस और पंप कर्मचारी झुलसे सूरज को लेकर निजी अस्पताल गए, जहां पर उसको प्राथमिक इलाज देकर छुट्टी दे दी गई। समय रहते आग बुझने से बड़ा हादसा टल गया।

### चौक में बंद दुकान में भड़की आग

चौक के चौपटिया रोड स्थित हयात नर्सिंग होम के पास एक बंद दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों और राहगीरों ने फायर पुलिस को सूचना दी। मौके पर चौक फायर स्टेशन से दमकलकर्मी पहुंचे। दमकलकर्मियों ने पहले शटर का ताला तोड़ा। शटर को कटर से काटा। फिर किसी तरह शटर के नीचे से हौज पाइप डालकर आग बुझाना शुरू किया। दमकलकर्मियों के मुताबिक शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगी थी, जिसे कुछ ही देर में पूरी तरह से काबू पा लिया गया। अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। दुकान बंद होने से कोई जनहानि नहीं हुई।

# विजिबिलिटी कम होने से पांच विमान डायवर्ट

- चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर प्रभावित रही फ्लाइट्स

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




राजधानी लखनऊ के साथ पास के जिलों में लगातार बारिश के कारण शुक्रवार देर रात से चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की विजिबिलिटी बहुत कम हो गई। लो विजिबिलिटी शनिवार को भी जारी रहने के कारण फ्लाइट्स प्रभावित हैं।

दूसरे शहरों और देशों से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचकर पायलटों को रनवे साफ नहीं दिख रही है। इसके कारण पांच विमानों को दूसरे शहरों को डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान शनिवार सुबह तक लखनऊ पहुंचे। रात भर यात्री विमानों में फंसे रहें। इसी तरह शुक्रवार को एक विमान निरस्त रहा।

दिल्ली, गोवा, हैदराबाद से आने वाले विमानो को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद विजिबिलिटी कुछ सही होने पर विमान 6ई 6811 रात 12:34 बजे, 6ई 903 रात 3:05 बजे, आईएक्स 1541 रात 3:14 बजे, 6ई 6167 सुबह 4:51 बजे और 6ई 6479 सुबह 4:43 बजे लखनऊ उतरा।

इंदौर से आने वाला विमान 6ई 7422 को निरस्त कर दिया गया। इस कारण लखनऊ से 6ई 7629 को भी निरस्त किया गया।

### 40 घंटे से बारिश, सैकड़ों गांवों की बिजली गुल

**समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद-लखनऊ।** क्षेत्र में करीब 40 घंटे से तेज हवाओं के साथ हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मलिहाबाद और रहीमाबाद विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े सैकड़ों गांवों में बिजली आपूर्ति ठप है। तेज हवाओं के कारण कई जगह बिजली के खंभे गिरने और तार टूटने से विभाग को फॉल्ट तलाशने में परेशानी हो रही है। बिजली न आने से घरों में लगे समरर्सिबल और पानी की टंकियां बंद हैं, जिससे पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। मोबाइल फोन चार्ज न होने से लोगों को संपर्क करने में भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द बिजली आपूर्ति बहाल न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**संभावना** | बांसडीह में बढ़ी सक्रियता, 2027 की दावेदारी को लेकर चर्चा

# रामगोविंद चौधरी की विरासत संभालेंगे बेटे रंजीत!

- अंतिम फैसला सपा नेतृत्व करेगा
- पिता की बीमारी के दौरान बढ़ी सक्रियता

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी के निधन के बाद बांसडीह विधानसभा क्षेत्र में उनकी राजनीतिक विरासत को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सबसे अधिक चर्चा उनके बेटे रंजीत चौधरी की सक्रियता को लेकर है। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच सवाल उठ रहा है कि क्या रंजीत 2027 के विधानसभा चुनाव में पिता की राजनीतिक विरासत संभालते हुए सपा के संभावित दावेदार होंगे।

हालांकि, अभी उनकी उम्मीदवारी को लेकर सपा की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। पार्टी नेतृत्व ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी के चयन पर अंतिम निर्णय करेगा।

रामगोविंद चौधरी के अस्वस्थ रहने के दौरान ही रंजीत चौधरी की क्षेत्र में सक्रियता बढ़ने लगी थी। वह सपा के कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों में नजर आते रहे। बांसडीह विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क और स्थानीय कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी लगातार चर्चा में रही है। सितंबर में बांसडीह में सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा की बैठक में भी रंजीत चौधरी मौजूद रहे थे। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई थी। इसके बाद भी रंजीत पार्टी के स्थानीय कार्यक्रमों में सक्रिय दिखाई दिए।

25 सितंबर को नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य के बांसडीह पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में रंजीत चौधरी भी उनके साथ पहुंचे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उनकी लगातार मौजूदगी को क्षेत्र में राजनीतिक सक्रियता बढ़ने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। रामगोविंद चौधरी बांसडीह की राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहे। वह सपा सरकार में मंत्री रहे और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली।

क्षेत्र में उनकी मजबूत राजनीतिक पहचान रही है। ऐसे में उनके निधन के बाद स्वाभाविक रूप से परिवार की राजनीतिक भूमिका को लेकर चर्चा शुरू हुई है। फिलहाल रंजीत चौधरी की सक्रियता को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्सुकता है, लेकिन 2027 में बांसडीह से सपा का प्रत्याशी कौन होगा, इसका निर्णय पार्टी नेतृत्व को करना है। आने वाले समय में रंजीत की क्षेत्रीय सक्रियता और संगठन में भूमिका इस चर्चा को और दिशा दे सकती है।

# आवासीय क्षेत्र को बदलकर कर सकेंगे कमर्शियल

- भू-उपयोग बदलने की व्यवस्था में किया गया बदलाव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



शहरों में अवैध निर्माण कम करने के लिए भू-उपयोग बदलने की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां करने वाले अब भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क देकर उसे बदलवा सकते हैं। आवास विभाग ने इसके लिए उत्तर प्रदेश नगर योजना ओर विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण) नियमावली में व्यवस्था कर दी गई है।

शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण सबसे बड़ी समस्या है। बिना भू-उपयोग बदलवाए लोग उस पर निर्माण करा लेते हैं। ऐसे मामलों में कोर्ट के गंभीर रुख के बाद उसे बाद में तोड़ा जाता है। मेरठ की घटना ने शासन को सोचने के लिए मजबूर किया है। इसीलिए लोगों को राहत देते हुए नियमावली में संशोधन किया गया है। नई नियमावली के आधार पर लोगों अपनी भूमि का भू-उपयोग कम शुल्क पर परिवर्तन करा सकते हैं। खासकर कृषि भूमि को किसी भी उपयोग के लिए कम कीमत पर बदलवाया जा सकता है। कृषि से आवासीय, उद्योग, व्यवसायिक, कार्यालय व मिश्रित भू-उपयोग में कराया जा सकेगा।

आवासीय से व्यावसायिक निर्माण इसके साथ ही आवासीय से व्यावसायिक कराने की सुविधाएं भी लोगों को दी गई हैं। इसके लिए शुल्क भी कम किया गया है। शासन द्वारा जारी नियमावली को विकास प्राधिकरणों को जल्द अपने यहां बोर्ड की बैठक में रखते हुए पास कराया जाएगा। इसके बाद उसे लागू करते हुए भू-उपयोग बदलने की व्यवस्था लागू करनी होगी। आवासीय से व्यावसायिक करते समय सड़कों की चौड़ाई के मानक का ध्यान जरूर रखना होगा। विकास प्राधिकरण भू-उपयोग बदलने से पहले सर्वे कराएंगे और मानक पूरा करने वालों का ही भू-उपयोग बदला जाएगा।

# लगातार बारिश बनी आफत, फसलें जलमग्न

## किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें, सड़कों पर पानी

समृद्धि न्यूज



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में पिछले कई घंटों से लगातार हो रही बारिश आम जनमानस के लिए परेशानी का सबब बन गई है। तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, जबकि कुछ जगहों पर दीवारें गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

कई लोगों के टीनशेड तेज हवा के झोंकों में उड़ गए। लगातार बारिश और तेज हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

बारिश का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में पानी भर जाने से खरीफ की फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। तेज हवा के कारण कई खेतों में गन्ने की फसल गिर गई है। वहीं तिलहन की फसल भी पानी में डूबने लगी है। धान के खेतों में भी पानी भर जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि पानी जल्द नहीं निकला तो फसलों की उपज प्रभावित हो सकती है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई स्थानों पर खेतों में जलभराव के कारण फसलों की स्थिति खराब दिखाई दे रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो खेतों में खड़ी फसलों को और नुकसान हो सकता है। खासकर गन्ने की फसल गिरने से किसानों को कटाई और उत्पादन दोनों स्तर पर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लगातार बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों पर भी कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कच्चे मकानों और कमजोर दीवारों वाले परिवारों में भी बारिश को लेकर चिंता बनी हुई है। मौसम के बदले मिजाज ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

लोगों ने प्रशासन से जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था कराने और नुकसान का जायजा लेने की मांग की है।

# डीएम ने किसानों की फसल क्षति का सर्वे करने के दिए निर्देश



समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** जनपद में हो रही भारी बारिश के दृष्टिगत डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी संबंधित अधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने यह निर्देश दिए कि अगले 24 घंटे के अंदर सभी लेखपालों के माध्यम से किसान की फसल की क्षति का सर्वे करके पोर्टल पर फीड कर दिया जाए और उसके तत्काल बाद किसानों को फसल की क्षति का मुआवजा प्रदान किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन किसानों को उनकी क्षति को शासनादेश के अनुसार भरपाई करने के लिए तत्पर है।

## खबरें एक नजर में

### बारिश के दृष्टिगत ईओ ने किया रात्रिकालीन निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जनपद में रेड अलर्ट एवं लगातार हो रही भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद पुवायां की अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा के द्वारा नगर क्षेत्र में रात्रिकालीन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर के प्रमुख स्थलों एवं जलभराव की संभावित जगहों का जायजा लिया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि बारिश के कारण रात्रि के समय कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने एवं जल निकासी की व्यवस्था पर विशेष निगरानी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन की टीम भी उपस्थित रही। ईओ ने कहा कि नगर पालिका परिषद के नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वो निरंतर तत्पर है।

### नाबालिग बेटी को भगा ले जाने में पिता व दो बेटों को किया नामजद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** एक ग्रामीण ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर गलत नियत से ले जाने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ नमाजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता का आरोप है कि बीती 24/25 सितंबर की रात में गांव खानपुर हकीम पुर निवासी कुलदीप पुत्र सुनील उसकी 16 वर्षीय बेटी को अपने छोटे भाई प्रदीप उर्फ नन्हे के साथ अपने पिता सुनील सिंह पुत्र रामपाल सिंह की सहमति से उसका यौन शोषण व बलात्कार करने के लिये बहला फुसलाकर लेकर चला गया । बेटी के जाने की जानकारी होने पर उसने खोजबीन की तो गांव में लगे सीसीटीवी कैमरो मे उसकी बेटी को ले जाते हुये देखा गया है ।

## धान समेत कई फसलों को भारी नुकसान किसानों को तत्काल राहत की मांग

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिले में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और तेज आंधी से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रभावित किसानों का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विधायक ने बताया कि ददरौल विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगातार बारिश और तेज आंधी से खेतों में पककर तैयार खड़ी धान, मक्का, गन्ना और तिल की फसलों को नुकसान पहुंचा है। तेज आंधी के कारण धान की फसल खेतों में गिर गई है। जलभराव से दाने काले पड़ने और फसल सड़ने का खतरा भी बढ़ गया है। विधायक के मुताबिक प्रारंभिक आकलन में किसानों को करीब 80 से 90 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। कटाई के ठीक पहले आई बारिश ने किसानों की कई माह की मेहनत और पूंजी पर संकट खड़ा कर दिया है। विधायक अरविंद कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री से प्रभावित किसानों को राज्य आपदा राहत कोष से तत्काल आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीकृत किसानों को प्राथमिकता से क्लेम दिलाने तथा प्रभावित किसानों के कृषि ऋण की वसूली तत्काल स्थगित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को हुए नुकसान का शीघ्र सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाए।

# यूथेरा पोएट्री का मुशायरा व सम्मान समारोह संपन्न

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



यूथेरा पोएट्री के बैनर तले एक मुशायरा व सम्मान समारोह पधारो म्हारे गांव फैमिली हॉल इमली रोड कैंट में संपन्न हुआ। लखनऊ के सुखनदान ओपन माइक चैप्टर 3 और दिल्ली के अदबी संगम टैलेंट सर्च 2026 शायरी के कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शाहजहाँपुर के शायरों के सम्मान में मुशायरा और सम्मान समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन 'ज्ञान' ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन शायर इशरत सग़ीर ने किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कटरा के सीनियर शायर उस्मान आबिद और तिलहर के अनुभवी शायर शमशाद आतिफ़ तिलहरी के साथ दिल्ली से आई शायरा तमन्ना अली मौजूद रहीं।

मुशायरे में वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन 'ज्ञान', शायर इशरत सग़ीर, कवि पीयूष शर्मा, कवि विकास शर्मा 'पारस', शायर शमशाद आतिफ़ तिलहरी, शायरा तमन्ना अली, शायर अब्बाद अफ़्फ़ान, शायर सिफ़त कटरवी, शायर उस्मान आबिद, शायर साजिद सफदर, कवि विकास सोनी 'ऋतुराज', शायर रेहान ताबिश, शायर फरीद अहमद फरीद, शायर शरीफ आलम कटरवी और शायर फैजान तिलहरी ने अपनी-अपनी रचनाएं पेश कीं। कार्यक्रम के संयोजक शायर इशरत सग़ीर और यूथेरा पोएट्री के फाउंडर इंजीनियर आमिर ख़ान ने दिल्ली व लखनऊ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शायर उस्मान आबिद, शायर साजिद सफदर, कवि विकास सोनी 'ऋतुराज', शायर रेहान ताबिश, शायर फरीद अहमद फरीद, शायर शरीफ आलम कटरवी और शायर फैजान तिलहरी को शॉल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनीस ख़ान,रिज़वान सग़ीर, मोहसिन हैदर, मो. चांद, मोहम्मद याक़ूब, लकी सहित कई श्रोता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आयोजन में मंत्री जी की चाय का विशेष सहयोग रहा।

# औद्योगिक इकाइयों के श्रमिकों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मैसर्स केआर पेपर मिल्स लिमिटेड पिपरोला में मुख्य अतिथि विधायक ददरौल अरविंद सिंह की उपस्थिति में श्रमिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

केआर पेपर मिल लिमिटेड पिपरौला एवं आस पड़ोस की औद्योगिक इकाइयों के श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विधायक अरविंद सिंह ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां और सेवा संकल्प अभियान के बारे मे विस्तार से बताया तथा प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विकास परक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्र के विकास के लिए उद्योग के स्थापना पर जोर दिया और अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधायक द्वारा श्रम विभाग द्वारा संचालित मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना एवं कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृत पत्रों का वितरण किया गया। शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज चिकित्सा विभाग एवं ईएसआईसी के डॉक्टर उपस्थित रहे। डॉक्टरों द्वारा सभी श्रमिकों का बीपी, शुगर,नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण आदि सभी शारीरिक जांच नि:शुल्क कराई गई।

कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश सिंह,नागेंद्र त्रिपाठी, केआर पेपर मिल डायरेक्टर राजगोपाल अग्रवाल, अतुल गुप्ता आदि रहे।

# बदलाव: ईडब्ल्यूएस के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से ऑनलाइन जारी होंगे आय-परिसंपत्ति प्रमाण पत्र

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व परिषद द्वारा प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों ईडब्ल्यूएस को बड़ी राहत देते हुए 'आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण पत्र (ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र) को ऑनलाइन जारी करने का निर्णय लिया गया है। ?राजस्व परिषद की आयुक्त एवं सचिव कंचन वर्मा द्वारा डीएम को भेजे गए पत्र के अनुसार, अब यह प्रमाण पत्र ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा निर्गत किए जाएंगे। पोर्टल पर सुविधा का आधिकारिक शुभारम्भ 11 सितम्बर से कर दिया गया है।

एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने कहा कि ?ऑनलाइन प्रक्रिया से आमजन को राहत मिलेगी, उन्हें तहसील नहीं आना होगा। अब तक आय, जाति, निवास व हैसियत प्रमाण पत्र ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से ऑनलाइन बनते थे, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 'आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण पत्र' ऑफलाइन प्रक्रिया से तहसीलदार स्तर से जारी किए जा रहे थे। ऑफलाइन प्रक्रिया के कारण आवेदकों को कई प्रकार की असुविधाओं व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने से अब आवेदन प्रक्रिया पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध हो सकेगी।

विस्तृत प्रक्रिया के संबंध में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिखर दीक्षित ने बताया कि आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण पत्र पहले से जारी होने वाले आय ,जाति और निवास प्रमाण पत्रों की तरह edistrict.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से जनसेवा केंद्रों से या ई-सुविधा पोर्टल पर स्वंय को रजिस्टर कर के लॉगिन कर आवेदन कर सकते है। आवेदन पहले संबंधित तहसील के तहसीलदार के पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। तहसीलदार द्वारा आवेदन को जांच हेतु क्षेत्र के लेखपाल के पोर्टल पर स्थानान्तरित किया जाएगा। लेखपाल द्वारा जांच में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत की रिपोर्ट लगाकर तहसीलदार के पोर्टल पर वापस कर दिया जाएगा। जिसके बाद तहसीलदार आवेदन को डिजिटल साइन करके आवेदक अथवा जनसेवा केंद्र संचालक के पोर्टल पर भेजने का कार्य करेंगे।

## वलीमा दावत में महिलाओं संग अश्लीलता को लेकर हुआ बवाल

### जमकर हुई मारपीट, दो युवक गंभीर घायल


**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहाँपुर।** वलीमा दावत में नशे में धुत लोगों द्वारा महिलाओं के साथ अश्लीलता करने के विरोध में हुई मारपीट में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये । घटना में छह लोगों नामज़द व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शाहजहांपुर के मोहल्ला गदियाना निवासी जहीर हसन ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका बेटा जैनुल आबदीन मोहल्ले के ही ममेरे भाई मोहम्मद अय्यूब पुत्र अच्छन अली के साथ बीती 22 सितंबर को तिलहर के गांव बिरहाना रिश्तेदारी में वलीमे की दावत में गया था। अपरान्ह करीब तीन बजे जैनुल आबदीन व मोहम्मद अय्यूब खाना खा रहे थे । आरोप है कि इसी दौरान गांव बिरहना के नूर मोहम्मद , इकबाल , रेहान पुत्र गण यासिन , अशफाक पुत्र शहजादे , अलताफ पुत्र अशफाक , जबर पुत्र सुल्तान व चार अज्ञात व्यक्ति शराब के नशे में बुरी तरह से धुत होकर महिलाओं के साथ अश्लील हरकते करने लगे।

उस बेटे के विरोध करने पर उक्त लोग गालियां देते हुए लाठी डंडो व लातों घूसों से मारपीट करने लगे। जिसमे जैनुल आबदीन व मोहम्म अय्यूब गम्भीर रूप से घायल हो गये।

जैनुल आबदीन की जिला मेडिकल कॉलेज में हालत नाजुक बनी हुई है।

# 24 घंटे से अधिक लगातार बारिश किसानों की बढ़ी चिंता



- खेतों में खड़ी फसलों पर असर की आशंका
- महीनों की मेहनत को लेकर किसान परेशान

समृद्धि न्यूज़, खुदागंज शाहजहांपुर।

क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से अधिक समय से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी जमा होने लगा है। खेतों में खड़ी फसलों पर बारिश का असर पड़ने की आशंका से किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

किसानों का कहना है कि फसलों को तैयार करने में उन्होंने महीनों तक मेहनत की है। लगातार बारिश से यदि खेतों में जलभराव बढ़ता है तो फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। खासकर निचले इलाकों में स्थित खेतों को लेकर किसान अधिक चिंतित हैं।

बारिश के कारण खेतों तक पहुंचने वाले रास्तों पर भी कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। किसान लगातार मौसम पर नजर बनाए हुए हैं और बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि मौसम साफ होने पर ही खेतों की स्थिति का सही आकलन हो सकेगा। लगातार बारिश ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं किसानों के सामने अपनी फसल को सुरक्षित रखने की चिंता भी खड़ी कर दी है। अब किसान मौसम खुलने और फसलों को नुकसान से बचने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# गांधी भवन में एक दिवसीय मिलेट्स जागरुकता कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुख्खा एवं पोषण मिशन योजनान्तर्गत कृषि निदेशक के आदेश क्रम में एक दिवसीय मिलेट्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन गांधी भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में डा. पीके कपिल गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान, प्रभारी केवीके नियमातपुर डा. एनपी गुप्ता, एआर कॉपरेटिव, जिला विकास अधिकारी ऋषिकांत, उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक, भूमि संक्षण अधिकारी, आदि उपस्थित रहे।डा. एनपी गुप्ता द्वारा कृषकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुये मिलेट्स उत्पादन को बढावा देने हेतु कृषकों को उत्साहित किया गया, एवं मिलेट्स के गुणों एवं प्रजाति, बुआई के थारे में कृषकों को विस्तार से अवगत कराया गया।जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उद्यान विभाग से संघालित योजनाओं जैसे कोल्ड स्टोर, ड्रैगन फ्रूट एवं पर ड्रॉप मोर काप आदि योजनाओं की जानकारी से कृषकों को अवगत कराया गया।

डा. पीके कपिल निदेशक गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अवगत कराया कि खाद्य एवं पोषण सुख्क्षा हेतु प्राचीन काल से भारतीय आहार का प्रमुख भाग रहे मिलेट्स, पोष्टिक अनाज ज्वार, बाजरा, कोदो, सावां, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। सारंग भारती लोक नाट्य संस्था द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जादूगर राजेश श्रीवास्तव द्वारा जादू का प्रदर्शन कर उपस्थित कृषकों को मिलेट्स की खेती के प्रति जागरूक किया गया।उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। श्री अन्न मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत चयनित एफपीओ गंगा भूमि सीड्स प्रोडक्शन प्रोड्?यूसर कम्पनी लि. को कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर मिलेट्स मोबाईल आउटलेट प्राप्त हुआ है, जिसकी चाभी शिल्पी गुप्ता द्वारा प्रदान की गयी। उन्होंने मोटे अनाज को बढ़ावा देने एवं उसकी उपयोगिता आदि पर अपने विचार व्यक्त किये एवं किसानों को पराली प्रयन्यन के बारे में भी अवगत कराया एवं विभिन्न विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉल आदि का निरीक्षण किया गया। अन्त में जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय यादव द्वारा कार्यक्रम में कृषकों एवं अतिथियों सहित सभी अधिकारियों को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# दिव्यांगजनों के बीच आयुर्वेद का संदेश लेकर पहुँचा रेड क्रॉस

## डॉ. विजय जौहरी की पहल से दिव्यांगजनों तक पहुँची आयुर्वेद व स्वास्थ्य जागरूकता की जानकारी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




ग्यारहवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित आयुर्वेद दिवस सप्ताह के के क्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दिव्यांगजनों के बीच आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। खिन्नीबाग़ स्थित ? दिव्यांगजन कार्यालय पर बाल कृष्ण पांडेय की अध्यक्षता दिव्यांगजनों एवं स्थानीय लोगों को आयुर्वेद, योग, संतुलित आहार, दिनचर्या तथा स्वस्थ जीवनशैली की उपयोगी जानकारी दी गई। कार्यक्रम इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी की पहल और दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील सोच के अनुरूप आयोजित किया गया। डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पहुँचाना है। दिव्यांगजन भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके स्वास्थ्य, उपचार तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहना सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की जिलाधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी कार्यालय शाहजहांपुर के अंदर कार्य करने वाले 62 राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों द्वारा प्रत्येक बुधवार को पूर्व निर्धारित ग्राम में आयुष आपके द्वार कैंप का संचालन किया जाता है जिसमें मरीज को मुफ्त में आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की जाती है इसी क्रम मुख्या चिकित्साधिकारी के अधीनस्थ सभी प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्रो पर आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी अपनी सेवाएं देते हैं उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को केवल औषधि तक सीमित न रखते हुए योग, उचित आहार, दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता है। साथ ही क्षेत्र में उपलब्ध आयुर्वेदिक चिकित्सालयों एवं आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सेवाओं की जानकारी भी जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाई जानी चाहिए, ताकि उन्हें समय पर उचित मार्गदर्शन एवं उपचार मिल सके। कार्यशाला में उपस्थित दिव्यांगजनों ने रेड क्रॉस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनके बीच आकर स्वास्थ्य और आयुर्वेद की जानकारी देना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र के आयुर्वेदिक चिकित्सालयों एवं चिकित्सकों से संबंधित जानकारी भी उन्हें उपलब्ध कराई जाए तो जरूरत के समय उपचार प्राप्त करने में उन्हें और अधिक सुविधा होगी। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि 'आयुर्वेद घर-घर पहुँचे और जन-जन स्वस्थ रहे' तथा स्वास्थ्य जागरूकता के प्रयासों में दिव्यांगजनों और ग्रामीण क्षेत्रों को भी समान रूप से शामिल किया जाए।

कार्यक्रम में दिव्यांगजन समिति के बाल कृष्ण पांडेय के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी उपस्थित थे,अंत में रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने सबका आभार प्रकट किया।

## मौसम विभाग की रिपोर्ट, अब तक सितंबर में नहीं हुई ऐसी भारी बारिश

# आफत: शाहजहांपुर रेड अलर्ट में, 1986 का टूटा रिकॉर्ड

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**







जनपद में शुक्रवार की सुबह 4:30 बजे से हो रही बारिश से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। चारों ओर पानी पानी नजर आया। सड़कों पर पानी जल जमाव होने से जहां ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ नजर आई। वही बेमोसम बरसात किसानों के लिए आफत लेकर आई। खेतों में पक चुकी धान,गन्ना की फसलों को क्षति पहुंची। हर कोई बस इन्द्रदेव से बारिश में ब्रेक लगाने की दुआ करते नजर आया। दो दिन से जिले में हो रही बारिश से कोई सामान्य बरसात नहीं है, यह एक तूफानी बारिश है, जोकि थमने का नाम ही नहीं ले रही है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. मनमोहन सिंह के मुताबिक 1986 में ऐसी बारिश सितंबर में दर्ज होने के आंकड़े मिलते हैं, सितंबर में ऐसी बारिश कभी नहीं देखी है। 24 घंटे में जिले में अब तक 175 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है।कल रविवार की शाम तक ऐसी ही बारिश की संभावना बनी हुई है। 7 सितंबर को भी 224 मिमी बारिश हुई थी। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस भारी बारिश से धान, गन्ना, सरसों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की संभावना है और फल, फूल व सब्जियों को भी नुकसान हुआ है। वही नगर पालिका परिषद पुवायां ईओ कल्पना शर्मा ने भी बरसात के दृष्टिगत बीती रात नगर के मुख्य बाजारों में निकलकर जलनिकासी, नाला-नाली आदि का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए।किसानों ने भी बेमौसम बारिश से फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई। निर्मल सिंह मदारपुर बैवहा ने बताया कि यह बारिश हम लोगों के लिए आफत बनकर बरस रही है। अब तो कटाई का समय आ गया था। बहुत नुकसान पहुंचा है। अब बस भगवान रहम करें। वही गुरमुख सिंह, बेला ज़ बनिगवा ने बताया कि फसलों को इस बार बहुत ही नुकसान पहुंचा है। किसी तरह से फसलो को तैयार किया था, बड़ी उम्मीद थी। अब सब उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

**डीएम ने वीसी के माध्यम से ली जानकारी:**

जनपद में हो रही बारिश से हुए नुकसान को लेकर देरशाम डीएम ने वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद कर स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि फसलों, मकान क्षतिग्रस्त, सड़क पर जलजमाव आदि समस्याओं को ससमय निस्तारण कराया जाए। आमजन जीवन को किसी तरह की दिक्कतें न आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाएं। आपदा प्रंबधन कन्ट्रोल रुम से नदियों के जलस्तर पर नजर रखने को दिशा निर्देश दिए।

**बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठप्प:**

शुक्रवार सुबह से लगातार हो रही, बारिश से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई भी कही कही ठप्प हो गई। सप्लाई बंद होने के पीछे बिजली की लाइनों पर पेड़ बगैरह गिर जाने एवं आंधी बारिश से लाइनें, पोल क्षतिग्रस्त हो जाने शनिवार की देरशाम तक लाइट न आ सकी। जिस कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। घरों के इन्वेटर तक डाउन हो गये। जिस कारण तमाम दिक्कतें देखने को मिली।

## खबरें एक नजर में

### तेज हवाओं के साथ बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी



**मोहम्मदी।** क्षेत्र में अचानक आफत बनकर आई बारिश ने किसानों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। फसल पर सपने सजाए बैठे किसानों के लिए बेटी के विवाह से लेकर कर्ज उतारने तक के लिए संकट के बदले में मंडराने लगे हैं। ऐसे में वह अपने भाग्य को कोस रहा है। लगातार दो दिनों से क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने से धान की तैयार खड़ी फसल खेतों में गिर गई और उसके ऊपर पानी भर जाने से खराब होने की स्थिति बन गई है।वहीं गन्ना की फसल बारिश और हवा के चलते गिर जाने से भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। अपनी अच्छी फसलों पर उम्मीद पाले बैठे किसान के आगे अब जीवन यापन का संकट खड़ा होते दिख रहा है मोहम्मदी क्षेत्र के किसान कमल निवासी फरेंदा 20 बीघा धान,रामलली निवासी ग्राम उधरनपुर शाहपुर जागीर लगभग 30 बीघा धान की फसल,राजाराम निवासी विलहरा 14 बीघा धान, तारिक़ खान 15 बीघा,विमल सिंह 22 बीघा धान निवासी सहित सैकड़ो किसने की फासले ईश्वर के कहर में तबाह हो गई।

## बरसात के चलते दो मंजिला मकान ढहा

▸ लाखों का घरेलू सामान हुआ बर्बाद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



दो दिन से लगातार हो रही भीषण बरसात के दौरान पूर्व प्रधान का ताला बंद दो मंजिला मकान भर भराकर ढह गया । गनीमत यह रही कि मलबा उन्हीं की जमीन पर गिरा । इससे कोई जनहानि तो नहीं हुई , लेकिन लाखों का घरेलू सामान मलबा में दबकर बर्बाद हो गया।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकिया रघा के पूर्व प्रधान अनिल कुमार घर में ताला बन्द कर बाहर काम करने चले गए थे। वह यदा कदा देखभाल के लिए गांव आते रहते हैं। उनके घर के समीप ही उनके पिता सुरेंद्र अपनी बेटी के साथ अलग घर में रहते हैं । शनिवार को तेज हवाओं के साथ हो रही भारी बरसात के दौरान अनिल कुमार का दो मंजिला पक्का मकान अचानक भर भराकर ढह गया । गनीमत यह रही कि मकान का मलबा उनकी जगह में ही गिर गया । जिससे अन्य किसी का कोई जन अथवा पशु हानि होने से बच गई । जबकि पूर्व प्रधान का लाखों रुपये का घरेलू सामान दबकर बर्बाद जरूर हो गया है । मकाल ढह जाने की ग्रामीणों ने उन्हें खबर दे दी है । समाचार भेजे जाने तक परिवार गांव नहीं पहुंच सका है। उधर इसी गांव में नन्हे गुप्ता का मकान भी अपरान्ह करीब चार बजे भरभराकर ढह गया । मकान गिरने से इनका घरेलू सामान भी बर्बाद हो गया।

## वोट के अधिकार पर सवाल उठे हैं तो जवाब भी मिलना चाहिए : दिव्या गंगवार





**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चल रही बहस के बीच समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव दिव्या प्रदीप गंगवार ने मतदाताओं के अधिकार और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता का वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी लोकतांत्रिक ताकत है। इसलिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है।दिव्या गंगवार ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र में मतदाताओं से जुड़े मामलों को गंभीरता से उठाया। उनका कहना है कि जब लोगों के नाम और वोट को लेकर समस्याएं सामने आई तो उन्होंने तहसील स्तर से लेकर एसडीएम कार्यालय तक अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी और प्रभावित मतदाताओं के पक्ष में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि उनका सवाल किसी एक व्यक्ति के वोट तक सीमित नहीं है। मुद्दा उन तमाम मतदाताओं का है, जो अपने मताधिकार को लेकर आशंकित हैं। यदि किसी पात्र नागरिक के नाम को लेकर कोई आपत्ति है तो उसे अपनी स्थिति स्पष्ट करने और आवश्यक दस्तावेज देने का पूरा अवसर मिलना चाहिए।

दिव्या गंगवार ने निर्वाचन आयोग के भीतर दो चुनाव आयुक्तों की ओर से दर्ज कराई गई औपचारिक आपत्तियों का भी उल्लेख किया। हालिया रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में आयोग के कुछ निर्णयों और प्रक्रियाओं को लेकर कम से कम 14 बार औपचारिक आपत्तियां दर्ज कीं। इन आपत्तियों में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची से नाम हटाने और चुनावी आंकड़ों तक पहुंच जैसे विषय शामिल बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के भीतर ही महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को लेकर सवाल और आपत्तियां दर्ज हुई हैं तो इन पर सार्वजनिक स्तर पर स्पष्ट जानकारी सामने आनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि इन आपत्तियों पर क्या कार्रवाई हुई और संबंधित चिंताओं का समाधान किस तरह किया गया, इसकी जानकारी भी लोगों को मिलनी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों चुनाव आयुक्तों ने कुछ मामलों में मतदाता संबंधी प्रक्रियाओं और डिजिटल व्यवस्था को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज की थीं।

## लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा 128 बरखेड़ा विधानसभा मां गौरीशंकर धाम के कायाकल्प को मिली रफ्तार

▸ प्राचीन मंदिर के विकास पर खर्च होंगे 1.20 करोड़ रुपये

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल हुई है। ग्राम करौड़ स्थित प्राचीन मां गौरीशंकर धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 1.20 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। प्रस्तावित कार्य पूरे होने के बाद मंदिर परिसर का स्वरूप बदलेगा और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। महामंडलेश्वर एवं 128 विधानसभा बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने इस विकास कार्य की स्वीकृति पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मां गौरीशंकर धाम बरखेड़ा क्षेत्र की आस्था और धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है। लंबे समय से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब सरकार के सहयोग से मंदिर परिसर के विकास का रास्ता साफ हुआ है।मंदिर परिसर में भव्य बहुउद्देशीय हॉल, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन ब्लॉक, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, क्यूआर कोड युक्त साइनेज, यात्रियों के बैठने के लिए बेंच, लैंडस्केपिंग तथा अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों से मंदिर परिसर अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक बनेगा। साथ ही धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने में भी मदद मिलेगी।स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बरखेड़ा विधानसभा में भी विकास की गति लगातार बढ़ी है। सड़कों के निर्माण और मरम्मत से लेकर धार्मिक स्थलों के विकास, मंदिरों के जीर्णोद्धार तथा आमजन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तक विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि 128 विधानसभा बरखेड़ा का कोई भी क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से अछूता न रहे। जहां सड़कों की आवश्यकता है, वहां सड़क निर्माण और सुधार के कार्य कराए जा रहे हैं। जहां धार्मिक स्थलों को सुविधाओं की जरूरत है, वहां उनके विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा जनहित से जुड़े अन्य निर्माण कार्यों को भी योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि ग्राम करौड़ का मां गौरीशंकर धाम केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा प्रमुख स्थल है। इसके विकास से श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलने के साथ आसपास के क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। पर्यटन की दृष्टि से बेहतर सुविधाएं विकसित होने पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह स्थल अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनेगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में जनता की सहभागिता और सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बरखेड़ा विधानसभा में सड़क, मंदिर, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को आगे भी प्राथमिकता दी जाएगी।स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि विकास किसी एक गांव अथवा क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए। बरखेड़ा विधानसभा के प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना ही संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों के साथ बरखेड़ा भी निरंतर आगे बढ़ रहा है।उन्होंने मां गौरीशंकर धाम के विकास के लिए स्वीकृत धनराशि और प्रस्तावित कार्यों को क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताते हुए कहा कि आने वाले समय में धार्मिक स्थलों के साथ-साथ अन्य जनहित के निर्माण कार्यों को भी और गति दी जाएगी।

विधायक ने इस विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के सहयोग से बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मां गौरीशंकर धाम का विकास क्षेत्रवासियों के लिए आस्था के साथ-साथ विकास का भी नया अध्याय साबित होगा।

## हाईवे ओवरब्रिज की मिट्टी सर्विस रोड पर गिरी, बड़ा हादसा टला

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



दो दिन से लगातार हो रही बारिश के बीच शनिवार सुबह सरऊ पुलिया स्थित हाईवे ओवरब्रिज के समीप अचानक भारी मात्रा में मिट्टी खिसक कर सर्विस रोड पर जा गिरी। मिट्टी गिरने से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण ओवरब्रिज के किनारे की मिट्टी में नमी आ गई थी। शनिवार सुबह अचानक मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे सर्विस रोड पर जा गिरा। गनीमत रही कि जिस समय मिट्टी गिरी उस दौरान कोई वाहन या राहगीर उसकी चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मिट्टी गिरने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों और एनएचएआई को दी। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान मिट्टी खिसकने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने ओवरब्रिज के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कराने और सर्विस रोड से गिरी मिट्टी को जल्द हटवाने की मांग की है।

## मलबे में दबने से पति-पत्नी और मासूम बेटे की दर्दनाक मौत



**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

नीमगांव थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव में शनिवार सुबह तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते एक घर की कच्ची दीवार और छप्पर अचानक भरभराकर ढह गया। इस हादसे में घर के अंदर सो रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मलबे के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार रहमतपुर गांव के रहने वाले मोहन कश्यप (उम्र करीब करीब 40 वर्ष), अपनी पत्नी कविता और 10 साल के बेटे के साथ घर के अंदर सो रहे थे। रात भर से इलाके में मूसलाधार बारिश हो रही थी, जिसके कारण मिट्टी की कच्ची दीवार पूरी तरह नम होकर कमजोर हो चुकी थी। सुबह करीब साढ़े तीन बजे दीवार अचानक ढह गई और उसके साथ भारी छप्पर भी नीचे आ गिरा। सो रहे परिवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला और तीनों गहरे मलबे में दब गए।दीवार गिरने की जोरदार आवाज और चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए अपनी तरफ से बचाव कार्य शुरू किया और मलबे को हटाना शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नीमगांव थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई।ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन ने काफी मशक्कत के बाद मलबे को हटाकर तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मलबे के भारी दबाव और दम घुटने के कारण तीनों की सांसें थम चुकी थीं।

एक साथ हंसते-खेलते परिवार के तीन लोगों की इस तरह अचानक हुई मौत से पूरे रहमतपुर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और हर कोई स्तब्ध है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई और पंचनामा शुरू कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हादसे के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।इस दुखद घटना ने बारिश के मौसम में कच्चे और जर्जर मकानों में रहने वाले गरीब परिवारों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र में कई कच्चे मकान बेहद संवेदनशील स्थिति में हैं, जिन पर प्रशासन को विशेष ध्यान देने और पीड़ित परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है।लोगों की मांग है कि क्षेत्र में कच्चे मकान का सर्वे कराया जाए और उनको पात्रता के अनुसार सरकारी आवास दिलाया जाए जिससे ऐसी दुर्घटना से बचा जा सके वहीं घटना के बाद पहुँचे एसडीएम मितौली सन्तदास पंवार राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुँच गई थी। नीमगांव थाना क्षेत्र में दूसरा हादसा गुलौला ग्राम पंचायत के मजरा रमुआपुर में हुआ जहां मिट्टी की दीवार गिरने से बाप बेटा दब गए।

## बारिश ने डुबोई धान की फसलें, किसानों के नुकसान पर सरकार तत्काल दे राहत : जगदेव सिंह जग्गा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

लगातार हो रही बारिश ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। धान के खेतों में पानी भरने से तैयार फसल प्रभावित होने लगी है। कई क्षेत्रों में किसान अपनी आंखों के सामने महीनों की मेहनत को खराब होते देख परेशान हैं। फसल के नुकसान को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदेव सिंह जग्गा ने सरकार से तत्काल राहत और किसानों के नुकसान का आकलन कराने की मांग की है। जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि इस समय किसान दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ खेती की लागत लगातार बढ़ी है और दूसरी तरफ बारिश ने तैयार धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। किसान ने बीज, खाद, सिंचाई और डीजल पर पैसा खर्च करने के साथ पूरे सीजन मेहनत की, लेकिन खेतों में जमा पानी ने उसकी उम्मीदों पर संकट खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि बारिश से प्रभावित गांवों में स्थिति का जमीनी स्तर पर वास्तविक आकलन कराया जाना जरूरी है। केवल कागजी रिपोर्ट तैयार करने से किसानों की समस्या दूर नहीं होगी। खेत-खेत जाकर फसल की स्थिति देखी जाए और जिन किसानों की फसल प्रभावित हुई है, उनका नुकसान सरकारी अभिलेखों में दर्ज किया जाए।

## अतिवृष्टि से फसल क्षति होने पर 72 घंटे के भीतर दें सूचना

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी में खरीफ 2026 में जनपद में हो रही भारी वर्षा/अतिवृष्टि के कारण खरीफ फसलों के प्रभावित होने की आशंका है। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी, लखीमपुर खीरी सूर्य प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित कृषकों से अपील की है कि यदि उनकी अधिसूचित फसल को अतिवृष्टि अथवा जलभराव के कारण क्षति हुई है, तो इसकी सूचना क्षति होने के 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप टोल-फ्री नंबर 14447 पर कॉल करके अथवा Crop Insurance App के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषक द्वारा निर्धारित समयसीमा में क्षति की सूचना दिए जाने के उपरांत योजना के प्रचलित प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

व्यक्तिगत स्तर पर फसल क्षति की सूचना प्राप्त होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं संबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से क्षति का सत्यापन/आकलन किया जाएगा तथा योजना के प्रावधानों एवं पात्रता के अनुसार देय क्षतिपूर्ति की कार्यवाही की जाएगी।

## रोजगार मेले का हुआ आयोजन, नौकरी की आस को लेकर उमड़ी भीड़

**मोहम्मदी, लखीमपुर।**




विधानसभा मोहम्मदी में रोजगार मिशन के अंतर्गत मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला सेवा योजना अधिकारी समेत राज्य स्तरीय कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहे हैं बड़ी संख्या में पहुंचे शिक्षित बेरोजगारों ने फॉर्म भरकर रजिस्ट्रेशन कराया है। मेले का आयोजन कस्बा के कृष्ण इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया है। विद्यालय के प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथियों का सम्मान किया है। मेले में आए शिक्षित बेरोजगार और राज्य स्तरीय कंपनियों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा मुख्यमंत्री द्वारा एक लाख से अधिक बेरोजगारों को रोजगार मुहैया करने को लेकर मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने अपने क्षेत्र में करायें गए विकास कार्यों का खाका खींचते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित किया ऐसे आयोजनों से निश्चित ही बड़ी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने नौकरी के इच्छुक लोगों के शैक्षिक दस्तावेज लेकर उनका रजिस्ट्रेशन किया है।


### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76 20170001542 में त्रुटिवश मेरा नाम VIVEK KUAMR SINGH दर्ज हो गया है, जबकि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम VIVEK KUMAR SINGH दर्ज है, जो सही है। मेरे ड्राविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम दर्ज करने की कृपा करें।
**विवेक कुमार सिंह पुत्र विशेश्वर सिंह निवासी राजेपुर राठौरी, फर्रुखाबाद।**

### सूचना

मेरे 12वीं के अंकपत्र में पिता का नाम प्रशांत शर्मा दर्ज हो गया, जोकि गलत है। जबकि पिता का सही नाम प्रशांत कुमार है। जोकि सही है।
**अंशु शर्मा पुत्र प्रशांत कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट नभीची बंडा जनपद-शाहजहांपुर।**

## तकनीक में बढ़ता भारत

इक्कीसवीं सदी में किसी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति का आकलन केवल उसके प्राकृतिक संसाधनों से नहीं, बल्कि उसकी तकनीकी क्षमता से भी होता है। डिजिटल क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में सेमीकंडक्टर चिप वह आधार बन चुकी है, जिस पर आधुनिक अर्थव्यवस्था की बड़ी इमारत खड़ी है। स्मार्टफोन और इलेक्ट्रानिक उपकरणों से लेकर वाहन, रक्षा प्रणालियां, एयरोस्पेस, चिकित्सा उपकरण, संचार और सुपरकंप्यूटिंग तक शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो, जो चिप पर निर्भर न हो। ऐसे में भारत का सेमीकंडक्टर निर्माण के वैश्विक मानचित्र पर अपनी मजबूत जगह बनाने का प्रयास रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत लंबे समय तक सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में मुख्यत: उपभोक्ता और डिजाइनिंग क्षमता वाले देश के रूप में देखा जाता रहा। अब स्थिति बदलने की कोशिश हो रही है। राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर मिशन और 'सेमीकान इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से देश में चिप डिजाइन, निर्माण, संयोजन, परीक्षण और पैकेजिंग का समग्र पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। यह बदलाव केवल एक नए उद्योग की स्थापना नहीं है, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सेमीकंडक्टर उद्योग की मूल्य श्रृंखला को मोटे तौर पर डिजाइनिंग, फैब्रिकेशन तथा संयोजन एवं पैकेजिंग में बांटा जा सकता है। भारत के पास चिप डिजाइन के क्षेत्र में पहले से मजबूत मानव संसाधन है। दुनिया की कई प्रमुख चिप कंपनियों के अनुसंधान एवं विकास केंद्र भारत में हैं। भारतीय इंजीनियर वैश्विक कंपनियों के लिए अत्याधुनिक चिप डिजाइन करते रहे हैं। चुनौती यह है कि इस क्षमता को घरेलू बौद्धिक संपदा और भारतीय कंपनियों के उत्पादों में बदला जाए। डिजाइन-संबद्ध प्रोत्साहन जैसी योजनाओं का महत्व इसी संदर्भ में बढ़ जाता है। चिप डिजाइन के बाद उसका निर्माण सबसे जटिल चरण है। उच्च स्तरीय फैब्रिकेशन संयंत्र स्थापित करना अत्यधिक पूंजी, अत्याधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की मांग करता है। यही कारण है कि दुनिया में सीमित देश ही अत्याधुनिक चिप निर्माण की क्षमता रखते हैं। भारत के लिए यह क्षेत्र अवसर के साथ बड़ी चुनौती भी है। केवल संयंत्र स्थापित कर देना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें लगातार तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता नियंत्रण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ना होगा। असेंबली, टेस्टिंग और पैकेजिंग के क्षेत्र में अपेक्षाकृत तेजी से प्रगति की जा सकती है। इन इकाइयों की स्थापना से औद्योगिक आधार मजबूत होगा और बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रोजगार पैदा होंगे। इससे इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण, उपकरण निर्माण, लॉजिस्टिक्स और तकनीकी सेवाओं से जुड़े दूसरे उद्योगों को भी गति मिल सकती है। इस लिहाज से सेमीकंडक्टर उद्योग का प्रभाव केवल चिप कारखानों तक सीमित नहीं रहेगा। हालांकि इस क्षेत्र में सफलता के लिए दीर्घकालिक सोच जरूरी है। सेमीकंडक्टर तकनीक इतनी तेजी से बदलती है कि आज की अत्याधुनिक तकनीक कुछ वर्षों बाद पुरानी पड़ सकती है। इसलिए भारत को वर्तमान में उपयोग होने वाली 28 नैनोमीटर और 40 नैनोमीटर जैसी तकनीकों के साथ-साथ अगली पीढ़ी की तकनीकों पर भी अनुसंधान बढ़ाना होगा। गैलियम नाइट्राइड, सिलिकान कार्बाइड, सिलिकान फोटोनिक्स और उन्नत नैनोमीटर तकनीक जैसे क्षेत्रों में निवेश भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विस्तार ने इस चुनौती को और बड़ा कर दिया है। एआइ के लिए सामान्य कंप्यूटिंग चिप पर्याप्त नहीं होती। विशेष रूप से डिजाइन किए गए उच्च क्षमता वाले चिप्स की आवश्यकता बढ़ रही है। इसी तरह क्वांटम कंप्यूटिंग, फोटोनिक्स और आप्टोइलेक्ट्रानिक्स जैसी उभरती तकनीकें आने वाले वर्षों में कंप्यूटिंग और संचार की दिशा बदल सकती हैं। भारत के सामने अवसर यह है कि वह केवल मौजूदा तकनीक की नकल करने के बजाय भविष्य की तकनीकों के विकास में भी निवेश करे। सेमीकंडक्टर उद्योग की दूसरी बड़ी चुनौती बुनियादी ढांचा है। चिप निर्माण में निर्बाध बिजली आपूर्ति और अत्यंत शुद्ध पानी की जरूरत होती है। बिजली की थोड़ी देर की बाधा या उत्पादन प्रक्रिया में मामूली अशुद्धि भी भारी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए सेमीकंडक्टर पार्कों में विश्वस्तरीय बिजली, पानी, परिवहन, संचार और अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था अनिवार्य होगी। पर्यावरणीय पक्ष की अनदेखी भी नहीं की जा सकती। बड़े पैमाने पर पानी और ऊर्जा की खपत करने वाले इस उद्योग को हरित ऊर्जा, जल पुनर्चक्रण और टिकाऊ उत्पादन तकनीकों से जोड़ना होगा। औद्योगिक विस्तार तभी सार्थक होगा जब वह पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़े। भारत के लिए एक और महत्वपूर्ण मुद्दा कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। सेमीकंडक्टर उद्योग को केवल इंजीनियर ही नहीं, बल्कि भौतिकी, रसायन, सामग्री विज्ञान, सूक्ष्म इलेक्ट्रानिक्स, मशीन डिजाइन और पैकेजिंग के विशेषज्ञों की भी आवश्यकता होगी। विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के बीच मजबूत तालमेल बनाना होगा। तभी देश में ऐसी प्रतिभा तैयार होगी जो बदलती तकनीक के साथ कदम मिला सके। दुनिया 6जी, स्वायत्त वाहनों, स्मार्ट ग्रिड, रोबोटिक्स और एआइ आधारित प्रणालियों की ओर बढ़ रही है। इन सभी क्षेत्रों के केंद्र में चिप ही होगी। इसलिए सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की सफलता केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि राष्ट्रीय तकनीकी क्षमता और रणनीतिक स्वायत्तता को भी मजबूत करेगी।

### दो टूक




## व्यंग्य : परिवार का भरोसा, रिश्तेदारी में परोसा

(संजय एम तराणेकर)


राजनीति में भरोसे का नया पारिवारिक अध्याय जो कभी खत्म न होने वाली चीज है। बस शर्त यह है कि परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी बच्चों का जन्म होते रहना चाहिए। यानी परिवार बढ़ेगा और परिवार खिलेगा। राजनीति भी कमाल की चीज़ है। यहाँ मौसम बदलने में समय लगता है, लेकिन राजनीतिक समीकरण बदलने में कभी-कभी एक बैठक ही काफी होती है। कल तक जो नेता पार्टी के दरवाजे पर दस्तक दे रहा था, आज वही पार्टी की जिम्मेदारी का दरवाजा खोल सकता है। और अगर परिवार साथ हो तो राजनीति की सीढ़ियाँ कुछ और भी आसान दिखाई देने लगती हैं। यानी राजनीति में अगली पीढ़ी की एंट्री का एक और अध्याय शुरू हो गया है। अब राजनीति में परिवार का महत्व समझना हो तो किसी सरकारी दफ्तर की पुरानी फाइल देख लीजिए। ऊपर से नीचे तक सब कुछ व्यवस्थित दिखाई देता है, बस यह पता नहीं चलता कि अगली फाइल किसके हाथ में जाएगी! कभी राजनीति में कहा जाता था-कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। अब आधुनिक राजनीति ने इस वाक्य में एक नया फुटनोट जोड़ दिया है- और परिवार रीढ़ की हड्डी के पास बैठा सलाहकार भी हो सकता है!

आखिर राजनीति में अपेक्षाकृत नए लोगों को चांस दिया जाता हैं। वह परिवार के हो तो आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए। आखिर भरोसे की राजनीति भी तो कोई चीज होती है कि नहीं...! जब सलाहकारों की चलती है तो वह यह भी कह सकते हैं कि वह पिछले कुछ समय से सक्रिय थे। इसलिए ही तो पार्टी ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अब सवाल यह नहीं कि राजनीति में अनुभव कितना है, बल्कि यह भी है कि अनुभव प्राप्त करने का अवसर किसे और कितनी जल्दी मिलता है। परिवारवाद पर राजनीति में बहस कोई नई बात नहीं। लगभग हर पार्टी में कभी न कभी यह सवाल उठता रहा है कि संगठन में रिश्तेदारी और योग्यता का संतुलन कैसे बनाया जाए। समर्थक इसे भरोसे और निरंतरता का नाम देते हैं, आलोचक इसे अवसरों के सीमित दायरे से जोड़ते हैं। जनता दोनों तर्क सुनती है और फिर अपनी समझ से निष्कर्ष निकालती है। मगर भारतीय राजनीति की खूबसूरती देखिए-यहाँ पद का नाम जितना बड़ा होता है, उसके साथ जुड़ी चर्चा उससे भी बड़ी हो जाती है। राष्ट्रीय संयोजक यह सुनते ही लगता है कि अब पूरे देश की राजनीति की चाबी उसकी जेब में आ गई होगी। भले ही जिले के 50 कार्यकर्ताओं को वह न जानता हों। इससे तो भाई यही साबित होता है कि पार्टी का परिवार ही सब कुछ है अगर परिवार नहीं है तो पार्टी का भरोसा किस पर होगा? यह अलग बात है की बैठक में असली परीक्षा तो तब होती है जब संगठन की बैठक में दस लोग एक साथ बोलें और सबको शांत कराकर निर्णय लेना पड़े! सलाहकारों जमात तो यही चाहती है कि वह हमेशा कंट्रोल करते रहे भले उनकी एक दो सलाह को दरकिनार क्यों? न कर दिया जाए। वे कहते हैं संगठनात्मक तैयारियाँ चल रही हैं। ऐसे में नई जिम्मेदारी पाने वालों के सामने असली चुनौती यही होगी कि वे कागज पर मिली जिम्मेदारी को जमीन पर संगठन की सक्रियता में कितना बदल पाते हैं। भइये राजनीति में विरासत मिल सकती है, पद मिल सकता है, पहचान मिल सकती है-लेकिन जनता का भरोसा शायद ऐसी चीज है जिसकी कोई पारिवारिक रजिस्ट्री नहीं होती। यह बात जरूर है परिवार का भरोसा, रिश्तेदारी में परोसा।

# चंद्रशेखर जी मानव के रूप में संपूर्ण मानव थे



रामगोविन्द चौधरी



**समाजवादी नेता रामगोविंद चौधरी का 82 वर्ष की उम्र में 25 सितंबर 2026 की शाम निधन हो गया। रामगोविंद चौधरी छात्र जीवन से ही राजनीति में थे। उन्होंने जय प्रकाश नारायण और फिर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी के सानिध्य में अपने समाजवादी सोच को परवान चढ़ाया। वरिष्ठ पत्रकार मनोरंजन सिंह और अखिलेश सिन्हा की पुस्तक चंद्रशेखर के बगैर में रामगोविंद जी का चंद्रशेखर जी के बारे में यह संस्मरण दर्ज है। पूरे देश में चंद्रशेखर जी के जन्मशताब्दी समारोह हो रहे हैं। ऐसे में यह लेख भी मौजूं है और रामगोविंद चौधरी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि भी।**

चंद्रशेखर जी से मेरी पहली मुलाकात 1971 में हुई थी। गौरी भैया टाउन डिग्री कॉलेज छात्रसंघ के अध्यक्ष थे। चंद्रिका बाबू के वह नजदीकी थे। गौरी भैया भी मन से कांग्रेसी थे। उन्होंने हम लोगों से कहा कि हम अपने यूनियन का उद्घाटन इंदिरा गांधी से कराना चाहते हैं। चंद्रिका बाबू इंदिरा गांधी का कार्यक्रम दिलवा देंगे। दिल्ली चला जाए। मैं, गौरी भैया, विनय कुमार सिंह मामा, चंद्रमोहन सिंह और श्रीनिवास मिश्र यही पांच लोग दिल्ली गए। वहां चंद्रिका बाबू के यहां रुके। शाम को चंद्रिका बाबू आए। हम लोगों ने उनके सामने अपना प्रस्ताव रखा। चंद्रिका बाबू ने कहा यह कतई सम्भव नहीं है। आप लोग क्या बात कर रहे हैं। दूसरे दिन गौरी भैया ने जिद की, तो उन्होंने कहा कि देश में एक ही आदमी है, जो इंदिरा गांधी का कार्यक्रम तय करा सकता है और वह हैं चंद्रशेखर जी। आप लोग उन्हीं से जाकर बात करिए।

हम लोग चंद्रशेखर जी के यहां गए। शाम को उनसे मुलाकात हुई। वह यंग इंडियन के ऑफिस से लौटकर आए थे। उन्होंने हम लोगों से पूछा कि आप लोग कहां से आए हैं? हम लोगों ने बताया कि बलिया से आए हैं। परिचय हुआ। बैठाकर हम लोगों को चाय-नाश्ता कराए। मिठाई खिलाए। फिर काम पूछा, तो गौरी भैया ने उनके सामने अपनी बात रखी। वो भौंचक हो गए। उन्होंने कहा कि क्या बात करते हो तुम लोग। डिग्री कॉलेज की यूनियन का उद्घाटन देश की प्रधानमंत्री करेंगी। यह सम्भव नहीं है। फिर उन्होंने पूछा कि खाना खाओगे? हम लोगों ने कहा कि नहीं हम लोग खाना नहीं खाएंगे। हम लोग दूसरे दिन भी उनके यहां पहुंच गए। जब वह बाहर निकले तो हम लोगों ने उनसे फिर कहा। उन्होंने कहा यह सम्भव नहीं है। तुम लोग बहुत जिद्दी लड़के हो। इसके बाद वह मुंबई चले गए। वहां अधिवेशन था। हम लोग भी ट्रेन से दूसरे दिन मुंबई पहुंच गए। वहां हम लोग उनसे मिले। उन्होंने हम लोगों को चाय-नाश्ता कराया और कहा कि ठीक है तुम लोग दिल्ली चलो। हम लोग दिल्ली आए। वह जब दिल्ली लौटे, तो उन्होंने हम लोगों को इंदिरा गांधी का कार्यक्रम दिलवा दिया। हम लोग बलिया चले आए। यहां टीडी कॉलेज में यूनियन का उद्घाटन करने इंदिरा गांधी आयीं। कार्यक्रम हुआ।

चंद्रशेखर जी से यह मेरा पहला परिचय था। उनसे राजनीतिक रूप से जुड़ने का सिलसिला इमरजेंसी में शुरू हुआ। हम लोग जेल में बंद थे। मैं, गौरी भैया और सभी लोग बलिया जेल में बंद थे। 1977 में जिस दिन चंद्रशेखर जी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन करने बलिया आए थे। उसी दिन मैं जेल से छूटा था। लोगों ने हमसे कहा कि चंद्रशेखर जी नामांकन करने बलिया आए हैं, आप उनसे मिलकर आशीर्वाद लीजिए। मैं सीधे जेल से चंद्रशेखर जी के पास आया। वह कलेक्टरेट बार के सभागार में बैठक कर रहे थे। उन्होंने मुझे बुलाया और अपने पास बैठाया। बाद में अपने घर ले गए। रास्ते में एक जगह रामराज का स्कूल था। मैंने उन्हें कहा कि यहां उनकी पत्नी रहती थीं। वह जब जेल में थे, तब उनसे मिलने के लिए मैं उनके घर गया था। उन्होंने मुझे कहा कि यह बताओ तुमने आज तक कितने आन्दोलन किए हैं। मैंने कहा कि छात्र जीवन में आन्दोलन किए हैं, अब तक कई बार किए हैं। उन्होंने पूछा कि इसमें जेल से छूटकर आए हो? मैंने कहा हां। उन्होंने पूछा कि जेल से छूटने के बाद कब तक कांग्रेस में गए? मैंने कहा कि अभी गया ही नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ठीक है तुम घर जाओ। निकलते समय उन्होंने कहा कि अब जेल से छूटने के बाद से ही आपके साथ हूं। उन्होंने कहा कि ठीक है तुम लोग चुनाव लड़ने में लग जाओ। इसके बाद हम लोग उनके साथ प्रचार में लग गए। चुनाव प्रचार के दौरान एक दिन हम लोगों की जीप रास्ते में खराब हो गयी। हम लोग पैदल जा रहे थे। तभी चंद्रशेखर जी का काफिला वहां रुक गया। वह भी गाड़ी से उतरकर जीप को धक्का देने लगे। जीप स्टार्ट हो गयी। उन्होंने कहा कि तुम लोग जल्दी गाड़ी ले लो। ऐसी खराब गाड़ी से मत चलो। फिर हम लोग दूसरी तरफ चले गए प्रचार में और उनका काफिला भी चला गया।

चंद्रशेखर जी ने तहसीली स्कूल के मैदान में पहली चुनावी सभा किया था। वह पहली सभा ही मेरे अन्तर्मन को छू गया। उस समय वह एक नेता के साथ-साथ एक दोस्त की तरह लग रहे थे। अपने भाषण में वह बोल रहे थे- देश में जब तक भूख, गरीबी, बेकारी और लाचारी रहेगी, हिन्दुस्तान की जनता अपना आक्रोश जताकर बड़े से बड़े तानाशाह का तख्ता पलट देगी। यह बात हमें छू गयी। चुनाव हुआ। वह जीत गये। उसके बाद मेरी मुलाकात हुई। उन्होंने मुझसे अपनी सरकार के बारे में, मेरे विचार के बारे में मुझसे बात की। उन्होंने पूछा कि अब तुम क्या करना चाहते हो। मैंने कहा कि जब जेल से निकले थे इमरजेंसी में, गौरी भैया भी बंद थे। गौरी भैया ने कहा कि अब हम लोगों को नौकरी तो मिलेगी नहीं। तय हुआ कि आपके साथ रहकर राजनीति किया जाये। हम लोगों ने जेल से आपको एक चिट्ठी भी भेजी थी, पता नहीं आपको मिली थी कि नहीं।

हम लोग आपके साथ ही कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ठीक है। फिर विधानसभा चुनाव का समय आया तो हम लोग टिकट के लिए दिल्ली गये। मैं, गौरी भैया, राजधारी सिंह तीनों लोग साथ गए थे। दिल्ली में हम लोग उनके कमरे में बैठे थे। वह बाहर थे। वह आये। हमको बैठने के लिए कहा। जब हम लोग चंद्रशेखर जी के सामने बैठे, तो कोई बोल ही नहीं रहा था। उन्होंने दो बार पूछा कि क्यों आये हो। कोई बोल नहीं रहा था। तीसरी बार उन्होंने पूछा तब भी गौरी भैया और राजधारी सिंह कुछ नहीं बोले। मुझको तेजी थी कि आज भी बात नहीं होगी तो मेरा इम्तहान छूट जाएगा। तब मैंने कहा कि अध्यक्ष जी, हम तीनों लोग आये हैं आपको बताने कि हम लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र युवा संघर्ष समिति का कैडर होगा। दो को लड़ा देंगे तो भी बहुत अच्छा। एक को लड़ा देंगे तो भी बहुत अच्छा। किसी को नहीं लड़ायेंगे तो भी बहुत अच्छा। हम लोग आपके साथ हैं और हमेशा रहेंगे। उसके बाद वह चले गये और हम लोग वापस आ गये। हम भूल गये थे कि हमने उनसे टिकट मांगा है।

कोड़र इलाके में गौरी भैया के भाई की बारात गयी थी। उसी बारात में हम लोग गये थे। वहां से हम बांसीडीह आ गये। हमारे घनिष्ठ मित्र थे रविन्द्र पाण्डेय। बांसीडीह में उनकी बारात थी। हम वहां आगे गये। वहीं, हमको पता चला कि हमको टिकट मिल गया। उस समय मेरे पास केवल चार आना पैसा था। उस समय बांसडीह आने-जाने का बहुत साधन भी नहीं था। मैं रात में बांसडीह ही रह गया। सुबह बस पकड़कर बलिया आया और अपने चुनाव क्षेत्र में लग गया। चंद्रशेखर जी मेरे चुनाव क्षेत्र में आये। उन्होंने मेरे पक्ष में सभा की और लोगों से वोट भी मांगा।

चंद्रशेखर जी मानव के रूप में सम्पूर्ण मानव थे। उनमें दया, शीलता, लोगों की मदद करने की भावना, बेबसों के प्रति उत्सुकता जागना, ये सब उनके गुण थे। गरीब व असहाय लोगों की सहायता करा देना। अस्पताल से लेकर भोजन तक की व्यवस्था करा देना। ऐसा कम राजनेता में देखा है, जिनमें मानवीय गुण भी हो। जयप्रकाश जी के बाद मैंने चंद्रशेखर जी में ही इस तरह के मानवीय गुण देखे थे।

जब वह देश के प्रधानमंत्री थे मैं और गौरी भैया प्रदेश में मंत्री थे। हमने उनसे कहा कि बलिया में कुछ विकास कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब देश विकास के रास्ते पर चलेगा तो बलिया भी विकास के रास्ते पर चल पड़ेगा। अब मैं देश का प्रधानमंत्री हूं। देश का नेता हूं। तुम लोग एक जिले और क्षेत्र की बात करते हो, यह ठीक नहीं है। बहरहाल वह हमारा क्षेत्र है। वहां के लोगों की समस्या हल होना चाहिए, लेकिन और क्षेत्रों से अलग मैं इस क्षेत्र के लिए कर दूं, यह हमसे सम्भव नहीं है। मैं किसी क्षेत्र के साथ बेईमानी नहीं कर सकता।

वह राष्ट्रीय नेता थे। राष्ट्र की चिंता करते थे। राष्ट्र के विकास की बात सोचते थे। किसी क्षेत्र विशेष के विकास की बात नहीं सोचते थे। जहां तक संसदीय क्षेत्र की बात है, तो उन्होंने उस समय सम्पूर्ण बलिया में विद्युतीकरण की पहल की थी। उन्होंने 1977 में एक औद्योगिक गोष्ठी भी यहां करायी थी। देश के कृषि के, डेयरी के, उद्योग के सारे बड़े विशेषज्ञ आये थे। पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले में आयोजन हुआ था। दो दिन तक कार्यक्रम चला था। विशेषज्ञों ने यहां के विकास के लिए एक खाका खींचा था, बलिया के विकास के लिए यहां के स्थानीय उत्पादों और भौगोलिक क्षेत्र का गहरा अध्ययन हुआ था। उस समय दो तरफ से नदी। दोनों जाकर पूर्व में मिलती हैं। बीच में छोटे-बड़े नाले। विशेषज्ञों ने पूरे जिले का भ्रमण भी किया था। चार चीजें उन्होंने निकाली थीं। पहला यहां एक कागज बोर्ड का कारखाना लगे, क्योंकि यहां बांस है, धान का पुआल है और गन्ने का चेफुआ भी है। दूसरा दाल मिल। तीसरा आटा मिल और चौथा जल निकास के लिए पम्प घर की व्यवस्था। जब प्रधानमंत्री हुए तो यहां फिर एक बार उद्योगपतियों को ले आए उद्योग लगाने के लिए। यहां दो उद्योगपति आए थे। जिले का भ्रमण किया था, लेकिन जमीन उपलब्ध न होने के कारण दोनों वापस चले गये थे।

जिस समय वह प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे देश बड़ी अफरा-तफरी में था। दो बड़ी घटनाएं घटी थीं। एक बाबरी मस्जिद वाली और दूसरी आरक्षण वाली। इसमें पूरा देश जल रहा था। दो वर्ग में देश बंट गया था। अगड़े वर्ग के छात्र और नौजवान आरक्षण का विरोध कर रहे थे। पिछड़े वर्ग के छात्र-नौजवान आरक्षण का समर्थन कर रहे थे। देश में खून-खराबे की स्थिति पैदा हो गयी थी। छात्र आत्मदाह कर रहे थे। अफरा-तफरी का जमाना था। लगता था देश धू-धू कर जल जाएगा। चंद्रशेखर जी ने देश को ऐसी विकट स्थिति से उबारा। बीच में उनको इस्तीफा देना पड़ा, नहीं तो बाबरी मस्जिद का मसला भी हल हो गया होता। उनके प्रधानमंत्रीत्व काल में राजीव गांधी की हत्या हुई थी।

जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी, तो देश जल उठा था। जगह-जगह सिख विरोधी दंगे हुए थे। यह चंद्रशेखर जी के शासन की ही रणनीति थी कि राजीव गांधी की हत्या के बाद देश में शांति व्यवस्था कायम रही। देश में कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

1984 में चंद्रशेखर जी लोकसभा का चुनाव हार गये थे। चुनाव हारने का उनके चेहरे पर थोड़ा भी अहसास नहीं था। जगन्नाथ चौधरी से वह चुनाव हारे थे। दिल्ली में उन्होंने जगन्नाथ चौधरी को अपने यहां टी-पार्टी पर बुलाया। उनसे कहा कि बलिया के विकास में जो भी सहयोग लेना चाहें, वह करेंगे। वह चुनाव हारे थे स्वर्ण मंदिर के मुद्दे पर।

1989 के चुनाव में वह जब नामांकन करने के बाद डाकबंगले में आये, तो मैंने उनसे निवेदन किया कि पुरानी बात को इस बार भाषण में मत कहिएगा। स्वर्ण मंदिर का मसला मत उठाइएगा। इसी बात से लोग पिछले चुनाव में विरोध में वोट दे दिये थे। उन्होंने मुझसे कहा कि रामगोविंद मैं स्वर्ण मंदिर की राजनीति नहीं करता हूं। एमपी होने के लिए मैं राजनीति नहीं करता हूं। देश को बनाने और देश को संवारने के लिए राजनीति करता हूं। मुझे एक बार नहीं सौ बार भी यहां के लोग हरायेंगे तब भी मैं अपनी बात कहना नहीं छोड़ूंगा। मेरे साथ-साथ और लोगों ने भी उनसे निवेदन किया। हम लोगों के सामने उन्होंने कहा कि अच्छा ठीक है मैं नहीं कहूंगा। लेकिन जब वह भाषण करने गये, तो उन्होंने और तल्ख तेवर में स्वर्ण मंदिर मुद्दे को उठाया। पब्लिक मीटिंग में उन्होंने अपनी बात कही और बलिया के लोगों ने उनको जिताया। चुनाव में जगह-जगह भाषण करते थे। लेकिन कभी भी वह लोगों से वोट नहीं मांगते थे। लोगों के बीच वह देश की समस्याओं को रखते थे। भाषण के अंत में वह कहते थे कि आपको जो उम्मीदवार अच्छा लगे, योग्य लगे उसको अपना वोट दीजिएगा। देश बनाने के लिए सोचिए।

उनसे अंतिम मुलाकात उनके निधन से दो दिन पहले हुई थी। बीमार थे। ठीक ढंग से बोल भी नहीं पाते थे। हालत में कुछ सुधार हुआ तो लखनऊ चला आया। लखनऊ में ही उनके न रहने की खबर मिली। उनके निधन से एक सन्नाटा आज भी देश में पसरा हुआ है। यह सन्नाटा समाप्त होना, निकट भविष्य में इसकी उम्मीद नहीं लगती। चंद्रशेखर के बगैर अधूरा लगता है देश और अधूरी लगती है देश की संसद। मेरे लिए तो वे 'नेमच सर्वम् मम देव-देव' थे।

**(चन्द्रशेखर के बगैर पुस्तक से साभार)**

# चुनाव आयोग पर सवाल और सुधार के अवसर

राधा रमण

देश की सबसे भरोसेमंद संवैधानिक संस्थाओं में शुमार चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर पहले भी सवाल उठाते रहे हैं लेकिन मामला तब और गंभीर हो गया, जब अंग्रेजी अखबार ने अपनी एक रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त और दो अन्य चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेदों का खुलासा किया। हालांकि, चुनाव आयोग ने इस विषय पर अपनी सफाई भी दी है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव आयोग की भूमिका एक रेफरी की तरह है। रेफरी चाहे खेल का हो या लोकतंत्र के महापर्व का, उसकी जीत मुकाबले की निष्पक्षता में निहित होती है।

अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने 28 अक्टूबर 2025 से 14 अगस्त 2026 के बीच करीब दस महीनों में चुनाव आयोग के फैसलों पर 14 बार आपत्ति जताई। इतना ही नहीं, 16 अप्रैल को एक ही दिन में चार आपत्तियां दर्ज कराई गईं। इनकी प्रतियां मुख्य चुनाव आयुक्त समेत उन उप चुनाव आयुक्तों को भी भेजी गईं, जो संबंधित कार्यों की निगरानी कर रहे थे।

इन आपत्तियों का प्रमुख विषय स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की पारदर्शिता और उससे जुड़ी प्रक्रियाएं थीं। यह वही प्रक्रिया है, जिसके तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाता है, नये मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं और मृत, अपात्र या डुप्लीकेट नामों को हटाया जाता है। दोनों चुनाव आयुक्तों ने नये मतदाताओं को जोड़ने, नाम हटाने और बहाल करने की प्रक्रिया पर आपत्तियां जताई है। साथ ही, मतदाता डाटाबेस के दिल्ली में केंद्रीकरण और राज्यों के अधिकारियों की उस तक पहुंच न होने पर भी सवाल उठाए हैं। अखबार का दावा है कि दोनों चुनाव आयुक्तों ने मतदाता सॉफ्टवेयर और आईटी प्रणाली से जुड़ी चिंताओं से कैबिनेट सचिव को भी अवगत कराया था। यदि इन आपत्तियों और शिकायतों का विवरण सही है तो यह महज प्रशासनिक असहमति का मामला नहीं रह जाता। यह चुनाव आयोग की निर्णय प्रक्रिया, पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही से जुड़ा सवाल बन जाता है। दोनों चुनाव आयुक्तों की शिकायत है कि कई आदेश उनकी जानकारी के बिना जारी किये गए। यही इस पूरे विवाद का सबसे गंभीर पहलू है।

चुनाव आयोग पहले एक सदस्यीय संस्था था। वर्ष 1993 में इसे तीन सदस्यीय बनाया गया। उस समय टी.एन. शेषन मुख्य चुनाव आयुक्त थे। तत्कालीन सरकार ने एम.एस. गिल और जी.वी.जी. कृष्णमूर्ति को भी चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया था। इस व्यवस्था के खिलाफ शेषन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अदालत ने न केवल तीन सदस्यीय चुनाव आयोग की व्यवस्था को बरकरार रखा बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि तीनों चुनाव आयुक्तों के अधिकार समान होंगे। वरिष्ठता के आधार पर मुख्य चुनाव आयुक्त बैठकों की अध्यक्षता करेंगे लेकिन फैसले आम सहमति या बहुमत से लिये जाएंगे। ऐसे में मौजूदा विवाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित संस्थागत व्यवस्था की भावना के विपरीत दिखाई देता है।




चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का विवाद भी इसी संदर्भ में समझना होगा। वर्ष 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की तीन सदस्यीय समिति की सलाह पर की जाएगी। बाद में केंद्र सरकार ने पहले अध्यादेश और फिर संसद में कानून बनाकर इस व्यवस्था में बदलाव किया तथा मुख्य न्यायाधीश की जगह केंद्र सरकार के एक मंत्री को समिति में शामिल करने का प्रावधान किया। सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि संसद को कानून बनाने का अधिकार है और अदालत संसद से ऊपर नहीं हो सकती। नये कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को कार्यकाल के दौरान उनके आधिकारिक कृत्यों के संबंध में विशेष कानूनी संरक्षण भी दिया गया है। इस प्रावधान और नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती लंबित है।


बीते दिनों सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने टिप्पणी की थी कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है लेकिन उसकी स्वतंत्रता उसके कार्यों में भी दिखाई देनी चाहिए।

यही इस पूरे विवाद का केंद्रीय सवाल है। संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता केवल कानून की किताबों में दर्ज प्रावधानों से सुनिश्चित नहीं होती। उसका वास्तविक प्रमाण उनके फैसलों, कार्यप्रणाली और सार्वजनिक जवाबदेही में दिखाई देता है। विपक्षी दल लंबे समय से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते रहे हैं। उनका आरोप है कि एसआईआर के जरिये 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए। इन आरोपों को चुनाव आयोग ने किस हद तक स्वीकार या खारिज किया है, यह अलग विषय है। नये खुलासों के बाद मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर उठे सवालों की गंभीरता बढ़ गई है। एसआईआर के तहत अकेले पश्चिम बंगाल में लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने की खबरें सामने आई हैं। इनमें से करीब 22 लाख मतदाताओं ने आयोग के फैसले को चुनौती दी। अप्रैल से अब तक ट्रिब्यूनलों ने 1,26,194 मामलों का निपटारा किया, जिनमें 1,13,943 मतदाताओं के नाम बहाल किये गए। यानी निपटाए गए मामलों में करीब 90 प्रतिशत मतदाताओं को राहत मिली। हालांकि, इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि हटाए गए सभी नाम गलत थे लेकिन यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं को अपने नाम बहाल कराने के लिए अपील और कानूनी प्रक्रिया का सहारा क्यों लेना पड़ा। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जिन मतदाताओं के नाम बाद में बहाल हुए, वे यदि पिछले विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं कर सके तो उनके लोकतांत्रिक अधिकारों की भरपाई कैसे होगी? मतदाता सूची को शुद्ध करने का उद्देश्य जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह सुनिश्चित करना भी है कि किसी पात्र नागरिक का नाम गलती से न कटे। अब तक एसआईआर के दो चरणों में बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया कराई जा चुकी है। तीसरे चरण में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, मणिपुर, पंजाब, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और ओडिशा में भी इसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

ऐसे में प्रक्रिया की पारदर्शिता और नागरिकों की सुविधा का महत्व और बढ़ जाता है। एसआईआर के दौरान मतदाताओं से पूछे जा रहे सवालों और दस्तावेजों की मांग को लेकर कई विवाद सामने आए हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन से कथित तौर पर उनकी और उनकी मां की उम्र के बीच अंतर को लेकर सवाल किया गया। नये मतदाताओं से उनके पिता का नाम पिछली एसआईआर में दर्ज नहीं होने का कारण पूछा जा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व चुनाव आयुक्त और पूर्व वायुसेना अध्यक्ष तक को नोटिस भेजे जाने की खबरें सामने आई हैं। ये कुछ चर्चित उदाहरण हैं। आम नागरिकों को इस प्रक्रिया में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसका पूरा आकलन सार्वजनिक रूप से सामने आना चाहिए। मतदाताओं से नागरिकता संबंधी प्रमाण मांगे जाने के आरोप भी गंभीर हैं। मतदाता सूची का पुनरीक्षण चुनाव आयोग का वैधानिक दायित्व है लेकिन इस प्रक्रिया में नागरिकता संबंधी जांच और मतदाता पात्रता के नियमों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। एक ओर चुनाव आयोग का नारा है कि कोई पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए, दूसरी ओर यदि पात्र नागरिकों को अपने नाम बचाने या वापस जुड़वाने के लिए अनावश्यक कठिनाइयों से गुजरना पड़े तो यह विरोधाभास दूर किया जाना चाहिए। मतदाता सूची की शुद्धता और मतदाता के अधिकार एक-दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि लोकतंत्र के दो आवश्यक आधार हैं। विपक्षी दल ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के आरोप अपनी जगह हैं लेकिन चुनाव आयोग की साख केवल राजनीतिक दलों के आरोपों या उसके बचाव में जारी बयानों से तय नहीं होगी। इसका फैसला उसकी पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही से होगा। इसीलिए आयोग को मौजूदा विवाद को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने के बजाय आत्ममंथन और सुधार के अवसर के रूप में लेना चाहिए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस



गोलेन्द्र पटेल

## वसंत का छलकता यौवन?

केले के पत्तों पर
किरणें करुणा लिख रही हैं
और तेज हवा में
चंचल चिखुरी चीख रही है
सिसक रहे हैं
सरसों के फूल
कलियों के काजल
गुलाब के गालों पर
हँस रहे हैं
पत्तियों पर चिपकी है धूल
भौंरें चाट रहे हैं
मोथा की माथा
गौरया गा रही है
गम की गाथा
अन्य पंक्षी पढ़ रहे हैं
पलायन की भाषा
चौपाये चिंतित खड़े हैं
उनके पेट बड़े हैं
सड़कों पर
बिखर गयी है आशा
बौरें कह रहे हैं
बगीचे के माली से
बादल के रोने पर
हम भी रोते हैं
हल्कु के कुत्ते
हरदम भूखे सोते हैं
गाँव से गयी गंध
पूछ रही है रानी से
इस वर्ष
हर्ष कहाँ है ?
और उत्साह के उपवन में
वसंत का छलकता यौवन
मौन क्यों है ?
तुम्हारी तरह
बिल्कुल तुम्हारी तरह!



**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### खेत में पानी देखकर किसान की हार्ट अटैक से मौत

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के हटवारा मोहल्ला निवासी किसान रामपाल सिंह (52) पुत्र स्व. शिवराज की शुक्रवार को खेत में जलमग्न तिल की फसल देखकर हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक रामपाल सुबह मवेशी चराने खेत गए थे। पांच बीघा तिल की फसल में पानी भरा देखकर उन्हें अचानक हार्ट अटैक पड़ा और वह खेत में गिर गए। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर पुत्र राघवेंद्र उन्हें खोजने निकला तो रामपाल खेत में मृत मिले। परिजन शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर ले आए। थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रात करीब दस बजे रामपाल के कच्चे मकान का एक हिस्सा गिर गया। पड़ोसी राजेंद्र सेंगर ने अनहोनी की आशंका पर शव को बाहर निकलने को कहा। इसी दौरान पूरा मकान भरभराकर ढह गया। शव पड़ोसी के बरामदे में रखा गया और परिवार ने रात वहीं बिताई। लेखपाल सत्यप्रकाश ने बताया कि कानूनगो राजभैया के साथ मौके का निरीक्षण कर मकान गिरने के मुआवजे की रिपोर्ट भेजी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद किसान को मिलने वाले मुआवजे की प्रक्रिया होगी।

### कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के सिकरोढ़ी गांव में शुक्रवार रात कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर 60 वर्षीय रामप्रकाश पुत्र राजाराम की मौत हो गई। हादसा रात करीब 11 बजे हुआ। रामप्रकाश मकान के अंदर सो रहे थे, तभी अचानक दीवार भरभरा कर गिर पड़ी और वह मलबे में दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस, दमकल टीम और ग्रामीणों ने मलबा हटाकर वृद्ध को बाहर निकाला और कुरारा सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को रात में मर्चरी में रखवा दिया। ग्राम प्रधान हनुमान प्रसाद ने बताया कि मृतक की पत्नी फूल कुमारी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बेटे गुजरात में मजदूरी करते हैं। शनिवार सुबह परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 24 घंटे से बिजली गुल, पेयजल आपूर्ति भी ठप

**कुरारा (हमीरपुर)।** ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से विद्युत आपूर्ति ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार शाम तक बिजली न आने से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही। मोबाइल फोन चार्ज नहीं हो सके। कुरारा कस्बे से ग्रामीण क्षेत्र को होने वाली बिजली आपूर्ति 24 घंटे से अधिक समय तक बाधित रही। टोडरपुर गांव के प्रधान प्रतिनिधि डॉ. श्रीनारायण, कृष्ण कुमार समेत ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बारिश और आंधी के बीच बिजली न आने से पेयजल संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### आंधी में शीशम का पेड़ गिरा, बिजली पोल टूटा

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में कुरारा-मनकी मार्ग पर शुक्रवार रात तेज आंधी और बारिश के चलते शीशम का पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। पेड़ की चपेट में आकर पास का विद्युत पोल भी टूट गया, जिससे मार्ग पर आवागमन और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों ने पेड़ की डालियां काटकर सड़क से हटाई, जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। विद्युत पोल टूटने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही।

### कच्चा मकान गिरने से दो भैंसों की मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के टोडरपुर गांव में लगातार बारिश के चलते शुक्रवार रात कच्चा मकान गिरने से मलबे में दबकर दो भैंसों की मौत हो गई। दोनो भैंसें मकान के अंदर बंधी थीं। मकान गिरने के बाद ग्रामीणों ने भैंसों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर दोनों भैंसों को बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पशुपालक बलखंडी प्रजापति ने बताया कि दोनों भैंसों की कीमत करीब ढाई लाख रुपये थी। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन कराने और आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### पेड़ की डाल मवेशियों पर गिरी, जेसीबी से बचाई जान

**राठ (हमीरपुर)।** लगातार 36 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के बीच अतरौलिया मोहल्ले में शुक्रवार सुबह बारिश से कमजोर हुए विशाल बरगद के पेड़ की बड़ी डाल टूटकर मवेशियों के छप्पर पर गिर गई। मलबे में दबकर दो-तीन भैंसें फंस गईं। मोहल्लेवासियों ने घटना की सूचना नगर पालिका को दी। सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाकर मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद घायल मवेशियों को उपचार के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि दीपा तालाब के पास मनीष राजपूत पुत्र मंगल सिंह के मवेशी बंधे थे। बारिश के कारण बरगद की बड़ी शाखा टूटकर छप्पर पर गिर गई थी। समय पर टीम के पहुंचने से मवेशियों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### जर्जर मकान की छत गिरी, मलबे में दबकर वृद्धा की मौत

**सरीला/जलालपुर (हमीरपुर)।** लगातार हो रही बारिश के बीच जलालपुर थाना क्षेत्र के भेड़ी डांडा गांव में शनिवार को पुराने मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से 60 वर्षीय संध्या पत्नी कमल सिंह की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक लगातार बारिश के कारण मकान की छत कमजोर हो गई थी। शनिवार को अचानक छत गिरने से संध्या मलबे में दब गईं। घटना की सूचना मिलते ही जलालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर वृद्धा को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना पर एसडीएम विजय यादव सहित संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक पर युवती के भगाने का मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 6 पंत नगर से एक युवक युवती को भगा ले गया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। वार्ड संख्या 6 के निवासी मीरा वर्मा ने बताया कि उसके वार्ड का निवासी अंकित वर्मा उसकी 20 वर्षीय पुत्री को भगा ले गया। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सर्पदंश से किशोरी समेत दो की मौत

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कतरावल गांव निवासी संध्या देवी (16) पुत्री मनोज कुमार को शुक्रवार की रात जमीन पर सोते समय सर्प ने गर्दन में डस लिया। परिजनों ने पहले घरेलू उपचार किया। हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मामा तेजबहादुर ने बताया कि पिता की मौत के बाद संध्या अपनी मां के साथ ननिहाल कतरावल में रहती थी। वह हाईस्कूल में पढ़ती थी। दूसरी घटना में बदौसा थाना क्षेत्र के गजपतिपुर गांव निवासी लालाराम (15) पुत्र रामसेवक शुक्रवार की रात अपने दोस्त दीपक के साथ चारपाई में सो रहा था।

# मौदहा में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई गांवों का संपर्क कटा

- स्कूल-कॉलेज बंद, नदी-नाले व तालाब उफान पर
- जलभराव से आवागमन प्रभावित



समृद्धि न्यूज, मौदहा (हमीरपुर)।

क्षेत्र में तीन दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी, नाले और तालाब उफान पर हैं। कई गांवों और कस्बे के निचले इलाकों में जलभराव होने से आवागमन प्रभावित हुआ है। चंद्रावल नदी का पानी पढ़ोरी रपटा के ऊपर से बहने के कारण मौदहा-सिसोलर मार्ग बंद हो गया है। अरतरा, तिंदुही और करहिया मार्ग के रेलवे अंडरपास पानी से भर गए हैं। गुरदहा गांव नदी का जलस्तर बढ़ने से टापू में तब्दील हो गया है। छिमौली रोड पर बडेरी नाले का पानी रपटे के ऊपर बहने से छिमौली का संपर्क भी कस्बे से कट गया है। कस्बे का इलाही तालाब लबालब भरने पर नगर पालिका ने जेसीबी से जलनिकासी कराई। मीरा तालाब से निकल रहा पानी रगौल के निचले इलाकों में परेशानी बढ़ा रहा है। भारी बारिश के अलर्ट के चलते जिलाधिकारी के आदेश पर जिले के स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

## शौचालय में घुसकर चार साल की बच्ची को उठाने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

- बच्ची के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने दरवाजा खोलकर बचाया
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

समृद्धि न्यूज, मौदहा (हमीरपुर)।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय बच्ची को शौचालय से उठाकर ले जाने की कोशिश का मामला सामने आया है। बच्ची के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे बचाया और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर उसकी चार वर्षीय बेटी शौचालय गई थी। इसी दौरान सहरिया तालबेहट, जिला ललितपुर निवासी हरसिंह पीछे से शौचालय में घुस गया और बच्ची का मुंह दबाकर उसे उठाकर ले जाने का प्रयास करने लगा। बच्ची ने शोर मचाया तो पास खेल रही उसकी सहेली ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उसके शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाया। आरोप है कि आरोपी गाली-गलौज और धमकी देकर वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने तलाश की तो आरोपी शवदाह गृह के पास छिपा मिला। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारी बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट डीएम ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।

जिले में हो रही भारी बारिश और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए जिलाधिकारी अशोक कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित आपदा कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि भारी बारिश के दौरान पूरे जिले पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी घटना की सूचना मिलते ही तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए। आमजन की सुविधा के लिए आपदा कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 9454416001 जारी किया गया है। उन्होंने लोगों से मकान क्षति, जनहानि, पशु हानि, जलभराव अथवा अन्य आपात स्थिति की सूचना इस नंबर पर देने की अपील की।

## चोरी का खुलासा कर पुलिस ने दो बाल अपचारी दबोचे

**समृद्धि न्यूज, बांदा।** बिसंडा थाना पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की घटना का सूचना के चार घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो बाल अपचारियों को अपने संरक्षण में ले लिया। पकड़े गए बाल अपचारियों के पास से पुलिस ने 75 हजार रुपये नगद बरामद किए। बिसंडा निवासी रामजी ने शुक्रवार को दुकान में चोरी होने की सूचना बिसंडा थाना में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद घटना के अनावरण व संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए पुलिस टीमों का गठन किया। बिसंडा थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी ने उपनिरीक्षक स्नेहा सिंह व हमराही सिपाहियों की मदद से मुखबिर की सूचना पर रामलीला मैदान के पास वाली गली से दो बाल अपचारियों को संरक्षण में ले लिया। पूछताछ के दौरान बाल अपचारियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## मूसलाधार बारिश के बीच धूमधाम से निकली कंस वध मेले की शोभायात्रा

- एक दर्जन झांकियों ने मोहा मन
- मीरा तालाब में कंस वध लीला देखने उमड़ी भीड़



समृद्धि न्यूज, मौदहा (हमीरपुर)।

लगातार हो रही बारिश के बावजूद मौदहा का ऐतिहासिक तीन दिवसीय कंस वध मेला उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शनिवार को गुड़ही बाजार से करीब एक दर्जन आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी शामिल हुए।

शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर देवी चौराहा, नेशनल चौराहा, थाना चौराहा और मराठीपुरा होते हुए मीरा तालाब पहुंची। यहां नागनाथ लीला, बकासुर, अघासुर और पूतना वध के बाद कंस वध की लीला का मंचन किया गया। बारिश के बावजूद लीला देखने के लिए हजारों की भीड़ जुटी। मेले में सुरक्षा के लिए तालाब के आसपास बैरीकेडिंग कर नाव और गोताखोर तैनात किए गए। जिला और गैर जनपद के पुलिसकर्मियों को मिलाकर तीन सीओ, आठ एसएचओ, 58 उपनिरीक्षक, 225 पुलिस व महिला कांस्टेबल, 18 हेड कांस्टेबल, दो पीएसी प्लाटून और तीन फायर सर्विस वाहन लगाए गए। मीरा तालाब और देवी चौराहा पर अस्थायी पुलिस चौकियां बनाई गईं। एलआईयू, डॉग स्क्वायड और ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। नगर पालिका ने पेयजल के लिए टैंकर, अस्थायी शौचालय और स्वागत द्वार की व्यवस्था की। मीरा तालाब और ओरी तालाब में 51 घंटे का अखंड कबीर भजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## 48 घंटे की मूसलाधार बारिश से सुमेरपुर क्षेत्र में तबाही, उफान पर नदी-नाले

- मौहर में कच्चा मकान गिरने से 4 भेड़ों की मौत





समृद्धि न्यूज, सुमेरपुर।

क्षेत्र में पिछले 48 घंटों से जारी अनवरत बारिश ने भीषण तबाही मचाना शुरू कर दिया है। गुरुवार शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शनिवार शाम तक लगातार जारी रहने से नदी, नाले, तालाब और खेत-खलिहान लबालब होकर उफान पर हैं। इस प्राकृतिक मार से जहां खरीफ की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

मौहर गांव में बारिश के कारण रामगोपाल का कच्चा मकान अचानक ढह गया। मकान के भीतर करीब 50 भेड़े बंद थीं, जिनमें से दबने के कारण 4 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि पशुपालक ने मुस्तैदी दिखाते हुए 46 भेड़ों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इंगोहटा के लीणा नाले में उफान आने से गौशाला में पानी भर गया, जिसके बाद पशुधन प्रसार अधिकारी आर.बी. सिंह ने मौके पर पहुँचकर बेसहारा गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया। छानी मार्ग व कुशवाहा मुहाल के बीच लीणा नाला का रपटा डूबने से ग्रामीणों को 1 किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। वहीं कस्बे के कडेरन नाला का रपटा डूबने से इमिलिया थोक का संपर्क कट गया है, जिससे लोगों को बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन जाने के लिए 3 किमी घूमकर जाना पड़ रहा है। कजली तालाब के उफनाने से आसपास की बस्तियों में पानी घुसने की स्थिति बन गई है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। कस्बा स्थित गल्ला मंडी के बाहर नाला उफनाने से पूरा मंडी परिसर जलमग्न हो गया है।

आढ़तों में पानी घुसने से व्यापारियों का सैकड़ों कुंतल अनाज भीगकर खराब हो गया है। मंडी कार्यालय के बाहर भी आधा फीट से अधिक पानी भरा हुआ है। तेज हवाओं और लबालब पानी के कारण धान की फसल गिरकर बिछ गई है। वहीं खेतों में पानी भरने से तिल, उड़द और मूंग की फसलें पूरी तरह तबाह हो चुकी हैं।

तबाही के इस मंजर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें छा गई हैं। समाचार लिखे जाने तक बारिश का दौर लगातार जारी था।

## झांसी एनएच पर ग्रामीण को टैंकर ने टक्कर मारकर रौंदा



**समृद्धि न्यूज, ललितपुर।** झांसी नेशनल हाईवे पर स्थित तेज रफ्तार का कहर उस समय देखने को मिला, जब सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीघा खेत टोल प्लाजा से नदनवारा की तरफ पैदल जा रहे 3 ग्रामीणों में से एक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मारकर कुचल दिया और वहां से भागने लगा। इस दौरान हाइवे कर्मियों ने एंबुलेंस के माध्यम से गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इसके साथ ही ट्रक का करीब 5 किलोमीटर तक पीछा कर उसे भी दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नदनवारा निवासी 18 वर्षीय सचिन रैकवार पुत्र अशोक रैकवार अपने ही गांव के दो लोगों के साथ बीघा खेत स्थित टोल प्लाजा किसी काम से आया हुआ था बताया गया है कि जब वह अपना काम निपटा कर अपने साथियों के साथ अपने गांव सड़क के रास्ते पैदल जा रहा था इसी दौरान टोल प्लाजा से निकलकर तेज गति से भाग रहे एक कंटेनर ने पैदल जा रहे सचिन को टक्कर मारकर रौंद दिया और वहां से रफू चक्कर हो गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही टोल कर्मियों को हुई उन्होंने जैसे ही गंभीर रूप से घायल लहू लोहान ग्रामीण को घटना स्थल से उठाया और हाईवे एंबुलेंस में रखकर मेडिकल कॉलेज ललितपुर लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में ग्रामीण को भर्ती कराया गया।

## ग्रामीण के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी का आरोप



समृद्धि न्यूज, ललितपुर।

मड़वरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीरोन में खेत में बोई हुई सोयाबीन की फसल को गांव के ही विपक्षियों की भैंसे घुसकर ने खराब कर दिया था। जब ग्रामीण ने विपक्षियों को इस बात का उलाहना दिया, तो दबंगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट की तथा धमकी भी दी। घटना के संबंध में पीड़ित ग्रामीण की पत्नी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग उठाई। ग्राम सीरोन निवासी गेंदारानी पत्नी अजय सिंह यादव ने थाना मडवरा पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि गांव में उसकी खेती किसानी की जमीन है, जहां पर उसके परिजनों ने सोयाबीन की फसल बोई थी। बताया गया है कि वह अपने खेत में बोई हुई सोयाबीन की फसल की रखवाली कर रही थी, इसी दौरान गांव में ही रहने वाले विपक्षी श्याम सिंह पुत्र मलखान सिंह लोधी की भैंस उसके खेत में घुस आई और वहां पर सोयाबीन की फसल को नष्ट करने लगी। इस दौरान वहां पर मौजूद उसके परिजनों ने भैंसों को खेत से भगा दिया।

## डीएम व एसपी ने किया लहचूरा डैम का निरीक्षण

- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

समृद्धि न्यूज, महोबा।



जिले में विगत दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लहचूरा डैम पहुंचकर जलस्तर एवं जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने डैम की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से जलस्तर, जल निकासी तथा आसपास के क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लगातार हो रही बारिश को देखते हुए डैम एवं आसपास के क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। जलस्तर में होने वाली वृद्धि की नियमित रूप से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। संवेदनशील एवं निचले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा ग्रामीणों को समय से आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपदा की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार बारिश के दौरान जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर स्थिति पर निरंतर नजर बनाए रखें।

## हस्तनिर्मित कागज को यूपीआईटीएस में मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

**समृद्धि न्यूज, उरई (जालौन)।** कालपी क्षेत्र की पारंपरिक हस्तनिर्मित कागज कला को उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी 2026 में अंतरराष्ट्रीय मंच मिला है। यहां 'कागज सखी' ब्रांड के तहत महिला कारीगरों के पर्यावरण अनुकूल उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो जालौन की स्थानीय कला और महिला उद्यमिता को दर्शा रहे हैं। जालौन का प्रतिनिधित्व कदौरा ब्लॉक के ग्राम नाका निवासी वंदना कर रही हैं। उन्होंने अनुरागिनी संस्था से हस्तनिर्मित कागज उत्पादों का प्रशिक्षण लिया है।

संस्था के समन्वयक श्याम करन प्रजापति ने बताया कि अनुरागिनी 1996 से ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण में कार्यरत है।

## आठ माह की गर्भवती को वीडियो काल कर धमकी देने पर दो के खिलाफ मुकदमा

समृद्धि न्यूज, सुमेरपुर।

गर्भवती महिला से वीडियो काल करके गंदी बातें करने तथा दूसरे लोगों को फोन नंबर देकर परेशान करने एआई से नग्न तस्वीर बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पीड़िता की तहरीर पर दलित उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

इंगोहटा निवासी रजनी रजक ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि गत 19 सितंबर की रात को अलग-अलग नंबरों से वीडियो कॉल करके उसके चरित्र पर लांछन लगाते हुए उसे अपशब्द कहे गए और एआई से अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई।

साथ ही जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज करके धमकी दी गई।

पीड़िता का आरोप है कि 8 माह की गर्भवती है ऐसी हरकतो से उसका मानसिक तनाव बढ़ रहा है जिसका सीधा असर उसके गर्भ में पल रहे बच्चे पर पड़ रहा है।

थानाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर इंगोहटा निवासी अमन त्रिपाठी एवं वीरेंद्र साहू के खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट की धाराओं के साथ अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बीआईईटी में ड्रोन कार्यशाला व स्मार्ट वर्क कार्यक्रम शुरू




समृद्धि न्यूज, झांसी।

बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीआईईटी) में विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को दो कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। संस्थान के निदेशक प्रो. जितेन्द्र कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में 'एयरोवर्क्स-5.0' ड्रोन कार्यशाला और 'द आर्ट ऑफ स्मार्ट वर्क' कार्यक्रम आयोजित किया गया।मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के ड्रोन लर्नर्स क्लब की ओर से आयोजित 'एयरोवर्क्स-5.0' कार्यशाला 26 से 30 सितंबर तक चलेगी। इसमें विद्यार्थियों को ड्रोन निर्माण, संचालन और हवाई तकनीक के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला एंड्रोएयर के सहयोग से आयोजित की जा रही है।इसी क्रम में अनुकम्पिता फाउंडेशन के सहयोग से 'द आर्ट ऑफ स्मार्ट वर्क' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें ट्विलियो एवं अमेजन के उद्योग विशेषज्ञ इशान गौतम ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने मन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व क्षमता, प्राथमिकता निर्धारण और समय प्रबंधन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही कार्य को व्यवस्थित ढंग से करने और समय का बेहतर उपयोग करने के तरीके बताए।

निदेशक प्रो. जितेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ समय प्रबंधन, नेतृत्व, संवाद कौशल और सकारात्मक कार्य संस्कृति का विकास भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है।

ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देने के साथ उद्योग जगत से जोड़ने में सहायक हैं।कार्यक्रम में ललित कुमार दीक्षित भारद्वाज, डॉ. एसके राजपूत, प्रो. एनपी यादव, प्रो. यशपाल सिंह सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## जल विहार महोत्सव में बिखरी बुंदेली संस्कृति की छटा, राई पर झूमे दर्शक




समृद्धि न्यूज, बरुआसागर (झांसी)।

जल विहार महोत्सव-2026 में शनिवार शाम आयोजित सांस्कृतिक संध्या बुंदेली लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर रही। जिज्ञ खरे एंड टीम ने लाइव संगीत के साथ राई लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कलाकारों की थिरकती लय और लोकगीतों ने माहौल को जीवंत कर दिया।कार्यक्रम बबीना विधायक राजीव सिंह 'पारीछा' के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाउपाध्यक्ष अमर सिंह कुशवाहा, नगर पालिका ईओ लाल जी, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के माध्यम से बुंदेली लोक कला और सांस्कृतिक विरासत को मंच देने तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:
कार्य का नाम : बनारस – नये इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड का प्रावधान, ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-वीएसबी-2026-138, अनुमानित लागत : ₹ 4,66,40,582/-, अग्रधन राशि (बिड सिक्यूरिटी) : ₹ 3,83,200/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 14.10.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 10 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-वीएसबी-2026-138 दिनांक 14.10.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-351 वाराणसी
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# लगातार आंधी-बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

- सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर चला रहा राहत कार्य
- सरकारी आंकड़े में 42 मकान क्षति व 07 पशु हानि

समृद्धि न्यूज़,सुल्तानपुर।


कुड़वार में सड़क पर गिरा ट्रांसफार्मर पोल


कार्य पर लगे विद्युत कर्मियों से जानकारी करते डीएम इंद्रजीत सिंह

लगातार तीन दिनों से आंधी पानी के चलते आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।भारी बारिश व तेज हवा से फसलों व जर्जर मकानों सहित अन्य लोगों पर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। हालांकि तीन दिन में जिले में कोई जनहानि नहीं हुई है। सरकारी आंकड़े के अनुसार 07 पशुओं की मौत के साथ 42 मकान क्षति ग्रस्त हुए है।जिला प्रशासन सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर रहत बचाव कार्य में जुटा है। बता दे कि लगातार हो रही बारिश के चलते आम लोगों का जीवन ठहर गया है। विद्युत फाल्ट की समस्या अत्यधिक हुई है। जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को जारी आंकड़े के अनुसार जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में 01 पशु हानि, 06 मकान क्षति के साथ 09 जगहों पर पेड़ गिरने की सूचना मिली थी। जिसे हटवाकर आवागमन चालू कराया गया। सदर तहसील क्षेत्र में 04 मकान क्षति के साथ निगोलिया व धम्मौर में जलभराव की समस्या को दूर कराते हुए सुल्तानपुर कादीपुर मार्ग पर गिरे पेड़ को हटवाया गया। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में 06 पशु हानि के साथ 14 मकान क्षति के साथ 10 जगह पेड़ गिरने की सूचना पर पेड़ हटवाकर आवागमन चालू कराया गया। कादीपुर तहसील क्षेत्र में 14 मकान क्षति के साथ 02 जगह रस्ते में पेड़ गिरे थे जिन्हें हटवाया गया।लंभुआ तहसील क्षेत्र में 04 मकान क्षति के साथ 04 जगह पेड़ गिरने की सूचना पर पेड़ को हटवाकर आवागमन चालू करवाया गया।वही बिजली विभाग के आंकड़े के अनुसार 1070 पोल 89 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए है। 46 उपकेंद्र में से 21 उपकेन्द्रों की 33 केवी लाइन बहाल हो सकी है। अन्य पर विभागीय कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने जनपदवासियों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। किसी भी समस्या पर तत्काल पुलिस व प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया है।

## जर्जर मकान से तीन परिवारों को विद्यालय में कराया शिफ्ट

**सुल्तानपुर।** लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के बीच पाराबासूपुर गांव में जर्जर कच्चे मकान में रह रहे तीन परिवारों को प्रशासन ने शनिवार को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया। मकान गिरने की आशंका की सूचना पर एसडीएम कादीपुर विनीत कुमार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जांच के बाद एसडीएम ने मनोज कुमार तिवारी समेत तीन परिवारों को अस्थायी रूप से बाल वाटिका केंद्र के भवन में रहने की व्यवस्था कराई। उन्होंने कोटेदार को प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बीडीओ शिवप्रकाश सिंह ने भी मौके का निरीक्षण किया बताया गया कि पिछले वर्ष बारिश में मकान का हिस्सा गिर चुका था और दैवीय आपदा की सहायता राशि भी मिली थी लेकिन आवास के लिए धनराशि अब तक नहीं मिल सकी। मकान में बच्चोंए महिलाओं समेत एक दर्जन से अधिक लोग रह रहे थे। एसडीएम ने कहा कि आवास की व्यवस्था होने तक परिवार बाल वाटिका केंद्र में रहेंगे।

## चीनी मिल के पेराई सत्र की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, रिपेयर कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश



**सुल्तानपुर।** आगामी पेराई सत्र 2026-27 को लेकर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को चीनी मिल की तैयारियों की समीक्षा की। चीनी मिल के प्रशासनिक भवन में आयोजित प्रबंध कमेटी की बैठक में मिल के रिपेयर, मेंटीनेंस और संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक से पहले जिलाधिकारी ने मिल परिसर में चल रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पावर हाउस, बॉयलिंग हाउस, टरबाइन और मिल हाउस का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अवशेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि पेराई सत्र के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बैठक में चीनी मिल को पुनः संचालित करने के लिए आवश्यक तैयारियों के साथ आय-व्यय और लेखा विवरण पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा उपयोग किए जा रहे आवासों को नियमानुसार खाली कराने, मिल परिसर की जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण तथा गन्ना फार्म व यार्ड की बाउंड्रीवाल से संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। डीएम ने मिल की परिसंपत्तियों और व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा जरूरी कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर, जिला गन्ना अधिकारी, संचालक मंडल के सदस्य और मिल अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आंधी-पानी में आम का पेड़ गिरा, संपर्क मार्ग बाधित

**लंभुआ।** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर पनियार गांव में शनिवार को तेज हवा और बारिश के बीच आम का विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर मरी माता संपर्क मार्ग पर गिर गया। इससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। पेड़ हाजी दादा मजार के समीप कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के पास स्थित था। पेड़ गिरने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। बारिश जारी रहने के कारण पेड़ को तत्काल नहीं हटाया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार मौसम साफ होने के बाद पेड़ हटाकर मार्ग को आवागमन के लिए सुचारु कराया जाएगा।

### पेड़ गिरने से चांदा-कादीपुर मार्ग दो घंटे बाधित

**चांदा,सुल्तानपुर।** तेज बारिश और हवा के चलते चांदा क्षेत्र के देवाढ़ गांव के पास रविवार को सड़क पर पेड़ गिर गया। इससे चांदा-कादीपुर मार्ग पर दो घंटे से अधिक समय तक आवागमन बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। ग्रामीणों ने मशक्कत कर पेड़ की डालियां काटकर हटाई जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। इसी तरह चांदा कस्बे से रामपुर जाने वाले मार्ग पर भी पेड़ गिरने से आवागमन ठप रहा। ग्रामीणों ने पेड़ हटाकर रास्ता चालू कराया। दो दिनों से लगातार बारिश के चलते क्षेत्र में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### तेज हवा-बारिश से 14 घंटे गुल रही बिजली

**चांदा,सुल्तानपुर।** तेज हवा और रुक-रुककर हो रही बारिश से चांदा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। शुक्रवार रात करीब 8ः35 बजे ब्रेकडाउन होने से चांदा कस्बे में बिजली गुल हो गई। फाल्ट दूर करने में बारिश और तेज हवा के कारण कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 14 घंटे बाद शनिवार सुबह 11:30 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। एसडीओ चांदा ने बताया कि तेज हवा के कारण पेड़ गिरने और विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से फाल्ट आया था। टीम ने प्रयास कर आपूर्ति बहाल की। वहीं कोइरीपुर विद्युत उपकेंद्र की आपूर्ति भी प्रभावित रही। वहां विभागीय टीम पेट्रोलिंग कर रही है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे राजस्व अधिकारी

**कुड़वार।** लगातार हो रही भारी बारिश के बीच जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने बाढ़ और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव और राजस्व निरीक्षक शिवप्रसाद ने तिरक्षेए नीरसाहिया और भंडरा समेत आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर समस्याएं जानीं और आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने की अपील की। राजस्व कर्मियों को प्रभावित परिवारों की समस्याएं दर्ज कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। लेखपाल दिवाकर यादव भी क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

### मंजूषा नदी में गिरा युवक, तलाश में जुटे ग्रामीण

**सुल्तानपुर।** मंजूषा नदी का जलस्तर बढ़ने के बीच शनिवार को एक युवक के नदी में गिरने की सूचना से हड़कंप मच गया। बताया गया कि विजय कंशकार नामक युवक शाही पुल के पास नदी में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से तलाश शुरू कर दी। सूचना पर दोस्तपुर थानाध्यक्ष नारद मुनि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कई घंटे बीतने के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका था। स्थानीय लोगों द्वारा नदी में तलाश अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस भी राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बछरावां-रायबरेली।** अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया, किशोर को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बीते शुक्रवार की शाम 6 बजे के आसपास रामपुर निवासी विवेक कुमार उम्र 15 वर्ष पुत्र बसंत लाल बाइक पर सवार होकर बछरावां कस्बे से अपने घर की ओर जा रहा था। बछरावां कस्बे से बाहर निकलते ही लकड़ मंडी के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा बाइक में जोरदार टक्कर मार दी गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल किशोर को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया है। परंतु गंभीर चोट होने के चलते डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से बालक घायल

**डीह-रायबरेली।** अपनी नानी के साथ अस्पताल से दवा लेकर लौट रहे एक बच्चे को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी डीह ले गए हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूरे फकीरन मजरे डेला गांव की रहने वाली रुकसाना बानो अपने नाती हसन पुत्र अल्ताफहुसैन 6 वर्ष के साथ सीएचसी डीह दवा लेने आई थी दवा लेकर जैसे ही वह डीह फुरसतगंज मार्ग तिराहे पर पहुंची तभी रोखा की तरफसे आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे बच्चा घायल हो गया जिसे तुरंत इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां चिकित्सक डॉ एस पी गौतम ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दर्जी ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 29 सितंबर को

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में संचालित रोजगारपरक योजनाओं में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है। इसी क्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में ट्रेडवार अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड में ऑनलाइन प्राप्त सभी आवेदकों का साक्षात्कार कराया जा रहा है। दर्जी ट्रेड के समस्त आवेदकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि 29 सितम्बर 2026 एवं समय 11 बजे अपने मूल प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखों के साथ साक्षात्कार में अनिवार्य रूप से कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में उपस्थित हों।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव, कोहराम



- ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा
- रिपोर्ट आने पर मिलेगी मौत की सही जानकारीः थाना प्रभारी निरीक्षक

समृद्धि न्यूज़,डीह-रायबरेली।

थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में घर के अन्दर एक अविवाहित युवक का शव शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता पाए जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। बारिश होने के बावजूद घटना स्थल पर ग्रामीणों का मजमा लग गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए भेज दिया। पूरे लोधन (हमीरी पट्टी) मजरे सिरसी गांव निवासी विकास पुत्र लल्लन 22 वर्ष शुक्रवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह घर वाले जब देखा कि देर तक वह कमरे से नहीं निकला तो कमरे के अन्दर गए तो परिजनों के होश उड़ गए। विकास का शव पंखे के हुक से साड़ी के फंद्दे से लटक रहा था। परिजनों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन पास पड़ोस के लोग जब उसके घर गए जहां मृतक के परिजनों का रोरोकर बुरा हाल था। पिता लल्लन कह रहा था कि किसी से कोई लड़ाई झगड़ा भी नहीं था, मजदूरी करता था। शाम को खाना खाकर कमरे में सोने गया और यह कदम किस कारण उठाया जिससे उसे फांसी लगा कर आत्म हत्या करनी पड़ी। लोगों ने सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस शव को उतरवा कर पी एम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है मौत की सही जानकारी रिपोर्ट आने पर हो पाएगी।

# बारिश से कच्चा मकान गिरा मलबे में दबी घर की गृहस्थी



समृद्धि न्यूज़ बछरावां रायबरेली।

विकासखंड बछरावां के चुरुआ गांव में तीन दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के चलते एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। हादसे में घर में रखा सारा घरेलू सामान और खाद्यान्न मलबे में दबकर नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार, चुरुआ निवासी होरीलाल पुत्र स्व. शीतल दीन एवं राम किशोर पुत्र शीतल दीन अपने कच्चे मकान में रहकर किसी तरह गुजर-बसर कर रहे थे। गरीब परिवार लंबे समय से इसी कच्ची छत के नीचे जीवन यापन कर रहा था। तीन दिन की लगातार तेज बारिश के कारण शनिवार को उनका कच्चा मकान अचानक गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त परिवार के लोग बाहर थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर में रखी खाने-पीने की सामग्री, कपड़े, बर्तन सहित सारा घरेलू सामान मलबे में दबकर बर्बाद हो गया।

## 46 घंटे से रानीगंज में बिजली ठप, हाहाकार

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** तेज हवा और मूसलाधार बारिश के चलते रानीगंज क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। लच्छीपुर नार्थ फीडर से जुड़े तीन दर्जन से अधिक गांवों में बीते 46 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बुधवार शाम आई आंधी-पानी के कारण कई स्थानों पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के तार टूटकर गिर गए। इसके बाद गुरुवार रात विद्युत उपकेंद्र के फीडर ट्रॉली में आई तकनीकी खराबी से स्थिति और विकराल हो गई। लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। मोबाइल डिस्चार्ज हो गए हैं और इनवर्टर जवाब दे चुके हैं। घरों की पानी की टंकियां खाली होने से ग्रामीणों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। इस बिजली संकट से भटपुरवा, बीजेमऊ, दरियापुर, गोसाईपुर, चांदपुर, हरिहरगंज, कूराडीह, थाहीपुर और हथौड़ासराय सहित दर्जनों गांव बुरी तरह प्रभावित हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में गोवंश संरक्षण समिति की हुई बैठक

समृद्धि न्यूज़,रायबरेली।

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन मूल्यांकन समिति तथा विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित समस्त अस्थायी एवं स्थायी गो-आश्रय स्थलों, वृहद गो-संरक्षण केन्द्रों तथा कान्हा उपवनों में संरक्षित निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों के भरण-पोषण तथा गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने गोवंशों के लिए पर्याप्त हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गो-आश्रय स्थलों से सम्बद्ध टैग्ड भूमि पर हरा चारा उत्पादन कराने तथा किसानों से हरा चारा उपलब्ध कराने के लिए अनुबंध किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गो-आश्रय स्थलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं अवस्थापना संबंधी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। निर्माणाधीन वृहद गो-संरक्षण केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गोशालाओं से सम्बद्ध चारागाह भूमि को कब्जा मुक्त कराने तथा उसका उपयोग गोवंशों के लिए चारे की व्यवस्था में किए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने राजमार्गों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों को अभियान चलाकर गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित कराने के निर्देश दिए।

## बारिश में घर का टिनशेड गिरने से गृहस्थी का सामान दबा

**बछरावां-रायबरेली।** लगातार हो रही बारिश के चलते टीन सेडनुमा कमरा गिरकर मलबे में तब्दील हो गया। जिसमें घर गृहस्थी का सामान तथा मिट्टी के बर्तन क्षतिग्रस्त हो गए तथा एक बकरी भी घायल हो गई। शनिवार दोपहर 1 बजे भर भरा कर गरीब का आशियाना गिरकर मलबे में तब्दील हो गया। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम सभा थुलेंडी में दो दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के चलते शनिवार को गरीबे वल्द हनीफके घर के पिछले हिस्से में लगा सीमेंटेड टिनशेड भरभराकर गिर गया। हादसे के समय परिवार के लोग घर के दूसरे हिस्से में थे, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, टिनशेड गिरने से परिवार के सामने रहने की समस्या खड़ी हो गई है। परिजनों के अनुसार, बारिश के कारण घर के पिछले हिस्से में लगा टिनशेड अचानक ढह गया। मलबे की चपेट में आने से वहां बंधी एक बकरी घायल हो गई। परिवार के मुताबिक, मलबे में दबकर मिट्टी के कई बर्तन टूट गए। इसके अलावा गृहस्थी का कुछ सामान भी मलबे में दबने से क्षतिग्रस्त हो गया।

# मानस अपार्टमेंट में युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।

नैनी स्थित मानस अपार्टमेंट में शुक्रवार को एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आधार कार्ड के आधार पर भूपेंद्र सोनी पुत्र निब्बू लाल सोनी, निवासी चम्पतपुर घूरपुर के रूप में हुई है। भूपेंद्र आभूषण का कारोबार करता था। पुलिस ने मौके से मिले मोबाइल फोन और एक सफेद कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार करीब 12 बजे भूपेंद्र के मोबाइल पर किसी का फोन आया था। इसके बाद वह अपनी नई कार लेकर नैनी के मानस अपार्टमेंट पहुंचा। अपार्टमेंट के आठ मंजिला सी ब्लॉक के नीचे करीब दो बजे उसका शव संदिग्ध हालत में मिला। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि भूपेंद्र अपार्टमेंट में किससे मिलने आया था और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। घटना की सूचना पर एसीपी करछना कुंजलता और नैनी इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों से पूछताछ की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय एक तेज आवाज सुनाई दी थी। जिसके बाद लोग बाहर निकले। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस पूछताछ में एक छात्र ने बताया कि तेज आवाज के बाद एक महिला और उसके साथ दो लड़कियां उसके कमरे की ओर आई थीं और छिपने के लिए सहायता मांग रही थीं। डर के कारण छात्र ने उन्हें सहारा नहीं दिया, जिसके बाद वे सड़क की ओर चली गईं। पुलिस अब महिला और दोनों लड़कियों की पहचान एवं तलाश कर रही है। एसीपी करछना कुंजलता ने बताया कि युवक के अपार्टमेंट से नीचे गिरने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई है। युवक अपार्टमेंट में किस उद्देश्य से आया था और घटना के पीछे क्या कारण है, इसकी जांच की जा रही है। मृतक के मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है।

# नए कोहड़ौर थाने का डीएम-एसपी ने किया शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज़,प्रतापगढ़।



जिले में शनिवार को नए बने कोहड़ौर थाने का विधिवत उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व थाना परिसर में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ आयोजित की गई। इस अवसर पर थाना परिसर में एक नए मंदिर के निर्माण के लिए मंत्रोचार के बीच भूमि पूजन किया गया और अधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों ने मिलकर मंदिर की नींव रखी।

**काटा फीता, मंदिर का हुआ भूमि पूजन**

उद्घाटन के पश्चात अधिकारियों ने नव निर्मित थाना भवन का निरीक्षण किया और वहां मौजूद कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नए थाने की स्थापना से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। इससे स्थानीय नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और नियमानुसार उनका निस्तारण किया जाए। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून का राज बनाए रखना है। नए भवन से पुलिस की कार्यप्रणाली में और सुधार आएगा। इस दौरान एसडीएम और क्षेत्राधिकारी समेत पुलिस व प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बारिश से बीरापुर का मुख्य मार्ग जलमग्न, ग्रामीणों में आक्रोश

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** विकास खंड शिवगढ़ की ग्राम सभा बीरापुर की ब्राह्मण बस्ती में लगातार हो रही बारिश से मुख्य मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया है। सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित है।

ग्रामीणों के अनुसार, समस्या के समाधान के लिए ग्राम प्रधान व पंचायतकर्मियों से लेकर खंड विकास अधिकारी तक शिकायत की जा चुकी है। बीडीओ संजय नारायण झा ने ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सरोज को तत्काल मार्ग दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते मरम्मत के नाम पर सड़क पर सिर्फ ईंटों के टुकड़े डाल दिए गए। ईंट के टुकड़ों की वजह से रास्ता और अधिक ऊबड़-खाबड़ व खतरनाक हो गया है। इससे पैदल चलने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दोपहिया वाहन भी इस खराब रास्ते पर हिचकोले खाकर दुर्घटनाग्रस्त या खराब हो रहे हैं।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता राहुल पांडेय का निधन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व संयुक्त सचिव अधिवक्ता राहुल पांडेय का शुक्रवार शाम अचानक निधन हो गया। बताया गया कि हाईकोर्ट चौराहे के पास न्यायविद हनुमान मंदिर में उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा और वे जमीन पर गिर पड़े। राहुल पांडेय उस समय हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सीपी उपाध्याय और महासचिव संतोष कुमार मिश्रा समेत अन्य अधिवक्ताओं के साथ चुनावी जश्न में शामिल थे। अचानक तबीयत बिगड़ने पर साथी अधिवक्ता उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राहुल पांडेय अचानक जमीन पर गिर पड़े। उनके निधन की खबर मिलते ही हाईकोर्ट परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।


राहुल पांडेय हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके थे। युवा अधिवक्ताओं के बीच भी उनकी सक्रियता रही। उनका आवास सेंट एंथोनी स्कूल के सामने शक्ति कोचिंग के पास बताया गया है।

निधन से कुछ समय पहले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें राहुल पांडेय नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सीपी उपाध्याय और महासचिव संतोष कुमार मिश्रा के साथ दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वे सामान्य नजर आ रहे हैं और माइक लेकर बोलने का प्रयास करते दिखाई देते हैं। इसके कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आई।

राहुल पांडेय के अचानक निधन से अधिवक्ता समुदाय में शोक का माहौल है। साथी अधिवक्ताओं ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

समृद्धि न्यूज़, रानीगंज प्रतापगढ़।



क्षेत्र के शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में सेवा संकल्प अभियान के चौथे दिन विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम जनता को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी संजय नारायण झा ने 5 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की। विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओं की देखरेख में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी लगाई। स्टॉल पर फल, मूली, गाजर, दलिया और पौष्टिक लड्डू बनाकर आकर्षक ढंग से सजाए गए थे। मुख्य सेविका श्यामली सिंह और एकता सिंह ने गर्भवती महिलाओं का वजन व लंबाई मापना और कुपोषित बच्चों की देखभाल करना आंगनबाड़ी केंद्रों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।स्वास्थ्य सेवाओं के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज के अधीक्षक डॉ. नौशाद हुसैन के निर्देशन में डॉ. नागेंद्र सिंह मौर्य और फार्मासिस्ट निखिल दुबे की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग, पूर्ति विभाग और होम्योपैथिक विभाग के डॉक्टरों ने भी स्टॉल लगाकर लोगों को सेवाएं व दवाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य सेविका नीशा सिंह, संजू कुशवाहा, रेनू पांडेय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता मौर्य, अर्चना मिश्रा (बीजेमऊ), पार्वती, मंजू देवी, सुनीता, किरण, संगीता, सुमन, आशा बहू निर्मला गौतम (कुंभापुर) और आशा संगिनी संजू सरोज एवं आरती मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।


## चंडिका देवी धामः यात्री शेड व शौचालय बदहाल, मामला पहुंचा मुख्यमंत्री के द्वार



**संडवा चंडिका-प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पौराणिक स्थल मां चंडिका देवी धाम में पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित यात्री शेड और सामुदायिक शौचालय की बदहाली का मामला मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। किशुनगंज दशरथ नगर निवासी जगदीश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जांच कराने और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, करीब 3-4 वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्यदायी संस्था पीसीसीएल से इनका विधिवत हैंडओवर नहीं हो सका है। देखरेख और केयरटेकर के अभाव में यात्री शेड की छत टूटकर जर्जर हो चुकी है, वहीं शौचालय क्षतिग्रस्त पड़ा है और बिजली आपूर्ति भी बाधित है। धाम में हर मंगलवार और नवरात्र के दौरान हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन पर्याप्त शौचालय व छाया न होने से उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में मां चंडिका धाम प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य राम सिंह एडवोकेट ने बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर हैंडओवर की मांग की थी, लेकिन पर्यटन विभाग ने अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं की। शिकायतकर्ता ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई और तुरंत मरम्मत कराने की मांग उठाई है।

# पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए राजाराम वैश्य

समृद्धि न्यूज़, गड़वारा प्रतापगढ़।



नगर पंचायत गड़वारा स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित मेला समिति की विशेष बैठक में आगामी भरत मिलाप एवं मेले के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मेला समिति के सदस्यों और संरक्षकों ने सर्वसम्मति से एक बार फिर राजाराम वैश्य को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुछ सदस्यों द्वारा बदलाव की मांग और आपत्तियां भी उठाई गईं, लेकिन संरक्षकों और अधिकांश सदस्यों ने उन्हें दरकिनार करते हुए राजाराम वैश्य के नाम पर अपनी अंतिम मुहर लगाई। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से उनके कुशल नेतृत्व में गड़वारा का ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम नई बुलंदियों को छू रहा है। बैठक में मेला समिति के पुनर्गठन के तहत कोषाध्यक्ष पद पर सत्यप्रकाश मिश्रा तथा मेला प्रबंधन का कार्यभार संभालने हेतु शिवा वैश्य के नाम पर सर्वसम्मति बनी। वक्ताओं ने मेले को अधिक भव्य, आकर्षक और सुरक्षित बनाने के लिए अपने-अपने विचार साझा किए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गड़वारा चौकी इंचार्ज सचिन यादव दल-बल के साथ बैठक के दौरान मुस्तैद रहे। इस अवसर पर दिनेश सिंह दिन्नू, विपिन गुप्ता, सचिन सिंह सोमू, उमेश जायसवाल, सोनू वैश्य, राहुल, चंद्रप्रकाश वैश्य, संतोष पांडे, संजय सिंह, मनीष सिंह, विनय जायसवाल, लालजी सेठ, सभासद बृजेश सिंह, विवेक त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बारिश से जनजीवन बेहाल,दो मकानों की गिरी छतें

- कामकाज ठप, बाजारों में सन्नाटा
- जलनिकासी के लिए जुटे सफाई कर्मी

**समृद्धि न्यूज़, समधन।**




शुक्रवार सुबह से शनिवार शाम तक लगातार करीब 36 घंटे हुई बारिश से नगर का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होती रही। लगातार बारिश के चलते आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई और लोग जरूरी कामों के लिए ही घरों से बाहर निकले। बारिश का सबसे अधिक असर मजदूर वर्ग पर देखने को मिला। कामकाज ठप होने के कारण कई मजदूरों को काम नहीं मिल सका और उन्हें घरों में ही रहना पड़ा। वहीं, नगर के बाजारों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। आम दिनों की अपेक्षा दुकानों पर ग्राहकों की संख्या काफी कम दिखाई दी। लगातार बारिश के चलते नगर के मोहल्ला किदवई नगर में शनिवार को मोहम्मद इब्राहीम पुत्र मोहम्मद नन्हू के मकान के एक कमरे की कच्ची छत अचानक भरभराकर गिर गई। छत के मलबे में कमरे में रखा घरेलू सामान दब गया। गनीमत रही कि हादसे के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसी मोहल्ले में पड़ोसी मशरूर इदरीसी पुत्र मकबूल के मकान के एक कमरे की कच्ची छत भी बारिश के कारण भरभराकर गिर गई। छत गिरने से परिवार में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। उधर, नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सफाई नायकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्देशों के बाद सफाई कर्मी दिनभर नगर के नालों और नालियों में पानी के निकास को सुचारु करने में जुटे रहे। जहां-जहां पानी के निकास में रुकावट मिली, वहां सफाई कराकर जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया गया। लगातार बारिश के बाद मौसम में भी बदलाव देखने को मिला। तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी और उमस से काफी राहत मिली। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली।

## भारी बारिश पर प्रशासन अलर्ट, एसडीएम-तहसीलदारों को क्षेत्र में रहने के निर्देश

**कन्नौज।** लगातार बारिश और मौसम विभाग के येलो अलर्ट के बाद जिला प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर हालात पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। तहसील स्तर पर राहत व्यवस्था और त्वरित सूचना तंत्र सक्रिय रखने को कहा गया है। लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को भी क्षेत्र में भ्रमण कर ग्रामीणों को भारी बारिश की संभावना और प्रशासन की एडवाइजरी की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। जलभराव, कच्चे मकानों और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के आदेश दिए गए। एडीएम ने कहा कि बारिश से जनहानि, पशुहानि, मकान या फसल क्षति की सूचना मिलते ही अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच कराएं। प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## तर्पण

### माता-पिता से विरासत में मिली ईमानदारी: शैलेंद्र गुप्ता लालू





स्वर्गीय महादेव प्रसाद गुप्ता



स्वर्गीय कुसुम गुप्ता

मेरे पिता स्वर्गीय महादेव प्रसाद गुप्ता व माता स्व. कुसुम गुप्ता के अनुसार कभी किसी का विश्वास नहीं खोना और विश्वासघात भी नहीं करना। व्यापार में ईमानदारी बहुत जरूरी है और समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद करते रहना। उनकी दी हुई शिक्षा और सीख आज हमारे काम आ रही है। संत तुल्य पिताश्री व माता जी के बताए रास्ते पर चलने से मेरा व्यापार दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है और मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ रही है। उन्होंने कभी धन को प्राथमिकता नहीं दी। वह रिश्तों को सहेजने में विश्वास रखते थे। कभी धन और रिश्ते में एक को चुनना पड़ा तो रिश्तों को ही चुना। वह संत हृदय थे और ईश्वर के प्रति पूरी आस्था रखते थे। विरासत में मिली शिक्षाओं को मैं अपनी संतान को भी सौंपना चाहता हूं। आप जहां भी हो अपना आशीर्वाद मुझ पर व मेरे परिवार पर बनाए रखना। आप के बताए मार्ग पर हम सब सदैव चलते रहेंगे। पितृपक्ष के पावन पर्व पर आप को शत-शत नमन।



शैलेंद्र कुमार गुप्ता लालू (पुत्र)

## बारिश में कच्चा मकान ढहा, 17 बकरियों की मौत

**कन्नौज।** 42 घंटे से लगातार हो रही बारिश के बीच सदर कोतवाली क्षेत्र के कीरतपुर गांव में शनिवार दोपहर कच्चा मकान भरभराकर ढह गया। कमरे में बंधी 35 बकरियां मलबे में दब गईं। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर 18 बकरियों को सुरक्षित निकाल लिया, जबकि 17 की दबकर मौत हो गई। गांव निवासी खलील बकरी पालन कर परिवार का खर्च चलाते हैं। उन्होंने कच्चे मकान के एक कमरे में बकरियां बांध रखी थीं। शनिवार दोपहर करीब दो बजे तेज बारिश के बीच अचानक मकान ढह गया। हादसा होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मलबा हटाकर बकरियों को निकालने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद 18 बकरियों को जिंदा बाहर निकाला गया, लेकिन 17 की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी अधिकारियों को दी। खलील ने बताया कि बकरियां ही उनकी आय का मुख्य साधन हैं। एक बकरी की कीमत करीब 15 से 20 हजार रुपये थी। 17 बकरियों की मौत से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद



- विशुनगढ़ थाने में भूमि विवादों का मौके पर सत्यापन
- साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव पर दिया जोर

**समृद्धि न्यूज़,कन्नौज।**

थाना समाधान दिवस में शनिवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार ने विशुनगढ़ थाने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने पुलिस और राजस्व कर्मियों को शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए। भूमि विवाद और राजस्व मामलों में पुलिस-राजस्व टीम को मौके पर जाकर जांच करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं होगी। एसपी ने पुलिसकर्मियों को प्रत्येक प्रार्थनापत्र गंभीरता से लेने और फरियादियों से शालीन व संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम-एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। कार्यालय, अभिलेख, मालखाना और बैरकों की व्यवस्थाएं देखीं। साफ-सफाई और अभिलेखों के बेहतर रखरखाव पर जोर दिया।

अधिकारियों ने सेवा संकल्प शिविरों में हर आवेदन दर्ज करने तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। शिविरों में मिली शिकायतों की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

## विद्यार्थियों ने किया 'वंदेमातरम' का सामूहिक गायन



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।** वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम' की 150 वीं वर्षगांठ पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक गायन किया। देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अरुण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में 'वंदेमातरम' के सामूहिक गायन से विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, भाषणों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 'वंदेमातरम' के ऐतिहासिक महत्व तथा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य मो. आसिम मंसूर ने कहा कि 'वंदे मातरम्' भारतीयों के लिए मातृभूमि के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। प्रबंधक विमलेश दुबे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना एवं भारतीय संस्कारों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# लगातार बारिश से फसलों को भारी नुकसान

- कच्चे मकानों के साथ पक्के घरों में भी टपकने लगा पानी

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। बारिश के कारण कई रास्ते और चौराहे तालाब में तब्दील हो गए। लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

कई स्थानों पर घरों और दुकानों के अंदर पानी भर गया।

लगातार बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पानी भरने से फसलें खराब होने की आशंका है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। कई घरों में बारिश का पानी घुस गया और घरों का सामान तैरता हुआ दिखाई दिया। बारिश की मार इतनी तेज थी कि पक्के मकानों की छतों और दीवारों से भी पानी टपकने लगा। बारिश के कारण नगर का बाजार भी प्रभावित रहा। अधिकांश दुकानें बंद रहने से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर जरूरी काम से निकलने वाले लोग ही नजर आए। लगातार बारिश के चलते जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक यात्रा के भव्य स्वागत की बनाई गई रणनीति



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा एवं संकल्प अभियान' के अंतर्गत काशी से वड़नगर तक निकल रही भव्य बाइक यात्रा के स्वागत की रणनीति बनाई गई। मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं से यात्रा के स्वागत हेतु सफल एवं भव्य आयोजन के लिए पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। बैठक में यात्रा के मार्ग, स्वागत व्यवस्था, कार्यकर्ताओं की सहभागिता तथा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ यात्रा के भव्य स्वागत का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह यात्रा सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोनू चौहान, जिला मीडिया प्रभारी अतुल वर्मा, विकास त्रिपाठी, अंशु पाल, व्योम शुक्ला, शशांक मिश्रा, हिमांक त्रिपाठी, अच्यु लोधी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बारिश में भरभराकर गिरा मकान, भैंस की मौत

**समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।** दो दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के चलते शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के जलालाबाद अंतर्गत ग्राम घासीपुर्वा में एक मकान अचानक भरभराकर धराशायी हो गया। मकान के मलबे में दबकर एक भैंस की मौत हो गई। हादसे के दौरान मकान में मौजूद परिवार बाल- बाल बच गए। वहीं जीटी रोड जलालाबाद के खुदलापुर स्टेशन के पास जीटी रोड पर नीम गिर गया जिसके चलते आवागमन बाधित हो गया। घासीपुर्वा निवासी अखिलेश पुत्र आशाराम का मकान शनिवार दोपहर लगभग 12:30 बजे बारिश के बीच भरभराकर गिर गया और मकान के मलबे में दबने से उनकी भैंस की मौत हो गई। मकान गिरने की तेज आवाज से आसपास के लोगों में अफरा- तफरी मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने में मदद की। घटना की सूचना मिलते ही लेखपाल अभिनव गौतम, गुरसहायगंज कोतवाल ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह व जसोदा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं लेखपाल अभिनव गौतम ने नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं जलालाबाद के जीटी रोड खुदलापुर स्टेशन के पास बारिश में नीम का पेड़ भर भराकर गिरने से जीटी रोड का आवागमन बाधित हो गया।

### बारिश में महादेवी घाट पर अंतिम संस्कार भी दुश्वार

**कन्नौज।** इत्रनगरी में 40 घंटे से बरस रहे पानी ने महादेवी घाट स्थित श्मशान घाट की बदहाल व्यवस्था को बेनकाब कर दिया है। अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को मौत के गम के बीच बदइंतजामी का दर्द भी झेलना पड़ रहा है। घाट परिसर में जगह-जगह गंदगी, कीचड़ और जलभराव है। बारिश के बीच शवदाह के लिए सूखी और सुरक्षित जगह जुटाना भी चुनौती बन गया है। महादेवी घाट कन्नौज के अलावा पड़ोसी जनपद हरदोई और आसपास के इलाकों के लोगों के लिए भी प्रमुख श्मशान घाट है। रोजाना यहां अंतिम संस्कार के लिए लोग पहुंचते हैं, लेकिन बारिश में अव्यवस्थाएं और विकराल हो गई हैं। जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से रास्तों पर पानी और कीचड़ जमा है। गंदगी के कारण लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि श्मशान घाट की नियमित सफाई और जरूरी सुविधाओं पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है। बारिश ने व्यवस्था की कमजोरियां सामने ला दी हैं। लोगों ने घाट की तत्काल सफाई, जलनिकासी, शेड और अंतिम संस्कार के लिए जरूरी सुविधाएं दुरुस्त कराने की मांग की है।

# मेरे सपनों का भारत पर हुई तहसील स्तरीय प्रतियोगिताएं

- हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



शासन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशों के अनुपालन और जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अजय कुमार के निर्देशन में हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। %मेरे सपनों का भारत% (चित्र सेवा थीम) विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जूनियर व सीनियर चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नोडल अधिकारी जितेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में छिबरामऊ तहसील के तीनों ब्लॉक तालग्राम, सौरिख एवं छिबरामऊ के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से चयनित छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के विचार सुनकर उनकी सराहना की। विधायक ने अतिवृष्टि और खराब मौसम के बावजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के गजब के उत्साह की खुले दिल से प्रशंसा की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे भी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जनपद नोडल अधिकारी एवं भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने बताया कि इस तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉकवार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 5-5 शीर्ष प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। चयनित प्रतिभागियों के चित्रों की भव्य प्रदर्शनी 30 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभागार, कन्नौज में आयोजित की जाएगी, जहाँ जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता भी संपन्न होगी। प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र ने प्रतिकूल मौसम के बाद भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, निर्णायक मंडल, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता, मेजर संदीप कुमार माधव, जिला सह-नोडल अधिकारी अनुज कुमार द्विवेदी, कनिर्णायक मंडल के सदस्य निशा सरोज, रंजना सिंह गौर, हंसराज प्रजापति, डॉ शिवराम मौर्य, हर्षित कुमार, रंजीत कुमार, वेदवंश भारतीय, पंकज यादव, नीशू सोनी, गोरे लाल, डॉ. अभिषेक मिश्रा, प्रिया मिश्रा, शालिनी, एवं आरती चतुर्वेदी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## बारिश के बीच समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शनिवार को जिले के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। विशुनगढ़ थाने में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को शिकायतों का गंभीरता, निष्पक्षता और समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना और बैरकों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों से सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने को कहा, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। वहीं छिबरामऊ कोतवाली में भी समाधान दिवस के दौरान कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे फरियादियों की शिकायतें सुनने के लिए मौजूद रहे। लगातार हो रही बारिश के कारण समाधान दिवस में एक भी फरियादी अपनी शिकायत लेकर कोतवाली नहीं पहुंचा। अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने निर्धारित समय तक फरियादियों का इंतजार किया। लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण फरियादी अपनी शिकायत लेकर कोतवाली नहीं पहुंच सके।

## बारिश में कच्चा मकान ढहने से गृहस्थी का सामान दबा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** लगातार हो रही बारिश के चलते वार्ड नंबर 13 हर्ष नगर बहवलपुर में एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में मकान के अंदर रखा गृहस्थी का अधिकांश सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही कि मकान गिरने के समय परिवार के सदस्य किसी तरह बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिबरन शाक्य पुत्र स्व. वेदराम शाक्य अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रह रहे थे। लगातार बारिश के कारण मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। शनिवार को अचानक मकान का एक हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। इसके बाद देखते ही देखते पूरा कच्चा मकान ढह गया। मकान के मलबे में अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान दब गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने और गृहस्थी चलाने का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

## अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में चमकी कन्नौज की खुशबू, कलावती गट्टा और कृषि तकनीक



**कन्नौज।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-4.0 में कन्नौज की खुशबू और पहचान ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर छाप छोड़ी। ट्रेड शो का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और अंत्योदय दिवस पर आयोजित आयोजन का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ना है। ट्रेड शो में कन्नौज के विश्वप्रसिद्ध इत्र, कलावती गट्टा और उन्नत कृषि तकनीक आकर्षण का केंद्र रहे। इंडो-इजरायल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स के स्टॉल पर आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कन्नौज के स्टॉलों का भ्रमण कर स्थानीय उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उद्योग, स्थानीय स्वाद और उन्नत कृषि तकनीकों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलना कन्नौज के लिए गर्व की बात है। यह मंच स्थानीय पहचान को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना के साथ स्थानीय उत्पादों को नए बाजार मिलने से उद्यमियों को आगे बढ़ने के मिलेंगे।

# बारिश से तालाब बनी इत्रनगरी, मोहल्ले जलमग्न

- हजारों की आबादी 20 घंटे से घरों में कैद
- जलनिकासी के दावों की खुली पोल

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**



लगातार 36 घंटे से हो रही बारिश ने इत्रनगरी की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर के एक दर्जन से अधिक मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। कई इलाकों में घरों के बाहर और गलियों में घुटनों तक पानी भरने से हजारों की आबादी करीब 20 घंटे से घरों में कैद है। शहर के शिखाना, शेखपुर, सफदरगंज, हम्मालीपुरा, बीबीचिमनी समेत पाटा नाला किनारे बसे कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गलियां पानी में डूबने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। कई घरों में पानी घुसने का खतरा बना हुआ है। लगातार बारिश के बीच जलनिकासी के इंतजाम नाकाफी साबित हुए। नालों की सफाई और जलभराव से निपटने के नगर पालिका के दावों की भी पोल खुल गई। लोगों का आरोप है कि समय रहते नालों की सफाई और पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जिससे बारिश थमने के बावजूद जलभराव से राहत नहीं मिल पा रही है।

# सपा नेता कुंवर बहादुर ने जानी जिले की समस्याएं

- आलू के उचित दाम, बेरोजगारी, सड़क और जलभराव के मुद्दे पर सपा नेताओं से की चर्चा

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**



अलीगढ़ से कन्नौज पहुंचे समाजवादी पार्टी के नेता कुंवर बहादुर सिंह बघेल ने पार्टी कार्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जिले की समस्याओं की जानकारी ली। बैठक में किसानों की समस्याओं के साथ आलू की फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

सपा नेता ने पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, जिलाध्यक्ष कलीम खान, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरिफ जमा खान, राम भजन पाल और अंशु पाल समेत अन्य नेताओं से स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। नेताओं ने कहा कि आलू किसानों को लागत के अनुरूप मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। बैठक में बेरोजगारी, सड़कों की खराब स्थिति, जलभराव और अन्य मूलभूत समस्याओं पर भी चर्चा हुई। कुंवर बहादुर सिंह बघेल ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार से मांग की जाएगी। इस दौरान शाहिद फिरोजवादी, गुलसाद अहमद, गुफरान अहमद, टिंकू पाल, विवेक पाल और हम्माद खान आदि मौजूद रहे।

# स्व. अशोक कुमार गुप्ता की तेरहवीं पर पूर्व खनन मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

- आरके पैलेस और ओम पैलेस तिर्वा रोड पर हुआ कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के पति स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता की तेरहवीं संस्कार (तेरहवीं) कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का आयोजन आर.के. पैलेस में किया गया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद देर रात तक लगभग 8000 से अधिक नगर व क्षेत्र के लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प-माला अर्पण कर नमन किया। इस मौके पर पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे, नीरज मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता एडवोकेट, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ, आशा इंटर कॉलेज प्रबंधक दिनेश गुप्ता, मानव गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज अनिल कुमार, नगर पालिका परिषद की पूर्व आधिशाषी अधिकारी श्रीमती मीनू सिंह, नायब तहसीलदार छिबरामऊ, तहसीलदार छिबरामऊ, डॉक्टर एस.सी. दीक्षित, विजय गुप्ता, कैलाश गुप्ता, विजय प्रजापति, रमन सेजवार एडवोकेट उर्फ जीतू, शिवा गुप्ता, गीता इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामनाथ प्रजापति, के.सी. एजुकेशन प्रबंधक संजीव चौहान, राजस्व विभाग के कौशल पांडे व अन्य लेखपाल, अनुराग गुप्ता, मोनू गुप्ता, विकास गुप्ता, रामकुमार पाठक, बाबा फूल सिंह, इंद्रप्रकाश गुप्ता, डॉ मुकेश आर्य, संतोष चतुर्वेदी, पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता, राजीव चौहान आरएसएस के जिला सेवा प्रमुख राजेश कटियार, कई मंडलों के आईएफसी सहित परिजन, रिश्तेदार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने कहा कि स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता गुरसहायगंज के सच्चे समाजसेवी थे। उन्होंने हमेशा गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए अपना हाथ बढ़ाया। नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में मुन्नी देवी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उन्होंने नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जाना समाज और नगर के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे।

पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा कि मेरे पूज्य पिताजी के तेरहवीं संस्कार में लगातार बारिश के बावजूद आप सभी ने आकर जो प्यार, आशीर्वाद और संवेदना व्यक्त की है, उसके लिए मैं और मेरा पूरा परिवार हृदय से आभारी है। पिताजी ने हमें हमेशा समाज सेवा और ईमानदारी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उनके अधूरे सपनों को और नगर के विकास के संकल्प को मैं आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास करूंगा। आप सभी की उपस्थिति ने हमें इस कठिन समय में संबल प्रदान किया है।

# 36 घंटे बारिश के कहर से जन जीवन अस्त-व्यस्त

- बारिश से शहर की सड़कें हुई जलमग्न
- ग्रामीण क्षेत्र में मकान गिरे सड़कें क्षतिग्रस्त

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

बीते 36 घंटे से झमाझम बारिश होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर की मुख्य सड़कों पर जलभराव के साथ-साथ नाले उफनाने लगे है।

पूरे दिन बाजार में दुकानें बंद रही। सड़कों पर सन्नाटा रहा। इक्का-दुक्का लोगों के अलावा कोई नहीं दिखा। रेलवे स्टेशन से रोडवेज तक नाम मात्र के यात्री दिखे। विद्युत विभाग की आपूर्ति भी दिन व रात में ठप रही।


मुख्य मार्ग पर भरा पानी

शहर से लेकर गांव तक बारिश का कहर ऐसा बरपा की लोग घर में दुबक कर रह गये है। फसलें भी जलमग्न हुई है। कच्चे मकान भी गिरे है। पुराने मकानों से पानी टिप-टिप बहने लगा है। धान की फसल में लोगों को नुकसान हुआ है। मक्का भी तैयार होने को है, जो कि नुकसान होने की उम्मीद है। दो दिनों से हुई लगातार बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हुआ है।

## बारिश के चलते जहानगंज क्षेत्र में गिरे कच्चे मकान


बारिश से गिरा मकान

फर्रुखाबाद। जहानगंज के बीबीपुर में भारी बारिश के चलते हरिनंदन कटियार एवं शैलेन्द्र कटियार के मकान गिर गये है। घरेलू सामान भी दब गया है। शहर से लेकर गांव तक बारिश के कारण कई मकान गिरे है। जानवर भी बेहाल है। गलियां व गांव की सड़कें पानी से लबालब भरी है। दो दिन की बारिश में तालाब भी उफान मार रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों बारिश के चलते लोग घरों में कैद है। कमालगंज से लेकर गंगापार क्षेत्र में कई मकान बारिश की भेंट चढ़े है। बिजली की गड़गड़ाहट से लोग परेशान है। भारी बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश नुकसान फसलों को हुआ है। मकान गिरने के कारण बीबीपुर के हरिनंदन कटियार व शैलेन्द्र कटियार परेशान है। मकान गिरने से सामान भी दब गया है।

मौसम विभाग द्वार जारी अलर्ट के चलते पानी और बरसने की संभावना है। पानी न रुकने के कारण लोग बाजारों में जरुरत का सामान तक नहीं लेने गये। गांव से आने वाले दूधिया भी नहीं आये।

ऐसे में लोग घर में ही रहकर बारिश रुकने का इंतजार करते रहे। ग्रामीण क्षेत्र में फसलों की तबाही से किसान की उम्मीदों पर पानी फिरा है।

धान, मक्का व मूंगफली की खेती पर असर पड़ा है।जिन लोगों के मकान गिरे है उनकी रात की नींद तो गई है साथ ही अड़ोसी-पड़ोसी के सहारे रात काटी है। नाले व नालियां भरभराकर उफान मार रही है। ऐसे में रोज मर्रा की जरुरत का सामान लेना भी मुश्किल हो गया है।


पुष्प वर्षा करती महिलायें

## गणेश विसर्जन यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गणेश प्रतिमा विसर्जन के आखिरी दिन पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धारानी स्मृति संस्थान के अध्यक्ष संजय गर्ग ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि नामित सभासद मीरा सिंह एवं भाजपा नेत्री चित्रा अग्निहोत्री ने आरती उतारकर यात्रा का स्वागत किया। संजय गर्ग ने फूलों की पुष्प वर्षा की और मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर गौरव मिश्रा, मुकेश, विनय अग्रवाल, श्याम जी गर्ग आदि लोग मौजूद रहे। संस्थान की ओर से संजय गर्ग ने मीरा सिंह व चित्रा अग्निहोत्री को शाल ओड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# कोल्ड ड्रिंक और पान मसाला की दुकान में लगी आग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद/कमालगंज।**

शनिवार सुबह एक कोल्ड ड्रिंक और पान मसाला की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान के मालिक राहुल गुप्ता ने बताया कि इस दुकान में उनका और उनके भतीजे हर्षित गुप्ता का सामान रखा हुआ था। घटना का पता तब चला जब शनिवार सुबह पड़ोसी ऋषि वर्मा ने बंद दुकान के अंदर से धुआं निकलता देखा।

**लाखों का सामान जलकर खाक**

उन्होंने बिना देरी किए तुरंत आसपास के लोगों और दुकान मालिक को इसकी सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गुप्ता, राघव शुक्ला, गौरव गुप्ता और चंदन समेत कई स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को भी घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने मोर्चा संभाला और 40 मिनट में आग को बुझा दिया। हालांकि, आग बुझने के बाद दुकान के अंदर भारी मात्रा में धुआं और गैस जमा हो गई थी, जिससे जले हुए मलबे को बाहर निकालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकान मालिक राहुल गुप्ता के अनुसार, इस अग्निकांड में उनका लाखों रुपये का माल जलकर नष्ट हो गया है।


मौके पर मौजूद दमकल कर्मी

# मूसलाधार बारिश के बीच भी नहीं थमी अफसरों की सुनवाई

## फरियादियों की संख्या रही कम, एडीएम-एएसपी समेत राजस्व व पुलिस टीम ने सुनीं समस्याएं

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**

दो दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश और बिगड़े मौसम के बावजूद शनिवार को थाना राजेपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में अधिकारियों की सक्रियता बनी रही।

बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से अपेक्षाकृत कम फरियादी पहुंचे, लेकिन अधिकारियों ने निर्धारित समय पर थाना पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश चंद्र ने पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उप जिलाधिकारी श्वेता साहू, कानूनगो, लेखपाल सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही। थानाध्यक्ष राजीव पांडे ने पुलिस टीम के साथ व्यवस्थाएं संभालीं और पुलिस से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से सुना। लगातार बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित है। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी होने के कारण लोग घरों से निकलने में भी परेशान हैं। ऐसे विपरीत मौसम में भी अधिकारियों की मौजूदगी से समाधान दिवस की कार्रवाई जारी रही।


शिकायतें सुनते एडीएम-एएसपी

अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों पर संबंधित पुलिस एवं राजस्व कर्मियों से मौके पर जानकारी ली और मामलों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिकायतों को केवल दर्ज करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बारिश के कारण भले ही समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही हो, लेकिन प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी ने यह स्पष्ट किया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद जनसमस्याओं की सुनवाई और उनके समाधान की प्रक्रिया जारी रहेगी।

# जन चौपालों व गोदभराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न


महिला को प्रशस्ति पत्र देते सांसद

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प से नागरिकों को जोड़ने और प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। 25 से 28 सितम्बर तक जनपद के आँगनबाड़ी केन्द्रों पर आँगन मिलन समारोह और जन चौपालों का आयोजन किया गया। जनपद की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं बढ़पुर, नबाबगंज, राजेपुर, कमालगंज, मोहम्मदाबाद, शमसाबाद, कायमगंज और शहर क्षेत्रों में जन चौपालों का आयोजन हुआ। कार्यक्रमों के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार तथा स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुपोषण मुक्त सैम श्रेणी से सुधरीकृत हुए बच्चों के अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया और आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को साड़ियों का वितरण किया गया। बढ़पुर महरूपुर सहजूप में मुख्य विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नबाबगंज के भटासा में सांसद मुकेश राजपूत द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की महिला एवं बाल विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। कमालगंज में विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया।

## 48 घंटे की मूसलाधार बारिश से अमृतपुर तहसील जलमग्न, प्रशासन अलर्ट

- एसडीएम श्वेता साहू ने लिया स्थिति का जायजा


जानकारी देती एसडीएम

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। लगातार 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश ने अमृतपुर तहसील क्षेत्र की स्थिति बिगाड़ दी है। तहसील परिसर सहित आसपास के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। चारों तरफपानी ही पानी नजर आने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। उप जिलाधिकारी श्वेता साहू ने बताया कि अभी तक क्षेत्र में बारिश के कारण किसी प्रकार की जनहानि की सूचना सामने नहीं आई है। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि बारिश से जिन किसानों की फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है, उनका नियमानुसार सर्वे कराया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर पात्र किसानों को शासन के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति का मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि लगातार बारिश के दौरान किसी भी ऐसे स्थान पर न रहें, जहां जलभराव, जर्जर भवन अथवा अन्य किसी दुर्घटना की आशंका हो। ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना दें। प्रशासन ने लोगों से मौसम को देखते हुए अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने तथा सावधानी बरतने की अपील की है।

# ईओ नगर पालिका ने नालों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी ने शहर के विभिन्न जल निकासी नालों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी नालों में पानी का बहाव सुचारु रूप से होता पाया गया और जल निकासी में किसी प्रकार की कोई रुकावट नहीं मिली। ईओ ने पक्का पुल से गुदड़ी की ओर जाने वाला नाला, तलैया फजल इमाम से लालदरवाजा और गंगानगर होते हुए टोकाघाट आईएण्डडी की ओर जाने वाला नाला, पीडी महिला डिग्री कॉलेज के पास निर्मित नाला, रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद से ग्राम रमपुरा की ओर जाने वाला नाला, मुख्य मार्ग बीबीगंज से करबला की ओर तथा पल्ला गल्ला मण्डी से पक्कापुल की ओर जाने वाले नाले, आईटीआई से लालगेट पूर्व नवाबगंज बस स्टैंड की ओर जाने वाला नाला, घेरशामू खां से देवरामपुर गुमटी रेलवे की ओर जाने वाला नाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि उपरोक्त सभी नालों में पानी बिना किसी बाधा के बह रहा है। हालांकि, कुछ जगहों पर फ्लोटिंग मटेरियल तैरने वाला कचरा एकत्र पाया गया था।

**पानी का बहाव मिला सुचारु**


नाले का निरीक्षण करते ईओ नगर पालिका

जलभराव की स्थिति से बचने और नालों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए इस कचरे को तत्काल प्रभाव से जेसीबी मशीन के माध्यम से निकलवा दिया गया है।

## 11 पुलिस अधिकारियों का हुआ तबादला

- कुल 11 निरीक्षकों नि. और उप-निरीक्षकों का किया गया है स्थानांतरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। कुल 11 निरीक्षकों नि0 और उप-निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए तबादले किए गए हैं। निरीक्षक रहमत खाँ को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर प्रभारी आईजीआरएस/जनशिकायत प्रकोष्ठ बनाया गया है। निरीक्षक प्रेमचन्द्र को पुलिस लाइन से प्रभारी एएचटीयू नियुक्त किया गया है। निरीक्षक राजेश कुमार सिंह का कोतवाली फतेहगढ़ से पुलिस लाइन स्थानांतरण किया गया है। निरीक्षक प्रमोद कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी यूपी-112 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उप-निरीक्षक संदीप कुमार गौतम को थाना कमालगंज व0उ0नि0 से प्रभारी आयोग सेल भेजा गया है। उप-निरीक्षक मोहित द्विवेदी को थाना मऊदरवाजा से प्रभारी चौकी खुदागंज थाना कमालगंज स्थानांतरित किया गया है। उप-निरीक्षक सुभाष चन्द्र को प्रभारी चौकी खुदागंज थाना कमालगंज से थाना मऊदरवाजा भेजा गया है। उप-निरीक्षक राजेश कुमार यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी नखास कोतवाली फर्रुखाबाद नियुक्त किया गया है। उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी रायपुर थाना मऊदरवाजा भेजा गया है। उप-निरीक्षक शाकिर अली को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी तिकोना कोतवाली फतेहगढ़ की जिम्मेदारी मिली है। उप-निरीक्षक सतीश चन्द्र यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी व्यापारी प्रकोष्ठ/दृष्टि सेल बनाया गया है।

# भारी बारिश से विशाल शीशम का पेड़ व बिजली पोल गिरा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

- मँझना रोड पर आवागमन और बिजली व्यवस्था ठप
- नगर पंचायत द्वारा नाला खुदाई में कट गई थीं पेड़ की जड़ें
- पुलिस, वन विभाग और बिजली टीम ने शुरू कराया राहत व बहाली का कार्य

कस्बा नवाबगंज स्थित मँझना रोड पर एसबीआई बैंक के पास शनिवार को बड़ा हादसा टल गया। पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के चलते एक विशालकाय शीशम का पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिर गया। पेड़ गिरने का मुख्य कारण नगर पंचायत द्वारा खोदे जा रहे नाले से पेड़ की जड़ों का कट जाना भी बताया जा रहा है। पेड़ के साथ बिजली का पोल भी टूटकर सड़क पर आ गिरा, जिससे मँझना रोड पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो गया है। विशालकाय शीशम का पेड़ गिरने से पास स्थित मकान मालिक दुष्यंत कश्यप के घर के साथ-साथ एसबीआई बैंक, दिल्ली टिंबर फर्नीचर, अरविंद प्रताप और नीलेश गंगवार की टीवीएस एजेंसी पेड़ की चपेट में आ गए। पोल गिरने और एलटी तार टूटने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। सड़क किनारे खुदे नाले में अत्यधिक पानी भरे होने और बीच सड़क पेड़-पोल पड़े होने से पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों व मोटरसाइकिल सवारों का निकलना भी असंभव हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को अवगत कराया। थाना प्रभारी ने बिना कोई समय गंवाए तत्काल वन विभाग के दरोगा जहीर खान को सूचित किया। दरोगा जहीर खान और पुलिस टीम कटर मशीनों व मजदूरों के साथ तुरंत मौके पर पहुँची और पेड़ को काटकर रास्ते से हटाने का काम शुरू कराया, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दीपक राम ने बताया कि तारों और पोल के क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति रुकी है। विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए टीम को तत्काल प्रभाव से काम पर लगा दिया गया है और जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।


बीच सड़क पर गिरा भारीभरकम पेड़

## रेलवे अंडरपासों में जलभराव की समस्या

**फर्रुखाबाद।** लोक निर्माण विभाग लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता मुरली धर ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न रेलवे अंडरपासों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कई महत्वपूर्ण रास्तों पर बने रेलवे अंडरपासों में भारी मात्रा में पानी भरा हुआ है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन प्रमुख मार्गों के अंडरपासों का निरीक्षण किया। मोहम्मदाबाद-संकिसा मार्ग पर स्थित रेलवे अंडरपास, मोहम्मदाबाद-नवाबगंज मार्ग के मध्य रोहिला के आगे स्थित रेलवे अंडरपास, मुरास कन्हैया मार्ग के आगे स्थित रेलवे अंडरपास का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियन्ता ने जलभराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने फिरोजाबाद/शिकोहबाद के रेलवे इंजीनियरों को प्राथमिकता के आधार पर पंप लगाकर अंडरपासों से जल्द से जल्द पानी निकालने के कड़े निर्देश जारी किए हैं, ताकि जनता को राहत मिल सके और यातायात सामान्य हो सके।

# 48 घंटे से लगातार मूसलाधार बारिश से अमृतपुर में जनजीवन हुआ बेहाल

- फसलें बर्बाद, दुकानें जलमग्न, पेड़ उखड़े और बिजली व्यवस्था ठप

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**

अमृतपुर तहसील क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही भीषण बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। खेतों से लेकर बाजार और मुख्य मार्ग तक बारिश का पानी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

**दुकानों में घुसा बारिश का पानी, व्यापारियों को भारी नुकसान:** लगातार बारिश का सबसे अधिक असर अमृतपुर कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। सड़क किनारे बनी कई दुकानों में बारिश का पानी पूरी तरह घुस गया, जिससे दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। दुकानों में रखा सामान पानी में भीग गया और कई जगह व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो गया। दुकानदारों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण पानी निकलने का रास्ता नहीं मिल पा रहा है, जिससे नुकसान बढ़ता जा रहा है।

**खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद, आलू किसानों की बढ़ी मुश्किलें:** लगातार बारिश से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खेतों में पानी भरने से कई फसलें प्रभावित हुई हैं और किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। विशेष रूप से आलू किसानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। खेतों में अत्यधिक नमी के कारण आलू की गड़ाई समय पर होना मुश्किल है। बारिश थमने और खेतों की नमी कम होने के बाद ही गड़ाई का काम शुरू हो सकेगा, जिसके चलते आलू की गड़ाई में काफी देरी होने की संभावना है।


पेड़ काटते कर्मचारी व विद्युत लाइन सही करते लाइनमैन


पानी से धान की फसल हुई चौपट

**बारिश और तेज हवाओं में उखड़े विशाल पेड़:** भीषण बारिश और तेज हवाओं के चलते अमृतपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर विशाल पेड़ उखड़कर जमीन पर गिर गए। अमृतपुर-बदायूं मार्ग पर भी कई पेड़ टूटकर सड़क पर गिरने से यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। बाद में पेड़ों को काटकर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद मार्ग पर आवागमन सुचारू हो सका।

**बारिश के कारण 24 घंटे बाद हुआ अंतिम संस्कार:** बारिश का असर आम जनजीवन के साथ अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक प्रक्रिया पर भी पड़ा। अमृतपुर क्षेत्र निवासी अवधेश राठौर का शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे निधन हो गया था। लगातार बारिश और खराब मौसम के कारण उनका अंतिम संस्कार करीब 24 घंटे बाद पांचाल घाट पर किया जा सका।

**24 घंटे से बिजली व्यवस्था चौपट:** लगातार बारिश के कारण अमृतपुर थाना एवं तहसील क्षेत्र में करीब 24 घंटे से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप है। गांव कुतलूपुर के सामने फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर 33 हजार की विद्युत लाइन के दो पोल टूट जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इससे क्षेत्र के कई गांवों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**विद्युत विभाग ने शुरू किया मरम्मत कार्य:** विद्युत विभाग की टीम ने टूटे हुए पोलों को बदलने का काम शुरू कर दिया है। जेई राजेश कुमार ने बताया कि पोल लगाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। कार्य पूरा होते ही क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। लगातार 48 घंटे की बारिश ने अमृतपुर में खेती-किसानी से लेकर व्यापार, यातायात और बिजली व्यवस्था तक को प्रभावित कर दिया है। कस्बे और गांवों में लोग बारिश थमने तथा जलभराव से राहत मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

# पीड़ित फरियादियों की शिकायतें सुन करें कार्रवाईः एएसपी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

▸ अभिलेखों को दुरुस्त रखने और फरियादियों की त्वरित सुनवाई के दिए निर्देश

कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और थानों की कार्यप्रणाली को बेहतर करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना राजेपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। एएसपी के औचक निरीक्षण से थाना परिसर में हड़कंप का माहौल रहा। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति को देखा और उनकी सक्रियता की जांच की। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्प डेस्क का जायजा लिया और वहां आने वाली शिकायतों के निस्तारण की स्थिति जानी। उन्होंने निर्देश दिया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराध से पीड़ित फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। एएसपी ने थाने के मालखाने, हवालात और अपराध रजिस्टर क्राइम बुक समेत विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों रजिस्टरों का बारकी से अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव और अपडेट की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष पेंडिंग कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की ताकीद की। महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए स्थापित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने तैनात महिला पुलिसकर्मियों से बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि थाने पर आने वाली महिला पीड़ितों के साथ शालीनता से व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता से त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी व समस्त स्टाफ को क्षेत्र में गश्त और पिकेट व्यवस्था मजबूत करने, लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करने तथा आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



थाने का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर बना तालाब

**समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।**

गुरुवार शाम से लगातार 50 घण्टे से हो रही बारिश के चलते नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर फिर एक बार तालाब बन गया। जिसके कारण मरीजों और तिमारदारों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। अस्पताल परिसर में जलभराव का मुख्य कारण नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बाहर नाले की सफाई नहीं होने से मामूली सी बारिश होने पर स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव की समस्या बनी हुई है। नगर के उन्नाव हरदोई मार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर बने नाले पर लगभग एक सैकड़ा लकड़ी व लोहे की गुमटी की दुकाने रखकर दुकानदार कब्जा जमाये हुए हैं और दुकानदार सारा कूड़ा करकट नाले में डाल देते हैं। नाले की सफाई व्यवस्था



नगर पालिका प्रशासन की है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन भी नाले की सफाई पर वर्षो से ध्यान नही दे रहा। मामूली सी बारिश होने पर नाले का गंदा पानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भर जाता है स सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। इसके बावजूद अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति पैदा होती है स लेकिन नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई कदम नही उठाया जा सका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते है। अस्पताल जैसे संवेदन शील स्थान पर लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के प्रति जिम्मेदार आला अधिकारियों की उदासीनता उनकी कार्य शैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि जलभराव के कारण गंदगी और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग कर चुके हैं कि समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए नाले पर रखी दुकानों को हटवा कर नाले की पूरी तरह सफाई कराई जाये।

# पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर तुरंत प्राप्त करें लाइसेंस

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

▸ नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर एआरटीओ करेगा दंडात्मक कार्रवाई

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुगम परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश मोटरयान समूहक और वितरण सेवा प्रदाता नियमावली, लागू कर दी गई है। इस नियमावली के कड़ाई से अनुपालन हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय ने जनपद में सक्रिय सभी एग्रीगेटर्स, डिलीवरी सेवा प्रदाताओं और ई-कॉमर्स इकाइयों के लिए अनिवार्य अनुज्ञप्ति लाइसेंस प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसी सभी कंपनियां जो अपने डिजिटल ऐप या प्लेटफॉर्म पर दो पहिया, तीन पहिया ऑटो या चार पहिया वाहनों को ऑनबोर्ड शामिल कर यात्रियों अथवा सामग्री डिलीवरी के परिवहन में लगी हैं वे तत्काल लाइसेंस प्राप्त करें। जनपद की सीमा के भीतर बिना वैध अनुज्ञप्ति के किसी भी वाहन का व्यावसायिक संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कंपनियों और वाहन संचालकों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग द्वारा विशेष पोर्टल विकसित किया गया है। एआरटीओ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सचेत किया है कि यदि कोई भी एग्रीगेटर या डिलीवरी सेवा प्रदाता बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किए जनपद में वाहनों का संचालन करते पाया गयाए तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक व विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जल निकासी व्यवस्था तत्काल बनाये प्रभावी : डीएम

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**

लगातार 36 घंटो से हो रही वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर जल जमाव की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वार्ड नंबर 16 ईदगाह पत्थर कटा कॉलोनी, गांधीनगर वार्ड नंबर 24 आदर्श नगर वार्ड नंबर 3 पीडी नगर वार्ड नंबर 18 में मौके पर पहुंचकर नालों और नालियों में जल निकासी की व्यवस्था, नालियों की सफाई तथा जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया।

मीडिया बन्धुओं से बात चीत करते हुए जिलाधिकारी बताया कि वर्षा के दृष्टिगत नगर पालिका उन्नाव के अंतर्गत 09 स्थानों पर पम्पिंग सेट दो स्थानों पर मड़ पम्प जनरेटर सेट के साथ लगाया गया है। साथ ही



अन्य जल भराव वाले स्थानों पर साकिंग मशीन की भी व्यवस्था है जो कर्मचारियों द्वारा कराई जा रही है। बताया जहां-जहां जल जमाव की दिक्कत है वहां पर तुरंत कार्यवाही की जा रही है नाली और बड़े नालों में फ्लोटिंग पर नजर रखी जा रही है तत्काल फ्लोटिंग निकालने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था को तत्काल प्रभावी बनाया रखा जाए। नालियों एवं नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करते हुए जहां कहीं भी जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल पंप आदि के माध्यम से पानी की निकासी कराई जाए।उन्होंने कहा कि वर्षा के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहें तथा जल जमाव वाले स्थानों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उन्नाव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## बारिश के चलते विद्युत फाल्ट से आपूर्ति बाधित

**पुरवा,उन्नाव।** दो दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश और तेज हवाओं से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। पुरवा कस्बे और दलीगढ़ी फीडर में देर रात से ठप बिजली आपूर्ति करीब 19 घंटे बाद बहाल हो सकी। वहीं मंगतखेड़ा और बेहटा फीडर में भी फाल्ट के चलते करीब 12 घंटे बिजली बाधित रही। सबसे अधिक परेशानी बाजीखेड़ा और चमियानी फीडर के उपभोक्ताओं को उठानी पड़ी। चमियानी फीडर करीब 18 घंटे बंद रहा। दोपहर बाद जैसे-तैसे आपूर्ति बहाल हो सकी। इसके बाद भी फीडरों में ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। लगातार बिजली कटौती से लोगों के घरेलू और अन्य जरूरी काम प्रभावित रहे। उपभोक्ताओं में प्रफुल्ल पटेल ,राजेश ,सुधीर ,रिजवान ने बताया कि बारिश ने बिजली व्यवस्था गड़बड़ा गयी है। सुधार कराए जाने की मांग की है। ताकि फाल्ट व ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं परेशान है अधिशासी अभियंता विमल कुमार ने बताया कि दो दिन से हो रही बारिश और हवाओं के कारण फीडरों में फाल्ट व ट्रिपिंग की समस्या आई थी।

# दो अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस संरक्षण में बाल अपचारी

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअ.सं. 528,2026 धारा 305, 331(4), 317(2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तों को चोरी के सम्पूर्ण माल बरामद किया गया (लाइसेंसी बंदूक, लैपटॉप, साइंटिफिक्र कैलकुलेटर, टैबलेट व ज्वैलरी) सहित गिरफ्तार किया गया तथा घटना में शामिल एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। वादिनी चाँद बीबी पत्नी मुबीनुज्जमा खां निवासी ग्राम अखलाकनगर, निकट राबिया मस्जिद, थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 23.09.2026 की रात्रि को समय करीब 07:30 बजे वह अपने घर में ताला लगाकर रिश्तेदारी में मोती नगर, कानपुर नगर गई थीं। दिनांक 24.09.2026 को सुबह करीब 08 बजे जब वह अपने घर वापस आई तो देखा कि मकान की पीछे की खिड़की की जाली तोड़कर कुछ अज्ञात चोर घर में घुस आए थे तथा दूसरी मंजिल पर बने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर रखी अलमारी से गहने, लैपटॉप एचपी कंपनी, सीरियल नंबर 534495, रंग सफेद-काला, टैबलेट सैमसंग, रंग ग्रे तथा लाइसेंसी एक नाली 12 बोर बंदूक, संख्या भ्ड36772 चोरी कर ले गए हैं। प्राप्त सूचना पर थाना गंगाघाट पर मु.अ.सं. 528,2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बारिश से सड़कें बदहाल, जलभराव से लोग परेशान



**कानपुर।** लगातार हो रही बारिश के चलते शहर की कई सड़कों की हालत बदहाल हो गई है। जगह-जगह जलभराव होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में सड़कें पानी में डूब गई हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। जलभराव के कारण लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि पैदल राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान हर साल यही स्थिति बनती है, लेकिन जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

### गौरव पाल बनें प्रदेश सचिव



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से शहर के गौरव पाल को समाजवादी छात्र सभा की राज्य कार्यकारिणी का प्रदेश सचिव बनाया गया। गौरव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद उनको ये प्रदेश सचिव बनाया गया। गौरव ने बताया कि पार्टी के प्रति लगातार लगनशीलता और संघर्षशीलता के चलते उनको ये पद मिला है। प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर गौरव पाल ने कहा कि पार्टी के छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश सचिव बना कर जो सम्मान दिया उसका पूरी लगन से निर्वहन किया जाएगा समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के नीतियों,विचारों को जन-जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते हुए 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे।

### पिकअप लोडर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, तीन घायल

**पुरवा।** दही-मोहनलालगंज मार्ग पर शनिवार सुबह करीब 10 बजे बैगांव मोड़ और मंगतखेड़ा के बीच तेज रफ्तार पिकअप लोडर ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पुरवा पहुंचाया गया, जहां उपचार किया गया। कोतवाली क्षेत्र के मझखोरिया गांव निवासी बऊवा लोधी अपनी बेटियों सिमरन (9) और वैष्णवी (7) तथा गांव निवासी रामप्रसाद (63) के साथ खेत देखकर ई-रिक्शा से लौट रहे थे। बैगांव मोड़ और मंगतखेड़ा के बीच पीछे से तेज रफ्तार पिकअप लोडर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलट गया और सुमिरन, वैष्णवी व रामप्रसाद घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। चालक पिकअप लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी लाया गया। दोनों बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि रामप्रसाद का उपचार जारी है। चिकित्सक आदर्श सचान ने बताया कि रामप्रसाद का उपचार चल रहा है। सूचना पर दरोगा रामेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कोतवाली पुलिस को हादसे की सूचना दे दी गई थी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी।

### सैनिक बंधु की बैठक आगामी 28 कल

**उन्नाव।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जनपद उन्नाव के समस्त सेवारत सैनिकों पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितो को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक दिनांक 28 सितंबर 2026 को अपराह्न 1बजे कलेक्ट्रेट उन्नाव के पन्नालाल सभागार में आयोजित की जाएगी जनपद में समस्त सेवारत एवं पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी भूमि विवाद पुलिस सुरक्षा व अन्य प्रकार की समस्या से संबंधित प्रार्थना पत्र बैठक में प्राप्त करा दें।

## वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के मोहल्ला नौनिहाल गंज निवासी एक 48 वर्षीय युवक को बाजार जाते समय सड़क पार करते समय संडीला रोड पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसकी नाजुक हालत देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला नौनिहाल गंज काशीराम गाली निवासी विजय कुमार राठौर 48 वर्ष शनिवार सुबह लगभग साथ बजे घर से निकलकर पैदल तिकोनिया तिराहे पर जा रहा था। तभी संडीला मार्ग पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और उनका पुत्र आर्यन उन्हें इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया स जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बिजय कुमार राठौर की हालत काफी नाजुक देख हायर संेटर रेफर कर दिया है।

# बारिश से कच्चे घरों के गिरने का सिलसिला जारी, 22 गिरे

**समृद्धि न्यूज, पुरवा।**

तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से कच्चे घरों के गिरने का सिलसिला जारी है। शनिवार को तहसील प्रशासन को करीब 22 कच्चे घर गिरने की सूचना मिली। वहीं, क्षेत्रीय लेखपालों ने गांवों में पहुंचकर सर्वे कर रिपोर्ट तहसील कार्यालय में सौंपनी शुरू कर दी है।

बारिश से गदोरवा, बरवट, मियाटोला, कटांव ,हिलौली, बनिगांव, बसनोहा, टीकर खुर्द, टीकर कला, कुदरा और चमियानी समेत कई गांवों में कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके पहले बारिश में रामा हिम्मतपुर, हिलौली, बरेंदा, पल्हरी, बनिगांव, मदारपुर, नारायणपुर, महरानीखेड़ा मुंसंडी, तल्हौरी, पाठकपुर, जोतपुर, उचगांवसानी, सरवन, मिर्रीकला, करौली, दरसवा, सुम्हारी खुर्द, रेवला, लंगरपुर, रजवाड़ा, तिवारीखेड़ा और हरदी समेत अन्य गांवों में भी बारिश से कच्चे घर गिर चुके हैं। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने बताया कि लगातार बारिश से शनिवार को करीब 22 घर गिरने की सूचना मिली है। लेखपाल द्वारा सर्वे किया गया ।जिन्हे सहायता राशि मिलेगी । जब कि पूर्व में बारिश से करीब 450 लोगों के कच्चे घर गिर चुके हैं। जिन्हे दैवीय आपदा के तहत सहायता राशि भेजी जा चुकी है। नए मामलों में लेखपालों से सर्वे कराया जा रहा है।

# मकान ढहने से दो भाई मलबे में दबे, एक की मौत

▸ गोपालपुर गांव में हुआ हादसा, बड़ा भाई गंभीर
▸ लेखपाल के खिलाफ आक्रोश

**समृद्धि न्यूज,खागा फतेहपुर।**



कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में शनिवार तड़के करीब चार बजे बारिश से कमजोर हुआ कच्चा मकान भरभराकर ढह गया। हादसे के समय कमरे में सो रहे दो भाई मलबे में दब गए। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आठ वर्षीय आनंद सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसका 11 वर्षीय बड़ा भाई गुड्डू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ऐरायां ब्लॉक के गोपालपुर गांव निवासी रावेंद्र सिंह गुजरात के सूरत में मजदूरी करते हैं। गांव में उनकी पत्नी नीतू सिंह अपने दोनों बेटों गुड्डू व आनंद के साथ कच्चे मकान में रहती थीं। पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण मकान की मिट्टी की दीवारें और छत कमजोर हो चुकी थीं। शनिवार तड़के करीब चार बजे नीतू सिंह दोनों बच्चों को कमरे में सोता छोड़कर मवेशियों को चारा डालने के लिए बाहर चली गईं। करीब बीस मिनट बाद ही अचानक कच्चे मकान की छत भरभराकर ढह गई। तेज आवाज सुनकर नीतू की चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला। आनन-फानन दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने आठ वर्षीय आनंद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में गुड्डू को जिला अस्पताल रेफर किया गया। मृतक आनंद गांव के ही परिषदीय विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था।

# निर्विरोध तेलियानी ब्लॉक अध्यक्ष बने प्रणवीर सिंह

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

तेलियानी ब्लाक सभागार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक तेलियानी के अध्यक्ष पद का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें चुनाव अधिकारी देवा शुक्ला, दिलीप श्रीवास्तव व बलदेव के नेतृत्व में चुनाव कराया गया।

इस दौरान प्रणवीर सिंह व साधना मिश्रा के नामांकन पत्र दाखिल हुए वही चुनाव अधिकारी ने साधना मिश्रा का नामांकन पत्र इसलिए खारिज कर दिया कि उनके प्रस्तावक का नाम मतदाता सूची में नहीं था वही प्रणवीर सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया तो वहीं प्रणवीर सिंह के समर्थकों ने उनका माल्यार्पण कर व मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया। जबकि दूसरी



ओर साधना मिश्रा ने आरोप लगाया कि यह गलत प्रक्रिया हुई है बेवजह उनका नामांकन पत्र खारिज किया गया है इसकी शिकायत वह ऊपर तक करेगी।

हालांकि इस दौरान प्रणवीर सिंह के समर्थकों मे गजब का उत्साह देखा गया और वह अपने निर्विरोध नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष तेलियानी प्रणवीर सिंह का स्वागत किया और मिष्ठान वितरित किया। वही नवनिर्वाचित निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष तेलियानी प्रणवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वह ब्लाक तेलियानी के तमाम शिक्षकों की समस्याओं के लिए पूरी तन्मयता से कार्य करेंगे और कभी शिकायत का मौका नहीं देंगे।

# डीसीएम-ट्रक टक्कर परिचालक की मौत, चालक हुआ घायल


**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित गंगा एक्सप्रेस वे के निकट एक डीसीएम ट्रक व आगे चल रहे ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। जिससे डीसीएम परिचालक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसका चालक घायल हो गया । सूचना पर पहुंची यूपीडा की एम्बुलेंस द्वारा दोनों को इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने परिचालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है ।बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के सुजावलपुर मंडी से डी सी एम में चालक प्याज लादकर लखनऊ को ओर जा रहा था। तभी रात लगभग नौ बजे हादसा हुआ है। बताया जाता है कि डीसएम चालक सौरभ कुमार पुत्र बलराम निवासी जाफरपुरा ऊसराहार जनपद इटावा अपने साथी परिचालक इटावा जनपद के भरथना क्षेत्र के नेवड़ी कला निवासी शिवम कुमार 20 वर्ष पुत्र अतर सिंह के साथ डीसीएम ट्रक में मध्य प्रदेश के सुजावल पुर मंडी से प्याज लादकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से लखनऊ की और जा रहा था। तभी शुक्रवार रात लगभग 9 बजे थाना बेहटा मुजावर अन्तर्गत एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 253 गंगा एक्सप्रेस वे के निकट आगे चल रहे ट्रक पीछे से डीसीएम घुस गई।

## कच्ची दीवार गिरने से 47 वर्षीय महिला घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुनिहा बंगर में एक कच्ची दीवार का हिस्सा गिरने से उसकी चपेट में आकर 47 वर्षीय महिला मलवे में दब गई। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत खतरे से बाहर बताया है। क्षेत्र में दो दिनों से लगातार रुककर हो रही बारिश के चलते क्षेत्र के ग्राम जमुनिहा बंगर में एक घर की कच्ची दीवार गिर जाने से मलवे में महिला दब जाने से घायल हो गई। बताया जाता है कि मानसिंह की पत्नी विमला देवी 47 वर्ष सुबह अपने घर में सफाई कर रही थी। तभी एक कच्ची दीवार का कुछ हिस्सा उसके ऊपर गिर गया और वह मलवे में दब गई स आवाज सुनकर परिजन दौड़ पड़े और मलवा हटाकर महिला को बाहर निकाल कर उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये।

## कोटा आवंटन प्रक्रिया पुनः करने की ग्रामीणों ने उठाई मांग



**फतेहपुर।** मलवां थाने के ग्राम सभा नसीरपुर बेलवारा के रहने वाले हिम्मतनारी संघ समूह खानपुर के सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान इन लोगों का कहना था कि उनके यहाँ अधिकारियों द्वारा कोटा आवंटन किया जा रहा है जिस पर प्रार्थीगणों के समूह द्वारा कोटा प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया था परंतु प्रार्थी गणों के दस्तावेज में कमी निकालकर आवेदन निरस्त कर दिया गया और सरस्वती महिला समूह गडरियन पुरवा को कोटा आवंटित कर दिया गया। प्रार्थीगणों ने आरोप लगाया कि उनका समूह कोटा प्राप्त करने के लिए पूर्ण रूप से योग्य है ऐसी स्थिति में कोटा वितरण में हुई प्रक्रिया को निरस्त किया जाए और नसीरपुर बेलवारा में पुनः उच्च अधिकारियों द्वारा कोटा वितरण प्रक्रिया की जाए ताकि साफसुथरी प्रक्रिया संपन्न हो सके। इस अवसर पर प्रीति देवी, निर्मला, शिल्पा, सांवलिया, रीता देवी, संध्या, शिल्पा, गुड़िया देवी, कमला देवी, ज्ञानमती, अनिल कपूर, रामवती, मालती, सन्नो, रन्नो,रोशनी, ओमप्रकाश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# टेंडर विवाद पर हंगामा, पार्षदों ने नगर आयुक्त से मांगा जवाब


**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**

नगर निगम सदन की बैठक में कथित 594 करोड़ रुपये के टेंडर घोटाले और विभिन्न कमेटियों को भंग किए जाने के मुद्दे पर पार्षदों ने जमकर सवाल उठाए। पार्षदों ने नगर आयुक्त से मांग की कि पूरे मामले में अधिकारियों और पार्षदों की भूमिका स्पष्ट की जाए और सदन के सामने तथ्य रखे जाएं। बैठक के दौरान भाजपा के बागी पार्षद विकास जायसवाल ने विरोध जताते हुए कहा कि सदन की बैठक कार्यकारिणी के चुनाव के लिए बुलाई गई है, चर्चा के लिए नहीं। इस पर महापौर ने स्पष्ट कहा कि सदन में चर्चा जरूर होगी, क्योंकि पूरा शहर बदहाल है और जनहित से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही तय होना जरूरी है। कांग्रेस पार्षद दल के नेता सुहेल अहमद ने कहा कि 594 करोड़ रुपये के टेंडर घोटाले की बात सामने



आ रही है, लेकिन पार्षदों को ही दोषी ठहराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सदन में अधिकारियों और पार्षदों की जिम्मेदारी स्पष्ट करने की मांग की। उनका कहना था कि नियम अधिकारी बनाते और बदलते हैं, ऐसे में यह भी बताया जाना चाहिए कि इस पूरे मामले में पार्षदों की भूमिका क्या है। वहीं, सपा पार्षद रजत कौशिक बाजपेई ने नाला सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर में नालों की सफाई की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है। लेकिन समस्या सामने आने पर कभी ठेकेदार तो कभी पार्षदों को जिम्मेदार बताया जाता है। उन्होंने व्यवस्था में पारदर्शिता और जिम्मेदारी तय करने की मांग की। बैठक के दौरान निष्कासित पार्षद पवन गुप्ता के सदन में पहुंचने को लेकर भी चर्चा का माहौल बना रहा। नगर निगम सदन की बैठक में आरोप-प्रत्यारोप के बीच शहर की बदहाल व्यवस्था, टेंडर प्रक्रिया और अधिकारियों की जवाबदेही प्रमुख मुद्दे बने रहे।

### बारातशाला में कब्जे के मुद्दे पर भाजपा-सपा पार्षदों में बहस



**कानपुर।** नगर निगम सदन की बैठक के दौरान बारातशाला में कथित कब्जे के मुद्दे को लेकर भाजपा और सपा पार्षद आमने-सामने आ गए। चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई और माहौल इतना गरमा गया कि मामला कथित तौर पर मारपीट तक पहुंचने की नौबत आ गई। विवाद बढ़ता देख सदन में मौजूद वरिष्ठ पार्षदों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को शांत कराया। वरिष्ठ पार्षदों के बीच-बचाव के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। इस दौरान सदन में कुछ समय के लिए हंगामे का माहौल बना रहा और बैठक की कार्यवाही भी प्रभावित हुई। पार्षदों ने बारातशाला में कथित कब्जे के मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, सदन में हुए विवाद को लेकर नगर निगम प्रशासन से भी व्यवस्था बनाए रखने और जनप्रतिनिधियों के बीच मर्यादित संवाद सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई गई। इस खबर में यह खबर में तीनों फोटो जरूर लगा दें।



### बारिश का कहर, स्कूल बंद, कई इलाके जलमग्न

**कानपुर।** कानपुर में पिछले दो 48 घंटो से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए कानपुर और आसपास के जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन कानपुर नगर समेत उन्नाव, कानपुर देहात और फतेहपुर जिले में आज कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं। शहर के प्रमुख इलाके पानी में डूबे लगातार बारिश से शहर के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। किदवई नगर, गोविंद नगर, बर्रा, यशोदा नगर, जूही, दामोदर नगर और साकेत नगर समेत कई पॉश इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। सड़कों पर 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है, जिससे लोगों के घरों में पानी घुस गया है। नगर निगम की टीमें पानी निकासी में लगी हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें।

## खबरें एक नजर में

### डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न

**सादात/गाजीपुर।** डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की तीन दिवसीय परीक्षा शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज सादात में सम्पन्न हुई। तीसरे और अंतिम दिन प्रथम पाली में हिंदी, संस्कृत व उर्दू की परीक्षा हुई । जबकि द्वितीय पाली में कम्प्यूटर की परीक्षा कराई गई। कालेज की प्रधानाचार्या मंजू प्रकाश ने बताया कि उनके केंद्र पर सत्र 2023 हिंदी की परीक्षा देने 23 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जबकि छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सत्र 2024 की हिंदी में 246 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सत्र 2023 संस्कृत में 16 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। अनुपस्थित 6 रहे। सत्र 2024 संस्कृत में 237 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 8 अनुपस्थित रहे। सत्र 2023 कम्प्यूटर में 16 उपस्थित और 6 अनुपस्थित रहे। सत्र 2024 कम्प्यूटर में 246 उपस्थित और 8 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पहले दिन नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न हुई।

### 76.02 लाख की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना हुई अनुमोदित

**महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना की विभिन्न परियोजनाओं का बैठक में अनुमोदन हुआ।76.02 लाख की परियोजना जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, पपीता पांच पांच हेक्टर, केला 8 हेक्टेयर , लीची एक हेक्टर, शंकर शाक भाजी 15 हेक्टेयर,ओपन पोलिनेटेड वेजिटेबल 25 हेक्टेयर,प्याज 75 व लेहसुन 75-75 हेक्टेयर,ग्लेडियोलस 2 हेक्टेयर, धनिया 5 हेक्टेयर,हल्दी 3 हेक्टेयर, सिंघाड़ा 1 हेक्टर, मशरूम इकाई एक,मचान 25 हेक्टेयर, घेराबंदी 2800 रनिंग मीटर,फ्रूट कभर 15 हैक्टेयर,मौन पालन इकाई 2, पावर ट्रिलर 1 हॉर्स पावर, टिलर 8 बी एच पी से अधिक 1,इको फ्रेंडली लाइट ट्रैप 40, तथा 50 किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं एक गोष्ठी शामिल है।जिसका अनुमोदन हुआ। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डी डी ओ, पी डी,डीएफओ, ट्रेजरी ऑफिसर, डी सी एनआरएलएम, डी डी एजी,डी ओ, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र वसूली, मंडी समिति सचिव, डीडीएम नाबार्ड एवं एल डीएम तथा 25 किसान उपस्थित रहे।

### आध्यात्मिक कार्यक्रम में सद्गुरू की सेवा का आह्वान

**गाजीपुर।** नगर पंचायत सादात में विहंगम योग संत समाज का एक दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वार्ड एक निवासी सुभाष चंद्र गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उमरहा के साधक पुरोहित आयुष तिवारी ने एक कुंडीय यज्ञ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुंबई के उपदेष्टा शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, अहंकार और तृष्णा मनुष्य को निरंतर प्रभावित करते हैं। सद्गुरु से प्राप्त ब्रह्मज्ञान के माध्यम से ही इन विकारों पर विजय पाई जा सकती है। मुख्य अतिथि आयुष तिवारी ने भक्तों से तन, मन, धन और वचन से सद्गुरु की सेवा करने का आह्वान किया। पूर्व जिला संयोजक ओमप्रकाश राम ने कहा कि परमात्मा सर्वत्र विद्यमान हैं, लेकिन सद्गुरु के ज्ञान के बिना उनकी अनुभूति संभव नहीं। इस अवसर पर वसंत श्रीवास्तव और वेचू लाल गुप्ता ने भजन प्रस्तुत किए। संचालन जिला उपदेष्टा केशव सिंह यादव ने किया। आयोजक सुभाष चंद्र गुप्ता ने सभी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, आरती और शांति पाठ के साथ हुआ। इस दौरान रामचंद्र भारद्वाज, लल्लन भारद्वाज, जनार्दन मिश्रा, श्रवण कुमार, इंद्रजीत भारद्वाज, उमेश चंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कच्चे मकान की दीवार गिरने से बालिका व किशोरी घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र में दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण हथेड़ा गांव में शनिवार की सुबह कच्चे मकान की दीवार गिरने से बालिका व किशोरी उसके नीचे मलबे में दबकर घायल हो गईं। घायलों में एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार हथेड़ा गांव निवासी रमेश की 13 वर्षीय पुत्री रविता अपनी ननिहाल आई ददरी गांव निवासी 17 वर्षीय खुशबू के साथ कच्चे मकान की दीवार के पास बैठी थी, तभी अचानक दीवार भरभराकर गिर गई और दोनों उसके मलबे में दब गईं।चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को दीवार के मलबे से बाहर निकाला और निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद 13 वर्षीय रविता की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक विमल कुमार ने रेफर कर दिया, जबकि खुशबू का इलाज हलिया में ही चल रहा है।इस संबंध में चिकित्सक विमल कुमार ने बताया की कच्चे मकान की दीवार गिरने से मलबे में दब कर घायल होकर आई बालिका को रेफर कर दिया गया है।

### जहरीले जंतु के काटने से महिला की हालत बिगड़ी, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के बरी गांव में शुक्रवार की रात्रि में घर के अंदर चौकी पर सो रही एक महिला को किसी जहरीले जंतु ने बाये हाँथ के अंगुली में काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।जानकारी के अनुसार बरी गांव निवासी मनीष कुमार की 50 वर्षीय पत्नी विमला देवी घर के अंदर चौकी पर सो रही थी, तभी किसी जहरीले जंतु ने उसके बाएं हाथ की अंगुली में काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी।परिजन पहले उसे दवा पिलाने के लिए हथेड़ा गांव स्थित बैद्य के पास ले गए, लेकिन हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जहां चिकित्सक विमल कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

# भारी बारिश से बढ़ी किसानों की मुश्किलें धान की तैयार फसल पानी में ढ्ही



**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

इस जिले में कई दिनों से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है । वर्षा के साथ चल रही तेज हवा के झोकों ने लोगों की आवाजाही को प्रभावित कर दिया है । खासकर किसानों की तो बहुत मश्किल भारी स्थिति पैदा हो चली है । खेतों में पककर तैयार धान की फसल बारिश और हवा के कारण जमीन पर ढह गई है , तो गन्ने की फसल भी ज्यादातर खेतों में जमीन पर आ गयी है। लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन को लेकर भी किसान चिंतित हैं। इस जिले में 24 सितंबर से शुरू हुई बारिश का सिलसिला अभी जारी है । बारिश बैंड होने का नाम नहीं ले रही । बारिश के साथ चल रही तेज हवा ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी। जिन खेतों में धान की फसल पक कर कटाई के लिए तैयार थी, वहां तेज हवा और पानी के कारण फसल खेत में बिछ गई। किसानों का कहना है कि गिरी हुई धान की फसल को उठाकर कटाई करना मुश्किल होगा। अधिक समय तक पानी में रहने पर दाने के खराब होने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।

# कुशीनगर में ऑरेंज अलर्ट के दृष्टिगत आमजन के लिए एडवाइजरी जारी

- अगले दो दिनों में मध्यम से तीव्र गति की वर्षा की संभावना,
- आकाशीय बिजली व जलभराव से बचाव की अपील

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद कुशीनगर ऑरेंज अलर्ट में है। अगले दो दिनों में मध्यम से तीव्र गति की वर्षा होने की संभावना को देखते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक एडवाइजरी जारी की गई है।अपर जिलाधिकारी (विश्राश) पवन कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम विभाग की चेतावनियों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। आकाशीय बिजली से बचाव के संबंध में नागरिकों से अपील की गई है कि आकाशीय बिजली गिरने की सूचना अथवा संभावना के दौरान कच्चे एवं जीर्ण-शीर्ण मकानों में रहने से बचें। सुरक्षित स्थान उपलब्ध न होने पर पंचायत भवन आदि सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। बादलों के गरजने एवं चमकने के समय घरों से बाहर न निकलें तथा सुरक्षित स्थान पर रहें। यदि रास्ते में अचानक बादल गरजने एवं चमकने की स्थिति उत्पन्न हो तो तत्काल नजदीकी सुरक्षित स्थान पर रुकें। बारिश के दौरान पेड़ों के नीचे किसी भी दशा में शरण न लें। विद्युत पोल, खुले विद्युत तारों एवं अन्य विद्युत उपकरणों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें तथा टीवी एवं रेडियो के माध्यम से मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करते रहें। आकाशीय बिजली से सुरक्षा एवं बचाव के लिए दामिनी ऐप का प्रयोग करने की अपील की गई है। दामिनी ऐप के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की संभावित जानकारी समय रहते प्राप्त की जा सकती है। इसका उपयोग कर स्वयं एवं अन्य लोगों को सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है। इसके साथ ही कच्चे मकानों के आसपास जलभराव न होने दें।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 211 दिव्यांगजनों को वितरित किए गए सहायक उपकरण



**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 17 सितम्बर, 2026 से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम राजकीय संकेत मूक-बधिर बालिका इण्टर कॉलेज, रविन्द्रनगर, कुशीनगर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 211 दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, स्मार्ट केन आदि सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसके साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत शादी अनुदान योजना के स्वीकृति पत्र तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के सफल प्रशिक्षणार्थियों को सम्मान प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में माननीय सांसद, कुशीनगर विजय कुमार दूबे, माननीय विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा एवं माननीय सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग फूलबदन कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर अभय पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कुशीनगर, सुयश कुमार दुबे, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कुशीनगर, राकेश कुमार, डी0सी0 मनरेगा तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं अन्य पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।

## अल्लूचा इन्फोटेक प्रतिष्ठान का हुआ भव्य उद्घाटन



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** शनिवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल एवं 318 सदर विधानसभा समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी निर्मेष मंगल ने गबडुआ में आज अल्लूचा इंफोटेक के नए प्रतिष्ठान का फीता काटकर प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर अध्यक्ष ने प्रतिष्ठान के संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आधुनिक समय में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। इस प्रतिष्ठा से सेवा प्राप्त कर तमाम जरूरतमंद लाभान्वित हो सकेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला, समाजवादी पार्टी के नेता आमिर खान एवं वॉर्ड की सम्मानित जनता मौजूद रहे।

## अटल चौक के राजा गणेश जी की भव्य विसर्जन यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**

अमरावती चौराहा (अटल चौक) विंध्याचल में श्री गणेश महोत्सव पूजा समिति की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव का शुक्रवार देर रात गणेश जी की प्रतिमा के भव्य विसर्जन के साथ समापन हुआ। अटल चौक से निकली विसर्जन शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के साथ समिति के पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता शामिल हुए। ढोल-ताशे और डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा में भक्ति गीतों पर कन्याओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही कलाकारों ने भी विभिन्न भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना चौक पर की जनसुनवाई

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**




आमजन की राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज आयोजित 'थाना समाधान दिवस' के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ द्वारा थाना चौक पर जनसुनवाई की गई।जनसुनवाई के दौरान एडिशनल एसपी द्वारा थाने पर आए पीड़ितों व आमजनमानस की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।

भूमि विवाद एवं पैमाइश से संबंधित प्रकरणों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर न्यायसंगत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।थाना स्तर पर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता से शालीन व्यवहार करने तथा महिला सुरक्षा व जनशिकायतों पर तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।और प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी, निष्पक्ष एवं निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

# पोषण अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

- बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**

पोषण अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन तथा हेल्दी बेबी प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इसी क्रम में माननीय पूर्व विधायक जमानियां श्रीमती सुनीता सिंह जी द्वारा ग्राम सभा गरूआ मकसूदपुर एवं भागीरथपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं अभिभावकों को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता तथा बच्चों के उचित पोषण के संबंध में जानकारी दी गई।

वहीं ग्राम सभा फुली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कंचनपुर में पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार को आवश्यक बताया गया। इसी प्रकार ग्राम सभा करमहरी में महिला मोर्चा की सदस्य की सहभागिता से गोद भराई, अन्नप्राशन एवं हेल्दी बेबी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों के स्वास्थ्य, साफ-सफाई, पोषण एवं शारीरिक विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया गया।

उपस्थित महिलाओं को गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए पौष्टिक आहार तथा बच्चों को समयानुसार पूरक आहार देने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# जल शक्ति मंत्री ने कॉलोनी निर्माण परियोजना का किया शिलान्यास

- नारायणी नदी के दाएं तट पर निर्मित स्पर निर्माण का हुआ लोकार्पण

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



स्वतंत्र देव सिंह जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुक्रवार देर शाम निरीक्षण भवन गोरखपुर परिसर में जनपद महाराजगंज में सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियो के लिए कॉलोनी निर्माण की परियोजना का शिलान्यास किया गया।तथा नारायणी नदी के दाएं तट स्थित स्पर संख्या एक एवं बी गैप कॉलोनी के परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया । इस दौरान अधीक्षण अभियंतागण एवं अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड द्वितीय राजीव कपिल आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद मुख्यालय स्थित सिंचाई विभाग परिसर में कई दशक पूर्व निर्मित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास काफी दयनीय स्थिति में पहुंच गए हैं। और कई वर्षों से इसका आवासीय प्रयोग नहीं हो रहा है। ऐसे मे लंबे समय से सिंचाई कर्मियों के लिए आवास निर्माण की मांग विभागीय स्तर पर जारी था। इन स्थितियों के बीच सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 45 आवास बनाए जाने का शिलान्यास होने से कॉलोनी के निर्माण के का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जिससे सिंचाई कर्मियों को आगामी दिनों में आवास उपलब्ध होगा। जिससे सुविधा का विस्तार होगा। वहीं बी गैप कॉलोनी का निर्माण से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रहने के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगा। अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड द्वितीय श्री कपिल के अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रहने के लिए निर्मित होने वाले कॉलोनी से सुविधा का विस्तार होगा। वहीं नारायणी नदी के दाएं तट पर स्पर निर्माण से नारायणी नदी के बंधे की तरफ बढ़ रहे कटान से बचाव की स्थिति बनेगी और इससे नेपाल व भारत के कई ग्रामों को बाढ़ से सुरक्षा मिलेगी।

# अविनाश कुमार सिंह की 23वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**



जनपद के बाराचंवर ब्लाकमुख्यायल पर स्व0अविनाश कुमार सिंह सभागार मे शनिवार के दिन भाजपा नेता स्व0अविनाश कुमार सिंह की सर्वदलीय 23वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि लोगो ने दी।वक्ताओं ने एक स्वर मे अपने सम्बोन मे कहा की भाजपा नेता स्व0सिंह एक नेक दिल ईशांन थे वे गरीबो मजलूमो के सच्ची हितैषी रखने वाले थे,उनके पास जो आया उसको कभी निराश नही होने देते थे।सुबह से शाम तक गरीबो की सेवा ही उनकी दिन चर्या थी।उनसे जो मिलता था उसका हाल चाल पुछ्ना चाय पिलाना तथा अपनी पाकेट से डायरी निकालकर उस व्यक्ति का नाम तथा पता लिखना था।26सितंबर सन 2004को बाराचंवर चटटी पर चाय की दुकान पर अपने साथियों के साथ बैठे थे हत्यारे आये और उन्ही से उनका पता पुछे उन हत्यारो का भी हाल चाल पुछे और चाय पिलाये चाय पिते ही भाड़े के शुटरो ने कमर से पिस्टल निकाल कर गोलियों से भून डाले उस दौरान वहा पर तीन लोगो को और गोलियां लगी थी जिसमे बाराचंवर निवासी दिनेश कुशबाहा, दिलशादपुर गांव निवासी रामाकांत सिंह,और राजनेत राजभर को भी छरा लगा था लेकिन वे तीनो लोग बाल बाल बच गये। एक बार हर साल की भांति ब्लाक परिसर मे उनकी प्रतिमा लगाने पर चर्चा जोर दार ढ़ग से हुई।तथा एक समिति बनाने का निर्णय भी हुआ।इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह,कृष्णानन्द राय,श्रीप्रकाश राय,वेदप्रकाश सिंह,काग्रेसी नेता जनार्दन राय,सपानेता वीश्राम यादव,नन्दलाल सिंह,अरविंद यादव कमलेश,आषुतोष सिंह दीपक,पूर्व ग्रामप्रधान प्रधान राघवेन्द्र सिंह ऊर्फ लालू, दीपक उपाध्याय,देवेन्द्र कुमार सिंह, प्रधानसंघ ब्लाक अध्यक्ष योगेन्द्र पाल, असलम अंसारी, विजयनारायण शर्मा, मुनेश्वर राम, दयाशंकर चर्तुवेदी, बासुदेव प्रसाद गुप्ता, सत्येन्द्र कुमार सिंह,पूर्व प्रधान मुरलीधर सिंह,हरेन्द्र यादव,ग्रामप्रधान पप्पू खां, पारसनाथ सिंह,अजय गुप्ता, सत्यम वर्मा,बृजेश कुशबाहा,यशवन्त पाण्डेय, अर्जुन चौहान,विष्णु कमलापुरी, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता विरेन्द्रनाथ राय ने किया तथा संचालन शिवजी सिंह ने किया।कार्यक्रम के अंत मे उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी।कार्यक्रम मे आये हुए लोगो के प्रति ब्लाक प्रमुख(प्रसासक)ब्रजेन्द्र सिंह ने आभार प्रकट किया।

## 3 दिन से हो रही आफत की बारिश के चलते प्रशासन अलर्ट मोड में

- तटबंधों के निरीक्षण व बाढ़ के पूर्व बचाव उपायो की समीक्षा में जुटे डीएम

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**



बंगाल की खाड़ी में बने गहन अवदाब के कारण तीन दिनों से जिले मे बारिश का दौर जारी है। लगातार बारिश होने से गंडक,राप्ती, रोहिन एवं महाव नाला का जलस्तर बढ़ना जारी है। जिसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है।शनिवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने फरेंदा तहसील क्षेत्र में नदियों के जलस्तर का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त किया और बेलसर रिगौली तटबंध का निरीक्षण किया। और फरेंदा तहसील मे अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ बचाव की तैयारी की जानकारी प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि नारायणी नदी के जलस्तर बढ़ने से गंडक नदी किनारे के क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा के बाबत तहसील प्रशासन एवं एनडीआरफ आदि टीमों को सतर्क किया गया है। बाढ़ की स्थिति बनने के पूर्व उस क्षेत्र के निवासियों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया जाएगा। तीन दिनों से लगातार हो रहे बारिश के बीच अभी बारिश के और अपडेट मिल रहे हैं।ऐसे में सभी उप जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के लोगों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। दूसरी तरफ तेज हवा के साथ रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के साथ तेज हवा चलने के कारण तमाम पेड़ विद्युत पोलों एवं तारों पर गिरे हैं जिनके कारण उन क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर सभी स्कूलों में छुट्टी किया जा चुका है और लोगों को जिला प्रशासन द्वारा दिए जा रहे हैं सुझाव एवं जानकारी पर अमल करने को को कहा गया।